राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 13 अप्रैल 2026
वर्ष 07, अंक 190, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

मऊ गांव में हंसवा ड्रेन की पटरी पर खड़े बेशकीमती सरकारी पेड़ों पर वन माफियाओं ने चलाया आरा...03

हिजबुल्लाह के बहाने पूरे गांव तबाह? इजराइल की कार्रवाई पर मानव अधिकार संगठनों ने उठाए सवाल..12

# सुरों की जादूगरनी आशा भोसले का निधन, संगीत जगत में शोक

● 92 वर्ष की आयु में दिग्गज गायिका आशा भोसले का निधन हो गया, जिससे भारतीय संगीत के एक स्वर्ण युग का अंत हो गया।

● अपने आठ दशकों के करियर में, उन्होंने 12,000 से अधिक गाने और 8 दशकों का करियर, सुरों की जादूगरनी ह्यद्बड्ड क्चद्धशह्यद्यद्ग ने हर शैली में बिखेरा जलवा

भारतीय संगीत जगत की सबसे प्रभावशाली आवाजों में से एक, आशा भोसले का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। सुरों और मौलिकता के अद्भुत मेल के लिए जानी जाने वाली आशा जी ने आठ दशकों तक संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज किया। आइए उनके जीवन के कुछ सुनहरे पहलुओं पर नजर डालते हैं:

**करियर की शुरुआत**

आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर, 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में शास्त्रीय गायक पंडित दीनानाथ मंगेशकर के घर हुआ था। महज 9 साल की उम्र में पिता के निधन के बाद, उन्होंने अपनी बड़ी बहन लता मंगेशकर के साथ फिल्मों में गाना शुरू किया। 1943 में मराठी फिल्म 'माझा बाल' से उन्होंने अपना पहला गाना रिकॉर्ड किया। हिंदी सिनेमा में उनकी शुरुआत 1948 में फिल्म 'चुनरिया' के गीत 'सावन आया' से हुई थी।

**बहुमुखी प्रतिभा की मिसाल थीं आशा**

आशा जी अपनी सुरीली आवाज और हर तरह के गाने गाने की क्षमता के लिए प्रसिद्ध थीं। उन्होंने फिल्म संगीत, पॉप, शास्त्रीय, भजन, गजल, कव्वाली और रवींद्र संगीत जैसी विभिन्न शैलियों में महारत हासिल की। उन्होंने 20 से अधिक भाषाओं में 12,000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए। म्यूजिक आइकन्स के साथ जुगलबंदी की बात करें तो पचास से सत्तर के दशक के स्वर्णिम युग में उन्होंने मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और आर.डी. बर्मन जैसे दिग्गजों के साथ मिलकर संगीत के नए मानक स्थापित किए।

**प्रमुख उपलब्धियां और सम्मान**




आशा भोसले के योगदान को देश और दुनिया ने कई बड़े सम्मानों से नवाजा गया, इनमें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार (2000), पद्म विभूषण (2008), 1981 में 'उमराव जान' (दिल चीज क्या है) और 1987 में 'इजाजत' (मेरा कुछ सामान) के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार शामिल है।

**सदाबहार नगीने और आधुनिक दौर से तालमेल**

उनकी गायकी की रेंज इतनी बड़ी थी कि उन्होंने एक तरफ 'इन आंखों की मस्ती' जैसी गंभीर गजलें गाईं, तो दूसरी तरफ 'पिया तू अब तो आजा' और 'ये मेरा दिल' जैसे जोशीले कैबरे गीतों में जान फूंक दी। 90 के दशक में भी उन्होंने ए.आर. रहमान के साथ 'रंगीला रे' और 'तन्हा तन्हा' जैसे गानों के जरिए युवाओं के बीच अपनी लोकप्रियता बनाए रखी। 2013 में उन्होंने फिल्म 'माई' में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर काम किया, जहां उनके अभिनय की भी काफी सराहना हुई।

**अंतरराष्ट्रीय पहचान**

भोंसले की लोकप्रियता भारत तक ही सीमित नहीं थी। 1997 में ब्रिटिश बैंड 'कॉर्नरशॉप' ने उन्हें समर्पित गाना 'ब्रिमफुल ऑफ आशा' रिलीज किया था, जो यूके के चार्ट्स में टॉप पर रहा। आशा भोसले भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन अपनी जादुई आवाज और सदाबहार गीतों के जरिए वे हमेशा अपने प्रशंसकों के दिलों में जीवित रहेंगी।

**आशा भोसले ने हर किसी को दिया सम्मान**

सुनाम साल्वे, जिन्होंने भोसले के घर पर चार दशकों से भी ज्यादा समय तक काम किया, वो उन्हें एक दयालु मालकिन के रूप में याद करती हैं। साल्वे ने कहा, 'मैंने उनके घर पर लगभग 40 साल तक काम किया। वो हमेशा मेरे साथ सम्मान से पेश आई। मेरे जैसे व्यक्ति के लिए, जो एक गरीब पृष्ठभूमि से आता है, इसका मतलब सब कुछ था।'

## मामलों के लंबित रहने के लिए केवल न्यायाधीशों को दोष न दें: न्यायमूर्ति अमानुल्लाह



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने शनिवार को कहा कि भारत में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या के लिए केवल न्यायाधीशों को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि न्याय में देरी अक्सर वकीलों की बहस और कानूनी प्रक्रिया के तरीके से प्रभावित होती है। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा, ''न्यायाधीश और मामले के निपटारे की दर के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। यह वकीलों पर निर्भर करता है कि वे कितनी देर तक बहस करना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था में देरी के लिए वकीलों और कानूनी पेशे से जुड़े लोगों को भी आत्ममंथन करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि लंबी-लंबी बहसें करना और बार-बार तारीख लेना जैसी आदतें मामलों के निपटारे में देरी का कारण बनती हैं, इसलिए इन पर विचार कर सुधार करना जरूरी है।

'वैश्वीकरण के युग में मध्यस्थता' विषय पर आईसीए के पांचवें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि न्यायाधीश पहले से ही प्रतिदिन बहुत बड़ी संख्या में मामलों की सुनवाई करते हैं।

उन्होंने कहा, ''निचली अदालत के स्तर पर, किसी भी न्यायाधीश के पास प्रतिदिन 400-500 से कम मामलों की सूची नहीं होती है। उच्च न्यायालयों में यह संख्या और भी अधिक है।''

उन्होंने कहा कि हालांकि न्यायाधीशों को तय घंटों के लिए अदालत में बैठना और उनके सामने सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई करना अनिवार्य है, लेकिन वे वकीलों द्वारा की गई बहस के समय को हमेशा कम नहीं कर सकते।

न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि हालांकि न्यायाधीश कभी-कभी वकीलों को अपनी दलीलों को दोहराने से रोक सकते हैं, लेकिन वे उन्हें अपना मामला पूरी तरह से प्रस्तुत करने की अनुमति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शहर के लोगों को नहीं मिल पा रहा है आरो वाटर, खराब पड़े प्लांट



**सिद्धार्थनगर/**नगर पंचायत बिस्कोहर में स्टेट बैंक के सामने आरो पानी का टंकी लगाया गया था। की स्वच्छ जल पीने का कार्य होगा लेकिन बैंक के सामने एक आरो पानी का टंकी लगा है वह भी खराब पड़ा हैं, जबकि अप्रैल माह में भीषण गर्मी से लोग पानी पीने के लिए तरस रहे हैं। जो मेन रोड से होकर पुरानी बैंक रोड गया है उसी पर स्थित है पूरब तरफ एक आरो टंकी पानी लगा है। जो कुछ महीनों से खराब पड़ा है आने जाने राहगीरों को पानी पीने के लिए संकट हो जाता हैं। कई महीनों से आरो पानी टंकी खराब पड़ा है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी अखिलेश दीक्षित का कहना हैं कि वहां लगा आरो खराब है यह जानकारी नहीं था, उसे जल्द ठीक करा दिया जायेगा।

### बिस्कोहार में भाजपा ने चलाया 'गांव बस्ती चलो' अभियान



**सिद्धार्थनगर/**गांव बस्ती चलो अभियान को लेकर इटवा विधान सभा क्षेत्र में ग्राम महुवा पाठक एवं अगया गांव बेलवा मण्डल में मुख्य अतिथि जयवर्धन तिवारी अपने साथियों के संपर्क अभियान अंतर्गत डोर टू डोर सबके घर घर पहुंच कर सरकार के उपलब्धियों को जनता के बीच गिनया। और चौपाल कार्यक्रम को गांव-गांव में संबोधित करते हैं। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया, इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रामकृपाल चौधरी, पूर्व जिला मंत्री कौशल किशोर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक पाठक, प्रधान भारत विश्वकर्मा, सेक्टर प्रमुख राकेश मौर्या, वासुदेव यादव, बद्री गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सूरज यादव, प्रधान राजू दुबे, प्रधान गिरधारी सोनी, उषा चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## MBA और BBA स्टूडेंट साइबर ठग, निकले, 2 लाख का चूना लगाने का आरोप



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बागपत पुलिस ने साइबर ठगी का खुलासा किया है. ये गैंग छोटा मोटा नहीं है बल्कि इस गैंग के सभी सदस्य हाई एजुकेटेड हैं. कोई एमबीए तो कोई बीबीए स्टूडेंट है. यहीं नहीं इस गैंग के कुल 8 सदस्यों में सभी अच्छे परिवारों से हैं. ये गैंग वेबसाइट के जरिए साइबर ठगी को अंजाम देता था. इस गैंग पर दो लाख की साइबर ठगी का आरोप है. पुलिस ने इनके पास से मोबाइल, लैपटॉप, तमंचे, कार, सिम समेत अन्य काफी सामान भी बरामद किया है. एएसपी ने ठगों को गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार का नगद इनाम भी दिया हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि बागपत के बलि गांव निवासी कारोबारी सन्दीप अग्रवाल ने दो लाख की साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी. कारोबारी की शिकायत पर बागपत पुलिस ने जाल बिछाकर साइबर ठग गैंग के आठ सदस्यों को दबोचा है।

अपर पुलिस अधीक्षक के मुताबिक पकड़े गए गिरोह के सभी सदस्य वेल एजुकेटेड ही नहीं बिजनेस में मास्टर, स्नातक की पढ़ाई भी कर रहे हैं. इनमे तीन सदस्य एमबीए के छात्र हैं तो दो सदस्य बीबीए के छात्र है. एक सदस्य बीसीए और एक सदस्य बीएससी का छात्र है. एक सदस्य हाईस्कूल का छात्र हैं।

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में इनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने एक वेबसाइट प्लेटफार्म पर ग्रॉसरी, सॉफ्टड्रिंक का ऐड बनाया हुआ था. इसी के माध्यम से वे ग्रॉसरी और सॉफ्टड्रिंक खरीदने-बेचने का लालच देकर लोगों को फंसाते थे। उनके मुताबिक ऑनलाइन पैसा हड़पने के बाद सायबर ठग अपना सिम बदलकर पीड़ित का नबंर ब्लॉक कर देते थे. पकड़े गए सदस्यों से 11 मोबाइल, 4 लैपटॉप, 24 सिम कार्ड, 1 टैबलेट, 2 डेबिट कार्ड, 2 वाईफाई, दो तमंचे, कारतूस, एक कार भी बरामद हुए हैं. सभी से पूछताछ की जा रही है।

## हाईकोर्ट ने पाक्सो के आरोपी को किया बरी, कहा- नाबालिग अपनी मर्जी से गई थी, परिस्थितियां देखना भी जरूरी

कोर्ट ने कहा कि केवल पीड़िता के नाबालिग होने के आधार पर दोष तय नहीं किया जा सकता. मामले में जबरदस्ती या अपहरण के ठोस सबूत नहीं मिले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**ब्यूरो प्रयागराज।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मुंगेली जिले से जुड़े एक चर्चित POCSO मामले में अहम फैसला सुनाते हुए बड़ा संदेश दिया है. कोर्ट ने साफ कहा कि किसी भी मामले में केवल पीड़िता की उम्र को आधार बनाकर आरोपी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, बल्कि पूरे घटनाक्रम, साक्ष्यों और परिस्थितियों का निष्पक्ष मूल्यांकन जरूरी है. इसी आधार पर हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को असंगत मानते हुए आरोपी दीपक वैष्णव को बरी कर दिया. कोर्ट ने माना कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में नाकाम रहा।

यह मामला 13 सितंबर 2022 का है. मुंगेली जिले की एक नाबालिग लड़की स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी. काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई. शिकायत में आशंका जताई गई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

मामले की सुनवाई के बाद विशेष POCSO कोर्ट, मुंगेली ने आरोपी दीपक वैष्णव को IPC की धारा 363 और 366 के साथ-साथ POCSO एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी माना था. ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को गंभीर अपराध का दोषी ठहराते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी।

हाईकोर्ट में आरोपी की ओर से पेश वकील ने दलील दी कि पीड़िता और आरोपी के बीच पहले से संपर्क था. दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी और लड़की ने खुद अपनी इच्छा से आरोपी के साथ जाने का फैसला किया। दोनों ने मुंगेली, रायपुर, हैदराबाद और विजयवाड़ा जैसे शहरों की यात्रा की और करीब एक महीने तक साथ रहे. बचाव पक्ष का कहना था कि पूरे मामले में कहीं भी जबरदस्ती, दबाव या लालच के कोई साक्ष्य नहीं हैं।

वहीं राज्य सरकार की ओर से अदालत में कहा गया कि पीड़िता नाबालिग थी, इसलिए उसकी सहमति का कोई कानूनी महत्व नहीं है। आरोपी ने उसे उसके माता-पिता की देखरेख से दूर ले जाकर अपराध किया है, जो सीधे तौर पर POCSO एक्ट के तहत दंडनीय है।



दोनों पक्षों की दलीलों और उपलब्ध साक्ष्यों की गहराई से समीक्षा करने के बाद हाईकोर्ट ने साफ कहा कि 'ले जाना' और 'साथ जाना' दोनों अलग-अलग बातें हैं. कोर्ट ने माना कि रिकॉर्ड से यह साबित नहीं होता कि आरोपी ने पीड़िता को जबरदस्ती या धोखे से उसके अभिभावकों की देखरेख से दूर किया. कोर्ट के अनुसार, यदि कोई लड़की खुद अपनी मर्जी से किसी के साथ जाती है, तो केवल इसी आधार पर अपहरण का अपराध सिद्ध नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने मेडिकल जांच और स्त्ररुरिपोर्ट पर भी गौर किया. रिपोर्ट्स में जबरन शारीरिक संबंध या हिंसा के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले. इस आधार पर कोर्ट ने माना कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों को ठोस साक्ष्यों के साथ साबित करने में विफल रहा है। अदालत ने पाया कि घटना के समय पीड़िता की उम्र करीब 15 वर्ष 10 माह थी. वह नाबालिग जरूर थी, लेकिन कोर्ट ने यह भी कहा कि हर मामले में केवल उम्र के आधार पर दोष तय नहीं किया जा सकता. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि जब परिस्थितियां यह दिखाती हों कि पीड़िता अपनी इच्छा से गई थी और कोई जोर-जबरदस्ती नहीं हुई, तो ऐसे मामलों में विशेष सावधानी बरतना जरूरी है।

### दिल्ली में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में हंगामा

**पूर्वी दिल्ली।** दिल्ली में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठकों के बीच बाबरपुर जिले में आयोजित बैठक के दौरान माहौल गरमा गया। जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर दो गुटों के समर्थक आमने-सामने आ गए और जमकर बहसबाजी हुई। हालांकि मामले में बाबरपुर जिला कांग्रेस के संगठन महासचिव राम ठाकुर ने कहा कि सिर्फ पद ही जरूरी नहीं है। अगर नेतृत्व करना है तो संस्कार जरूरी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की। बाबरपुर जिले की बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक व पूर्व सांसद रामचंद्र खूंटिया और प्रदेश के पर्यवेक्षक भी मौजूद थे। दिल्ली में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से इन दिनों लगातार बैठकें चल रही हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष पद की चाह रखने वाले एक कार्यकर्ता ने वरिष्ठ कार्यकर्ता से असभ्य भाषा का प्रयोग किया। इसके बाद विवाद बढ़ गया और बैठक स्थगित करनी पड़ी। जिला संगठन महासचिव और वरिष्ठ नेता राम ठाकुर ने बताया कि किसी भी बैठक में व्यवहार मर्यादापूर्ण होना चाहिए। जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में अब कुछ ऐसे लोग भी शामिल हो रहे हैं, जिनका आचरण और राजनीतिक स्तर सवालों के घेरे में है। नेतृत्व केवल पद नहीं, बल्कि सोच, संस्कार और व्यवहार से तय होता है। उन्होंने पार्टी नेतृत्व से अपील की कि जिले को ऐसा अध्यक्ष मिले जो गुटबाजी से ऊपर उठकर कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चले।

## मैगलगंज में भारत गैस उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी, OTP लेकर सिलेंडर दिखाया डिलीवर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैगलगंज खीरी** क्षेत्र में भारत गैस के एक उपभोक्ता के साथ गंभीर लापरवाही और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार उपभोक्ता ने 29/30 तारीख को घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई थी बुकिंग के कुछ दिन बाद एजेंसी की ओर से एक फोन कॉल आया, 9 तरीक को जिसमें कर्मचारी ने डिलीवरी के लिए OTP मांगी उपभोक्ता ने विश्वास करते हुए OTP साझा कर दिया। कर्मचारी ने आश्वासन दिया कि अगले दिन सुबह तक सिलेंडर घर पर पहुंचा दिया जाएगा लेकिन अगले दिन उपभोक्ता पूरे दिन सिलेंडर का इंतजार करता रहा, बावजूद इसके सिलेंडर की डिलीवरी नहीं की गई। जब उपभोक्ता ने स्थिति की जांच की, तो यह जानकर हैरान रह गया कि रिकॉर्ड में सिलेंडर पहले ही 'डिलीवर' दिखाया जा चुका है इस घटना से स्पष्ट होता है कि डिलीवरी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता हुई है और OTP का दुरुपयोग कर उपभोक्ता के साथ धोखा किया गया है। यह मामला न केवल उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि गैस एजेंसी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर उपभोक्ताओं का कहना है कि इस तरह की घटनाएं आम लोगों के विश्वास को तोड़ती हैं और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए अब देखना यह है कि संबंधित गैस एजेंसी और प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करते हैं और पीड़ित उपभोक्ता को न्याय कब तक मिलता है।

## अपने ही आदेश का अनुपालन कराने में विफल तहसील दार गोला

**बेदखली आदेश पारित होने के बाद भी नहीं हटवाया जा रहा तालाब पर से अवैध कब्ज़ा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला तहसील गोला परगना कुकरा के ग्राम हरदुआ का है जहां पर तालाब गाटा संख्या 196 पर गांव के ही दबंग व्यक्ति ने दबंगई की दम पर अवैध कब्जा करने की नीयत से तालाब के आशिक भाग को पाटकर उस पर पक्का मकान खड़ा कर लिया गया और तहसील प्रशासन आराम की नींद में सोता रहा। यदि तहसील प्रशासन ने इस समय लिया होता संज्ञान और करता करवाई तो शायद आज तालाब पर अतिक्रमण नहीं होता और तालाब को अवैध कब्जा मुक्त किया जा सकता था। अब इसे तहसील प्रशासन की लापरवाही कहें या धन लोलुपता तालाब का एक भाग पटकर उस पर मकान बन गया और प्रशासन सोता रहा। तालाब पटने से कई घरों के जल की निकासी बंद हो गई और लोग अपने-अपने घरों में गड्ढा खोदकर पानी भरने और उसके बाद उसे बाहर फेंकने को विवश हैं। जिससे तंग हाल शिकायत करता ने दर्जनों प्रार्थना पत्र जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर दिए जिसमें से कई में फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर फर्जी निस्तारण




किया जाता रहा। शिकायतकर्ता संजय कुमार के अथक प्रयासों के बाद विपक्षी अवैध कब्जा धारक के विरुद्ध धारा 67 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की गई और पल्ला झाड़ते हुए अवैध कब्जा धारक को मुकदमे के नाम पर राहत देने का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता ने उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ तक का दरवाजा खटखटाया काफी संघर्ष के बाद उक्त वाद में न्यायालय तहसीलदार गोला ने थकहार कर बेदखली आदेश पारित किया। लेकिन तालाब पर बने पक्के मकान को हटवा कर तालाब को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने आदेश की प्रति एवं शपथ पत्र के साथ शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए जिला अधिकारी से शिकायत की है शिकायत में तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए तालाब को उसके मूल स्वरूप में वापस ले जाने की मांग की है। अहम सवाल यह है कि क्या प्रशासन तालाब पर बने अवैध मकान का ध्वस्तीकरण कराकर तालाब को उसके मूल स्वरूप में वापस ला पाएगा या फिर अपने चहेते अवैध कब्जा धारक को संरक्षण देने की नीयत से मामले को फाइलों में दफन कर दिया जाएगा। और शासन प्रशासन सहित सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा पारित आदेशों का यूं ही मखौल उड़ाया जाता रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र मे 7 साल की बच्ची के साथ14साल के किशोर नें की गंदी हरकत

**बस्ती।** बस्ती जिले में नाबालिकों का यौन उत्पीड़न नहीं रूक रहा है जबकि लोगों द्वारा नाबालिक बच्चियों को निशाना बना रहे हैं जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है अपराधियों पर शिकंजा नहीं कर पा रहे हैं पुलिसकर्मी कैसे बच्चियों सुरक्षित रहेंगे ताजा मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की एक गांव का है मासूम 7 साल की बच्ची के साथ 14सालकिशोर नें की गंदी हरकत कर डाला नहीं खौफ है पुलिस का ऐसे बच्चों में जिनके संस्कार संस्कार मेंओछी हरकत दिखाई दे रही है

पुरानी बस्ती थाना अंतर्गत 07 वर्षीय बच्ची के साथ 14 वर्षीय बालक द्वारा गलत काम किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले मे सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को हिरासत मे लिया है। घटना 12 अप्रैल की है। उससे पूछताछ जारी है। क्षेत्राधिकारी सदर सतेन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि थाना अंतर्गत लखनौरा गांव मे 07 वर्षीय एक बच्ची के साथ पड़ोस के 14 साल के किशोर ने दुष्कर्म की वारदात का अंजाम दिया है। डायल 112 से सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल फोरेंसिंक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किया। पीड़िता का मेडिकल कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही आरोपी से पूछताछ किया जा रहा है क्षेत्राधिकार सदर द्वारा मामले को गंभीरता से जांच की जा रही है जल्द ही गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

### फूलबाग अग्निकाण्ड, पीड़ित की बेटी के विवाह हेतु विधायक ने दी मदद



**कानपुर।** विगत दिनों फूलबाग फलमण्डी में लगी भीषण आग में दुकानदारों का सब कुछ स्वाहा हो गया था, जिसमें एक पीड़ित परिवार नकछेद कश्यप की बेटी की शादी 20 अप्रैल को होनी है और दहेज का सामान भी आग में जल गया था, मौके पर पहुँचे सबके सुख-दुख के साथी विधायक सलिल विश्नोई ने परिवार को विवाह में सहायता करने का आश्वासन दिया था, सोशल मीडिया में स्वैच्छिक सहयोग की अपील करते हुए स्वयं तथा कार्यकर्ताओं के सहयोग द्वारा एकत्रित रु.72,200/- की वैवाहिक सहायता धनराशि उसकी दुकान पर जाकर परिवार वालों को सौंपी।

### 72 ट्रेनों में चेकिंग, 1413 बेटिकट पकड़े; 9.24 लाख जुर्माना वसूला



**कानपुर।** बिना टिकट यात्रा पर रोक लगाने के लिए रेलवे ने प्रयागराज मंडल में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 72 ट्रेनों और विभिन्न स्टेशनों पर जांच कर 1413 यात्रियों को पकड़ा गया और कुल 9,24,590 रुपये जुर्माना वसूला गया। अभियान 10 अप्रैल को मंडल रेल प्रबंधक अंकित अग्रवाल के निर्देशन में चलाया गया। जांच के दौरान बिना टिकट, अनियमित यात्रा, धूम्रपान और बिना बुकिंग सामान ले जाने वालों पर कार्रवाई की गई। रेलवे के अनुसार, 645 बिना टिकट यात्रियों से 5,35,170 रुपये, 757 अनियमित यात्रियों से 3,88,220 रुपये और 11 यात्रियों से धूम्रपान व गंदगी फैलाने पर 1200 रुपये जुर्माना वसूला गया। रेल प्रशासन ने यात्रियों से नियमों का पालन करने और वैध टिकट के साथ यात्रा करने की अपील की है। साथ ही बताया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### कानपुर में 'ऑपरेशन क्लीन': देर रात चेकिंग, कई वाहनों के चालान

**कानपुर।** कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस ने 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत देर रात सघन चेकिंग अभियान चलाया। कल्याणपुर और बिठूर क्षेत्र में डीसीपी पश्चिम कासिम आबिदी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। मुख्य चौराहों पर नाकेबंदी कर दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट न लगाने और अधूरे कागजात पर कई चालान काटे गए, जबकि कुछ चालकों को चेतावनी देकर छोड़ा गया। अभियान के दौरान आईआईटी गेट के पास शराब ठेकों पर भी छापेमारी की गई। ओवररेटिंग की शिकायतों पर सेल्समैनों को सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने पर लाइसेंस निरस्तीकरण और मुकदमे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## एडीपीआरओ अरुण यादव पर समय से जांच रिपोर्ट न प्रेषित करने पर सफाईकर्मियों में आक्रोश

**●एडीपीआरओ के द्वारा जारी नोटिस का जबाव 07 दिन पहले दोनों जिलाध्यक्षों ने था दिया**

**सीडीओ के निर्देश पर पुनः डीपीआरओ ने असली जिलाध्यक्ष की पहचान के लिए एडीपीआरओ को सौंपी थी जांच एडीपीआरओ के द्वारा समय से डीपीआरओ को जांच रिपोर्ट न देने से वोट देने से वंचित रह गए जिलाध्यक्ष**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में एडीपी आर ओ अरुण यादव के द्वारा समय से जांच आख्या डीपीआरओ को न देने पर सफाई कर्मचारियों ने नाराजगी जताई है और एडीपीआरओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुनः मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत करने की तैयारी में जुटे हुए हैं । आपको बता दें कि सफाई कर्मचारी के निर्वाचित जिलाध्यक्ष पेशकार व महामंत्री अतुल कुमार पाण्डेय ने जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर के द्वारा बस्ती जिले के सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष की विवादित सूची शासन को भेजने पर नाराजगी जताई थी । जिलाध्यक्ष पेशकार व महामंत्री अतुल कुमार पाण्डेय ने डीपीआरओ के द्वारा सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष की विवादित सूची शासन को भेजने को लेकर सीडीओ व डीपीआरओ से लिखित शिकायत किया था । सीडीओ सार्थक अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीपीआरओ घनश्याम सागर को जांच करके जिलाध्यक्ष के विवाद को खत्म करने का निर्देश दिया था लेकिन डीपीआरओ घनश्याम सागर ने बिना किसी जांच के पूर्व जिलाध्यक्ष अजय आर्या का नाम शासन को भेज दिया था । बिना किसी जांच जिलाध्यक्ष की विवादित सूची शासन को भेजने पर शिकायत कर्ता द्वारा पुनः सीडीओ से डीपीआरओ के जांच रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई थी । सीडीओ ने डीपीआरओ



के जांच रिपोर्ट पर नाराजगी जताते हुए पुनः डीपीआरओ को तलब किया था और उक्त प्रकरण में की गई कार्यवाही अवगत कराने का निर्देश दिया था । सीडीओ के निर्देश पर डीपीआरओ ने जिलाध्यक्ष की विवादित सूची की जांच एडीपीआरओ को दिया था । एडीपीआओ ने दिनांक - 28-03-2025 को जिलाध्यक्ष अजय आर्या , जिलाध्यक्ष पेशकार व महामंत्री अतुल कुमार पाण्डेय को नोटिस जारी करके 03 कार्य दिवस के अन्दर जिलाध्यक्ष के चुनाव सम्बंधी साक्ष्यों को प्रेषित करने का निर्देश दिया था ।

सूत्रों की माने तो जिलाध्यक्ष पेशकार व महामंत्री अतुल कुमार पाण्डेय ने जिलाध्यक्ष निर्वाचन से संबंधित सभी साक्ष्यों को एडीपीआरओ को रिसीव करा दिया है और बाद में जिलाध्यक्ष अजय आर्या ने भी आनन-फानन में एडीपीआरओ के द्वारा जारी नोटिस को रिसीव कर जबाव दे दिया था है । दोनों पक्षों के द्वारा नोटिस का जबाव देने के बाद भी एडीपीआरओ ने जान बूझकर समय से जांच रिपोर्ट डीपीआरओ को नही है क्योंकि यदि समय रहते जांच रिपोर्ट डीपीआरओ को रिसीव हो जाता तो असली जिलाध्यक्ष की पहचान हो जाती और नकली जिलाध्यक्ष का काम खत्म हो जाता इसीलिए एक पक्ष से लेन देन करके जांच रिपोर्ट अपने पास दबा कर एडीपीआरओ बैठे हुए हैं । 11 अप्रैल को लखनऊ में सफाई कर्मचारी प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव था जिसमें जांच आख्या रिपोर्ट न पहुंचने के कारण असली और नकली जिला अध्यक्ष की पहचान नहीं हो पाई जिसको लेकर शिकायतकर्ता पेशकार व महामंत्री अतुल कुमार पांडेय परेशान है । महामंत्री अतुल पांडेय ने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को नही प्रेषित की गई तो हम सब मिलकर पुनः शिकायत करेंगे जब तक असली और नकली जिला अध्यक्ष की पहचान नही हो जाती है तब तक हम लोगों की शिकायत होती रहेगी ।

## गोमती नदी में डूबने से युवक की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पूरब देवकली गांव निवासी साहिद अफरीदी (पुत्र मोहिद अली) की सत्थिन स्थित गोमती नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने मुंबई से अपने पैतृक गांव आया था। शादी के कार्यक्रम के बीच वह अपने कुछ साथियों के साथ नदी में नहाने के लिए गया, जहां अचानक वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।घटना को देख मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने शोर मचाते हुए तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरबी के सिपाही मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को नदी से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बाजार शुक्ल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और गांव में सन्नाटा पसर गया।युवक की मौत की खबर



मिलते ही उसके घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार साहिद अफरीदी परिवार का बड़ा बेटा था और अपने भाइयों के बीच वह ही पूरे परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहा था।बताया जा रहा है कि उसके पिता वर्तमान में अहमदाबाद में काम करते हैं, जबकि घर-परिवार की जिम्मेदारी मृतक के कंधों पर ही थी। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वहीं, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, पुलिस द्वारा अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ग्रामीणों की शिकायत के बाद ग्राम प्रधान अजय कुमार व सचिव रजनी दूबे की बढ़ सकती है मुश्किलें

**●ग्राम प्रधान अजय कुमार व सचिव रजनी दुबे पर फर्जी फर्म पर भुगतान का आरोप- फर्जी फर्म पर हुए फर्जी भुगतान की शिकायत जल्द ही उच्च अधिकारियों से होगी - ग्रामीण फर्जी फर्म पर हुए फर्जी भुगतान की इकट्ठा की जा रही साक्ष्य - ग्रामीण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले के विकासखंड कप्तानगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत मरवटिया तिवारी में ग्राम प्रधान अजय कुमार व सचिव रजनी दुबे के द्वारा फर्जी फर्म के सहारे की गई सरकारी धन की लूट का मामला प्रकाश में आया है जिसमें ग्राम प्रधान अजय कुमार व सचिव रजनी दूबे ने एक ही फर्जी फर्म पर कई प्रकार की सामग्रियों को दिखाकर बड़े पैमाने पर फर्जी भुगतान किया गया है जब फर्म एक है और संबंधित फर्म के पास सामग्री भी एक है तो कैसे ही अलग-अलग सामग्रियों के नाम से भुगतान




किया गया है जो पूरी तरह से गलत है ।

आपको बता दें कि ग्राम पंचायत मरवटिया तिवारी में सरकारी भुगतान के लिए AK ट्रेडर्स फर्म फीड किया गया है । AK ट्रेडर्स के नाम से नाली निर्माण कार्य व मरम्मत कार्य के लिए सामग्री का भुगतान हुआ है एवंच्य ट्रेडर्स पर स्ट्रीट लाइट के नाम पर भी भुगतान किया गया है और AK ट्रेडर्स पर हैंड पंप रिबोर के नाम से भुगतान हुआ है इस प्रकार स्पष्ट है कि एक ही फार्म पर कैसे सभी प्रकार की सामग्रियों का भुगतान धड़ल्ले से हो रहा है जिसमें सचिव रजनी दुबे अहम भूमिका निभा रही हैं । सूत्रों की मानें तो सचिव रजनी दुबे , तकनीकी सहायक की मिली भगत से ग्राम प्रधान अजय अपने मनचाहा फर्म पर फर्जी भुगतान करने में बाजी मारी है अब बड़ा सवाल यह है कि ग्राम प्रधान अजय कुमार व सचिव रजनी दुबे एवं तकनीकी सहायक क्यों नहीं सही फर्म पर भुगतान कर रहे हैं ? क्योंकि यदि सही फर्म पर भुगतान करने पर ग्राम प्रधान अजय कुमार , सचिव रजनी दुबे व तकनीकी सहायक को मनचाहा कमीशन नही मिल पायेगा इसीलिए सरकारी धन को लूटने के उद्देश्य फर्जी फर्म पर सभी तरह की सामग्रियों का भुगतान किया गया है । ग्राम प्रधान अजय कुमार, सचिव रजनी दुबे व तकनीकी सहायक के द्वारा विकास कार्यों के नाम पर हुए फर्जी भुगतान का खुलासा होने पर ग्रामीणों में आक्रोश है । ग्रामीणों ने मीडिया टीम से बातचीत में कहा कि ग्राम प्रधान अजय कुमार व सचिन रजनी दुबे के द्वारा किये गये फर्जी फर्म भुगतान की साक्ष्य एकत्रित की जा रही है । सभी साक्ष्य एकत्रित होने के बाद उच्च अधिकारियों से जल्द ही शिकायत होगी । ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सचिव रजनी दुबे ग्रामीणों का फोन नही रिसीव करती है जिसकी भी शिकायत होगी ।

इस प्रकार स्पष्ट है कि यदि ग्राम प्रधान अजय कुमार व सचिव रजनी दुबे एवं तकनीकी सहायक के द्वारा फर्जी फर्म की जांच निष्पक्ष रूप से हो जाएं तो सरकारी धन की लूट करने की पोल खुल सकती है और ग्राम प्रधान समेत अन्य कई संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई हो सकती है ।

## नदीयों के पुनरूद्धार के लिए व्यापक रूप लेता आंदोलन

**●जब स्याही के पत्र को न मिले इज्जत, तो खून से लिखना पड़ता है खत। सुदामा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** जनपद की पौराणिक जीवनरेखाएं मानी जाने वाली नदियों मनोरमा, कुआनो एवं रामरेखा – की बदहाल स्थिति, घाटों पर पसरी गंदगी और विषाक्त हो चुके जल के विरोध में चल रहा धरना एवं भूख-हड़ताल आज छठे दिन भी जारी रहा। दिन बीतने के साथ यह आंदोलन अब और उग्र होता जा रहा है और जनसमर्थन लगातार बढ़ रहा है। आज धरना स्थल पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद पाण्डेय एवं अभिषेक तिवारी पहुंचे। दोनों नेताओं ने आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए इसे विशुद्ध रूप से जनहित की लड़ाई बताया और कहा कि नदियों का अस्तित्व बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। भूख-हड़ताल पर बैठे भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने प्रशासन की उदासीनता पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा, 'हम संख्या में कम नहीं, बल्कि ज्यादा हैं, क्योंकि हमारे साथ जनहित का मजबूत इरादा खड़ा है। हर दिन सैकड़ों लोग इस आंदोलन से जुड़ रहे हैं और अपना समर्थन दे रहे हैं। नदियों की दुर्दशा अब किसी से छिपी नहीं है।

सुदामा ने जिला प्रशासन को चेतावनी भरे स्वर में कहा कि यदि अब भी ठोस कार्ययोजना प्रस्तुत कर नदियों की सफाई एवं पुनर्जीवन की दिशा में गंभीर पहल नहीं की गई, तो कल भूख-हड़ताल के सातवें दिन वे प्रशासन की वादाखिलाफी और संवेदनहीनता के विरोध में माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को खून से पत्र लिखकर भेजने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम किसी भावुकता में नहीं, बल्कि व्यवस्था की चुप्पी तोड़ने के लिए उठाया जाएगा धरना स्थल पर आज भी जनसमर्थन का सिलसिला अनवरत जारी रहा। इस दौरान प्रमोद पाण्डेय, आशीष तिवारी के साथ देवशरण शुक्ल, दिग्विजय नाथ पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, महेंद्र सिंह, राहुल शर्मा, रमेश चौधरी, शकील अहमद, जुवैद, दीनबंधु उपाध्याय, राजेश सिंह, देवेन्द्र पाण्डेय, अनिल तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे और आंदोलन को अपना समर्थन दिया। यह आंदोलन अब केवल नदियों की सफाई तक सीमित नहीं रह गया है। यह जनस्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और प्रशासनिक जवाबदेही की लड़ाई का रूप ले चुका है। आंदोलनकारियों का स्पष्ट कहना है कि यदि जिला प्रशासन शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाता है, तो यह जनआंदोलन और अधिक व्यापक एवं तीव्र रूप धारण करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## भांभर रेंज में वन विभाग का सर्च ऑपरेशन तेज, ड्रोन से निगरानी; 24 घंटे गश्त जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद के पचपेड़वा ब्लॉक अंतर्गत भांभर रेंज के रेहरा ग्राम में हाल ही में हुई मानव-वन्य जीव संघर्ष की दुखद घटना के बाद वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। विभाग द्वारा वन क्षेत्र से सटे गांवों में युद्ध स्तर पर सर्च ऑपरेशन चलाते हुए 24 घंटे गश्त और वन्य जीवों की लगातार ट्रैकिंग की जा रही है। वन विभाग की टीम ने 11 और 12 अप्रैल को सुबह 6 बजे से 9 बजे तक रेहरा, बेलभरिया, परसरामपुर और पिपरा सडवा गांवों के आसपास करीब 4 से 6 किलोमीटर तक पैदल ट्रैकिंग की, हालांकि इस दौरान किसी भी वन्य जीव के पगमार्ग की पुष्टि नहीं हो सकी। भांभर रेंज के वन दरोगा और वन रक्षकों की टीम लगातार क्षेत्र में सक्रिय है और आसपास के गांवों–रेहरा, छोटका-बड़का भुकुरवा, परसरामपुर और गिद्धहवा–में गश्त



करते हुए लोगों से वन्य जीवों की गतिविधियों की जानकारी जुटा रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त स्टाफ भी तैनात किया गया है। वन विभाग द्वारा गांवों में बैनर, पोस्टर, ई-रिक्शा और लाउडस्पीकर के माध्यम से 'क्या करें, क्या न करें' की एडवाइजरी जारी कर लोगों को सतर्क किया जा रहा है। संवेदनशील गांवों, विशेषकर रेहरा और परसरामपुर में ड्रोन के जरिए निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा, शाम के समय वन क्षेत्र के पास पटाखे फोड़ने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि जंगली जानवर आबादी की ओर न बढ़ें। घटना स्थल और आसपास के क्षेत्रों में कैमरा ट्रैप भी लगाए गए हैं, जिससे वन्य जीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। साथ ही ग्राम प्रधानों के सहयोग से चौपाल और जागरूकता गोष्ठियों का आयोजन कर ग्रामीणों को महुआ बीनने, पशु चराने या लकड़ी लेने के लिए जंगल में न जाने की सख्त हिदायत दी जा रही है।

डीएफओ ने आमजन से अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में वन क्षेत्र में प्रवेश न करें और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल वन विभाग या स्थानीय पुलिस को सूचना दें। वन विभाग ने विभिन्न रेंज अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी जारी किए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत संपर्क किया जा सके। वन विभाग की इस सतर्कता और सघन निगरानी अभियान से क्षेत्र में लोगों के बीच सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है, वहीं प्रशासन स्थिति पर पूरी नजर बनाए हुए है।

## बीडीओ की सरपरस्ती में नारे रहे चमक, हलक रहे सूख जल प प्यासे राहगीर

**●-राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के जमीनी स्तर पर बड़े-बड़े दावे महज दिखावा**

**-जनहित में लगवाए गए आरओ/सरकारी हैंडपंप फेल पानी की एक बूंद के लिए भटकने को जनता मजबूर**

**नजर के सामने पूर्व सांसद द्वारा लगवाए गए आरओ व सरकारी नल मरम्मत को मोहताज महत्वपूर्ण योजना धराशायी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केकप्तानगंज ब्लाक परिसर में आमजन के लिए लगे हैंडपंप व आरओ खराब हो जाने से पिलाऊं व्यवस्था



पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है । जहां सरकार 'हर घर जल' का ढिंढोरा पीट रही है,वहीं दूसरी ओर कप्तानगंज विकासखंड प्रशासनिक संवेदनहीनता का जीवंत उदाहरण बन गया है। सरकारी दीवारों पर 'जल जीवन मिशन' के आकर्षक स्लोगन तो खूब चमक रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि इन पेंटिंग्स के ठीक सामने हैंडपंप और आरओ प्लांट महीनों से सफेद हाथी बने हुए हैं।भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच प्यासी जनता का गुस्सा चरम पर है । कप्तानगंज ब्लॉक परिसर किसी रेगिस्तान में तब्दील हो चुका है। स्थानीय ग्रामीणों और दूर-दराज से आने वाले राहगीरों के लिए पानी की एक-एक बूंद संघर्ष बन गई है। ग्रामीणों का आक्रोश तल्ख लहजे में बाहर आ रहा है । स्थानीय लोगों ने कहा कि 'साहब ! दीवारों पर सजी पेंटिंग और सरकारी दावे प्यास नहीं बुझाते। 'हैरानी की बात यह है कि बीडीओ की नाक के नीचे विकासखंड परिसर में पूर्व सांसद द्वारा लगवाए गए आरओ प्लांट और सरकारी हैंडपंप पिछले कई महिनों से पूरी तरह ठप हैं। खंड विकास अधिकारी चेंबर के चंद कदमों की दूरी पर या यू कहे कि सामने इन खराब नलों की स्थित जब इस प्रकार है, तो गांवो में लगे हैंडपंपों की क्या स्थित होगी आप समझ सकते हैं । 'चेंबर-टू-चेंबर' घूमने वाले साहब की नजर अब तक इस दुर्दशा पर क्यो नहीं पड़ी अपने आप में बड़ा सवाल है।

जब अधिकारी मस्ती में मस्त रहेगें तो जनता जल आपूर्ति के लिए त्रस्त ही रहेगी । वही लोगो का कहना है कि जल आपूर्ति ठप होने के पीछे बीडीओ का ढुलमुल रवैया और मरम्मत कार्य के प्रति उदासीनता मुख्य कारण है। जो महत्वपूर्ण सरकारी योजनाएं मरम्मत के अभाव में दम तोड़ रही हैं,जबकि जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के बजाय अपनी फाइलों में व्यस्त हैं। बड़ा सवाल क्या प्रशासन केवल कागजों और दीवारों को चमकाने के लिए प्रतिबंध है? भीषण गर्मी में प्यासे होंठो को/भटकती जनता को आखिर कब पानी मिलेगा अथवा इस सरकारी कुप्रबंधन से कब मिलेगा छुटकारा?

## संदिग्ध हालात में नवविवाहिता की मौत, एक साल पहले हुई थी शादी; जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**उतरौला (बलरामपुर)।** जनपद के थाना गैंडास बुजुर्ग क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इमलिया बनघुसरा स्थित मधपुर तिराहे के पास शनिवार को 22 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। घटना के बाद इलाके में शोक और तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संगीता चौरसिया (22) पत्नी सुरेश चौरसिया ने शनिवार दोपहर करीब 12 बजे अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

घटना की खबर मिलते ही मृतका के मायके पक्ष से पिता राम अभिलाख और माता स्वरस्ती देवी भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बताया कि संगीता की शादी 10 जून 2025 को इमलिया बनघुसरा निवासी सुरेश चौरसिया पुत्र साधू चौरसिया के साथ हुई थी। शादी को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था, जिससे मामले को लेकर विभिन्न आशंकाएं जताई जा रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह और नायब तहसीलदार प्रतिमा मौर्या सहित फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मौके पर महिला पुलिस बल समेत भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे, जिससे स्थिति पर नियंत्रण बनाए रखा जा सके। कार्यवाहक थाना प्रभारी सिवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी तक किसी प्रकार की तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच में जुटी है। वहीं, इस घटना ने एक बार फिर पारिवारिक व सामाजिक कारणों से होने वाली ऐसी घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

### एसपी ने जीआरपी थाने का किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** जीआरपी पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा ने राजकीय रेलवे पुलिस प्रतापगढ़ का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा को जीआरपी के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने जवानों के लिए बन रहे बैरक की गुणवत्ता को देखा और संतुष्टि जताई।उसके बाद अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया।एसपी ने निरीक्षण दौरान यात्रियों से संवाद किया।बता दें कि पुलिस अधीक्षक जीआरपी लखनऊ रोहित मिश्रा का जनपद से पुराना नाता है।रोहित मिश्रा जनपद मे अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) के पद पर रहते हुए और तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के नेतृत्व में शराब माफियाओं की रीढ़ तोड़ दी,जिससे शराब माफिया आज तक ऊबर नहीं पाए।रोहित मिश्रा किसी के दबाव में कार्य कदापि नहीं करते थे।

## दो माह बाद वृद्ध ई-रिक्शा चालक की हत्या का खुलासा

**●सुल्तानपुर में दामाद ने संपत्ति के लालच में की थी वृद्ध की हत्या**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर-** पुलिस ने दो माह पूर्व हुए वृद्ध रामतेज कोरी हत्याकांड का खुलासा रविवार को कर दिया है। संपत्ति के लालच में रामतेज के दामाद मोतीलाल कोरी ने ही ईट और कुल्हाड़ी से मारकर उनकी हत्या की थी। पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह घटना कुड़वार थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव में 14 फरवरी को सामने आई थी। ई-रिक्शा चालक रामतेज कोरी का शव




उनके घर के एक छप्परनुमा कमरे में खून से लथपथ मिला था। सुबह देर तक दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने चहारदीवारी फांदकर घर में प्रवेश किया था।

घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी नगर सामंत सौरभ ने निरीक्षण किया था और फॉरेंसिक टीम ने भी नमूने एकत्र किए थे। मृतक की पहली पत्नी की बेटी बसंता पत्नी मोतीलाल ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी थी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। मृतक रामतेज की पहली पत्नी करमैता का निधन करीब दो वर्ष पहले हो चुका था। वह एक वर्ष पहले भवानी देवी नामक दूसरी महिला को घर लाए थे, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है। इसी कारण रामतेज दिन में बाहर निकलने पर घर के बाहर ताला लगा देते थे। पुलिस को शव के बगल खून से सनी एक ईट, एक डंडा, कच्ची शराब का पाउच, एक कुल्हाड़ी और एक पायल मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रामतेज के सिर और होंठ पर चोट के निशान मिले थे, जिससे पुष्टि हुई कि डंडे और ईंट से प्रहार कर उनकी हत्या की गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि दामाद ने संपत्ति हड़पने के इरादे से इस वारदात को अंजाम दिया।

## अध्यक्ष कंछेदीलाल राठौर ने दिया इस्तीफा

**जिला प्रभारी समिति संभालेगी कार्यभार**

**ललितपुर।** जिला राठौर समाज (रजि.) ललितपुर के अध्यक्ष कंछेदीलाल राठौर (बड़ापुरा) ने स्वास्थ्य कारणों के चलते अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 11 अप्रैल 2024 को जिला प्रभारी समिति के समक्ष अपनी असमर्थता व्यक्त करते हुए त्यागपत्र प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि कंछेदीलाल राठौर ने 13 अप्रैल 2024 को सिविल लाइन स्थित मैरिज गार्डन में आयोजित समारोह में अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की थी। लेकिन स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण उन्होंने संगठन का कार्य सुचारु रूप से न कर पाने की बात कहते हुए पद छोड़ने का निर्णय लिया। जिला प्रभारी समिति सदस्य रविशंकर राठौर (पूर्व पार्षद), अशोक राठौर (पूर्व पार्षद),चंद्रशेखर राठौर (जड़ी बूटी), विनोद राठौर (मुनीम) एवं राजकुमार राठौर (धनतौली) ने उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। समिति ने बताया कि अब जिला राठौर समाज ललितपुर का समस्त कार्यभार आगामी व्यवस्था तक जिला प्रभारी समिति द्वारा ही संचालित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### लोहिया-अंबेडकर विचार गोष्ठी, समानता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर जोर



**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बैसवारा इंटर कॉलेज के गोविंद हॉल में रविवार को डॉ. लोहिया अंबेडकर विचार मंच की ओर से एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और डॉ. राम मनोहर लोहिया के विचारों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लालबिहारी यादव ने कहा कि अंबेडकर ने संविधान के आर्टिकल 19 के माध्यम से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार दिया। आज इस अधिकार पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सवाल उठाने वालों पर सख्त धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार देता है, लेकिन वर्तमान समय में संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा कमजोर होती दिखाई दे रही है। लोहिया और अंबेडकर ने जिस समानता के समाज का सपना देखा था, आज उसमें विषमता बढ़ती जा रही है। जाति और धर्म के नाम पर तनाव बढ़ना चिंता का विषय है। लालबिहारी यादव ने कहा कि 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है और इसी मार्ग पर चलकर समाज को नई दिशा दी जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन संयोजक राजेश चंद्रा ने किया। इससे पहले समाजवादी पार्टी के युवा नेता सुमित यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान लालजी यादव, शैलेंद्र बहादुर यादव, शेखर यादव, अंशु यादव और शिवराम प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### आरोग्य स्वास्थ्य मेले में मरीजों का इलाज, मुफ्त दवाएं वितरित

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के चारों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 102 मरीजों का इलाज किया गया। डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं भी वितरित कीं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंबारा पश्चिम में 18 मरीजों का उपचार किया गया। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेहटा कला में सबसे अधिक 38 मरीज पहुंचे। भैरों मिश्रा केंद्र पर 19 मरीजों का इलाज हुआ, जबकि जगतपुर भिचकौरा स्थित केंद्र पर 27 मरीजों की जांच और उपचार किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमल पटेल ने बताया कि मेले में आए सभी 102 मरीजों को उचित परामर्श और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

### हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी देकर महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज क्षेत्र क्षेत्र के रतेह चौराहा पर रविवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस ने महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति प्रभारी एसआइ रमेश यादव ने महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112,1090,1076,1098,1930,108 आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। महिलाओं से कहा कि कोई भी समस्या आने पर इन हेल्प लाइन नंबरों पर फोन कर तत्काल मदद ले सकती हैं।कहा कि आपातकालीन स्थिति में वूमेन पावर लाइन 1090 और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर फोन करें पुलिस सहायता के लिए पहुंचेगी। महिला कांस्टेबल छाया ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि छोटी छोटी घटनाओं को नजर अंदाज नही करें बल्कि अपने परिजनों और पुलिस को सूचना दें। पुलिस आपकी सहायता करेगी।एसआइ रमेश यादव ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान फेज पांच के तहत महिलाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान महिला कांस्टेबल ज्योति पासवान मौजूद रहीं।

# मऊ गांव में हंसवा ड्रेन की पटरी पर खड़े बेशकीमती सरकारी पेड़ों पर वन माफियाओं ने चलाया आरा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**महराजगंज/रायबरेली:** क्षेत्र के मोतीगंज मजरे मऊ गांव में हंसवा ड्रेन की पटरी पर खड़े बेशकीमती सरकारी पेड़ों की अवैध कटान का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ड्रेन खुदाई कार्य की आड़ में सक्रिय वन माफियाओं ने शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात दर्जनों हरे-भरे पेड़ों पर आरा चलाकर उन्हें ठिकाने लगा दिया। सूचना मिलते ही हरकत में आए वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर करीब 45 कुंतल लकड़ी (मोटा बोटा) बरामद कर कब्जे में ले लिया है, जबकि बड़ी मात्रा में लकड़ी पहले ही खपाई जा चुकी है।

आपको बता दें कि, ग्रामीणों के अनुसार, हंसवा ड्रेन के किनारे वर्षों से खड़े जामुन, नीम, सफेदा और गूलर जैसे कीमती पेड़ों को योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया गया। रात के अंधेरे में पेड़ों को काटकर तेजी से उनकी ढुलाई की गई, ताकि किसी को भनक न लगे। हालांकि सुबह जब पटरी खाली दिखी तो ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई और उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। शनिवार को मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच के दौरान 45 कुंतल लकड़ी बरामद की। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, करीब 54 कुंतल लकड़ी अमेठी जनपद के सेमरौता कस्बे में एक व्यापारी को बेचे जाने की बात भी सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है। इस घटना ने वन विभाग की कार्यशैली और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि, इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटान बिना मिलीभगत के संभव नहीं है। वहीं, पर्यावरण प्रेमियों ने इसे क्षेत्र के हरित संतुलन के लिए गंभीर खतरा बताया है।

वन रेंजर नावेद सिद्दीकी ने बताया कि, मामला गंभीर है और विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लकड़ी को कब्जे में ले लिया है। वन माफियाओं की पहचान के लिए जांच तेज कर दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि, जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा। फिलहाल, इस घटना के बाद क्षेत्र में वन माफियाओं की सक्रियता को लेकर दहशत का माहौल है और लोग दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## कोतवाली क्षेत्र के ओथी गांव में बलपूर्वक हरे पेड़ काटने को लेकर हुआ विवाद



**महराजगंज/रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ओथी गांव में बलपूर्वक हरे पेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासिनी सुखदेई पत्नी सहवददीन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के ही राम अवध पुत्र मोहललाल जबरन उसकी जमीन पर लगे पेड़ काटकर रास्ता बनाने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, विपक्षी दबंगई के बल पर मशीन लेकर मौके पर पहुंचे और पेड़ काटना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर जब वह अपने परिजनों व ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंची तो आरोपी पक्ष अपने करीब 30 साथियों के साथ वहां से भाग निकला। इस दौरान कुछ पेड़ों को नुकसान भी पहुंचाया गया। सुखदेई का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में पहले कोई सहमति नहीं दी थी और विपक्षी मनमाने तरीके से उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहा है। उन्होंने आशंका जताई है कि भविष्य में भी आरोपी फिर से आकर पेड़ काट सकते हैं।पीड़िता ने पुलिस से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा उनके पेड़ों व जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बबुरिहा धाम स्थित पावन तपोस्थली में हुआ भव्य विशाल भंडारे का आयोजन



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महराजगंज/रायबरेली:** क्षेत्र के प्रसिद्ध आस्था केंद्र बबुरिहा धाम स्थित पावन तपोस्थली पर विराजमान स्वामी हरिदास जी महाराज कुटी के तृतीय महन्त पूज्य लक्ष्मण दास जी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और परंपरागत विधि-विधान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नीलू सिंह के संयोजन में कुटी प्रांगण में विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज के जनपदों सहित प्रदेशभर से आए संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं एवं शिष्यों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया।

आपको बता दें कि, पुण्यतिथि कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधिवत पूजन-अर्चन से हुई, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं ने दिवंगत महन्त की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए उन्हें प्रभु श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की। पूरे कुटी परिसर में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा, जहां भक्ति-भाव से ओतप्रोत श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बबुरिहा धाम स्थित यह सिद्ध कुटी स्वामी हरिदास जी महाराज के नाम से दूर-दूर तक प्रसिद्ध है और क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था का केंद्र मानी जाती है। कुटी के द्वितीय महन्त बाबा अवसान दास जी महाराज को सिद्ध पुरुष के रूप में जाना जाता था। मान्यता है कि, वे गहन आध्यात्मिक ज्ञान के धनी थे। संत समाज में जब भी किसी जटिल शास्त्रार्थ का समाधान नहीं निकलता था, तब उन्हें अयोध्या धाम आमंत्रित किया जाता था, जहां वे अपनी विद्वता से कठिन से कठिन प्रश्नों का उत्तर देकर संतों को संतुष्ट करते थे।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए तृतीय गद्दीधारक पूज्य लक्ष्मण दास जी महाराज ने भी कुटी की गरिमा और आध्यात्मिक धारा को सुदृढ़ बनाए रखा। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई थी। उनके ब्रह्मलीन होने के उपरांत यह प्रथम भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय संभ्रांत नागरिकों, श्रद्धालुओं तथा संत-महात्माओं ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने महन्त जी के सादगीपूर्ण जीवन, आध्यात्मिक साधना और समाज के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पूरे आयोजन में सामाजिक, धार्मिक एवं पारंपरिक समन्वय की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# कैंसर पीड़िता की मदद के लिए आगे आ रहे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता

● **मंडल महामंत्री ने रुपया 27485 व लालगंज भाजपा नगर संयोजक डा.बाबू तिवारी ने 10000 देकर किया मदद**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**रायबरेली...** सतांव चुनाव आते ही विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ता विधायक, एमपी, एम.एल.ए.गांव की गलियों में जनता से बड़े-बड़े वादे करते हैं लेकिन चुनाव खत्म होते ही गांव की गलियों की ओर निकलना भी मुनासिब नहीं समझते क्षेत्र की रहने वाली एक अत्यंत गरीब महिला जो लगभग 6 माह से कैंसर होने के कारण जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है ऐसी स्थिति में कोई भी आर्थिक मदद देने को तैयार नहीं है लेकिन अपनी दरियादिली दिखाते हुए कैंसर पीड़ित महिला कि मदद के लिए आज लालगंज भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री राजेश कुमार व भाजपा नगर संयोजक डॉक्टर बाबू तिवारी ने परिवार से मिलकर हर संभव इलाज तथा आर्थिक मदद का आश्वासन दिया साथ ही आर्थिक मदद के रूप में रुपए 27485 परिवार को इलाज करने के लिए सतांव क्षेत्र के शहजाद पुर गांव की रहने वाली कैंसर पीड़िता गुड्डी प्रजापति पत्नी गुड्डू प्रजापति जो कि लगभग 6 माह से कैंसर से पीड़ित है जिसका कई जगह इलाज कराने के बाद भी स्थिति नाजुक होती चली गई गरीबी के चलते जहां दो वक्त की रोटी के लाले पड़ रहे परिवार ने इलाज करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी कैंसर पीडित गुड्डी की माली हालत की जानकारी मिलते ही लालगंज भाजपा के नगर संयोजक व बजरंग दल के सक्रिय कार्यकर्ता डॉक्टर बाबू तिवारी भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री राजेश कुमार पीड़ित के घर जाकर पूरा हाल जाना और घर वालों तथा कैंसर पीडिता को जल्द स्वस्थ होने के लिए भगवान से प्रार्थना करते हुए कहां की हम हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहेंगे वहीं गांव के बूढ़े बुजुर्ग लोग काफी संख्या में उपस्थित रहे डॉक्टर बाबू तिवारी ने इसके पहले 10000 की मदद करके गरीब पीड़िता का हौसला बढ़ाया था उन्होंने यह भी बताया कि हम अपने संगठन से कहकर आगे और भी सहायता करेंगे जिससे भविष्य में और किसी अच्छे अस्पताल में इलाज कराया जा सके।

## ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र का 20वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**प्रवचन के जरिए दिया राजयोग और सात्विक जीवन का संदेश।**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के महेश नगर स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र का 20वां वार्षिकोत्सव रविवार को उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर माउंट आबू से आए हितेश भाई ने अपने प्रवचन में राजयोग के चार आधार बताए। उन्होंने कहा कि सात्विक अन्न, सत्संग और ब्रह्मचर्य जीवन को शुद्ध बनाते हैं। इनके बिना परमात्मा से सच्चा संबंध संभव नहीं है। मन की शांति और आत्मबल के लिए इन सिद्धांतों को अपनाना जरूरी है। सेवा केंद्र की संचालिका अलका दीदी ने बताया कि केंद्र की स्थापना 25 मई 2006 को हुई थी। तब से अब तक समाज के विभिन्न वर्गों को ईश्वरीय ज्ञान और दिव्य गुणों का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में बहनों ने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक प्रस्तुतियां दीं। संस्था की सक्रिय सदस्य अखिलेश ने अतिथियों को संस्था की सेवाओं की जानकारी दी। इस मौके पर पवन सिंह, सुरेश सिंह, सरिता गुप्ता, अनिल गुप्ता, राहुल भदोरिया, हरिनाम सिंह, अवनेन्द्र सिंह और जयप्रकाश सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# अंडर-18 क्रिकेट टूर्नामेंट: अटौरा टीम का शानदार प्रदर्शन, भूलसी को लगातार तीसरी हार, अजय प्रधान की टीम को करारी शिकस्त

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** अंडर-18 क्रिकेट टूर्नामेंट में अटौरा टीम ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए भूलसी की अजय प्रधान की टीम को करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला शुरुआत से ही रोमांच से भरपूर रहा, लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, अटौरा टीम ने हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम कर ली। इस जीत के साथ अटौरा ने न सिर्फ मैच जीता, बल्कि भूलसी टीम के खिलाफ अपनी लगातार तीसरी जीत भी दर्ज की, जिससे उनका मनोबल काफी ऊंचा हो गया है।

मैच की शुरुआत में अटौरा टीम के बल्लेबाजों ने आक्रामक रुख अपनाया। टीम के युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रिंस उर्फ बल्लू (15 वर्ष) ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सबका दिल जीत लिया। उन्होंने मात्र 18 गेंदों में 54 रन ठोककर विरोधी टीम के गेंदबाजों को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया। उनकी पारी में कई शानदार चौके-छक्के शामिल रहे, जिससे दर्शक झूम उठे और मैच का रुख पूरी तरह अटौरा की ओर मुड़ गया। वही अटौरा टीम को 140 रन बनाने थे,जो कि केवल 9 ओवर में अटौरा की ने लक्ष्य हासिल कर लिया7

प्रिंस के अलावा विनीत कुमार (17 वर्ष) ने भी शानदार सहयोग देते हुए 40 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों की साझेदारी ने टीम को मजबूत आधार दिया। इसके साथ ही अविनाश, निखिल, अरविंद और अंकुश गौतम ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए उपयोगी रन जोड़े, जिससे टीम का कुल स्कोर काफी प्रतिस्पर्धात्मक बन गया। गेंदबाजी में भी अटौरा टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रिंस पासी ने अपनी सटीक लाइन-लेंथ से बल्लेबाजों को परेशान करते हुए 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। वहीं टीम के कप्तान आजाद ने भी नेतृत्व का बेहतरीन उदाहरण पेश करते हुए 2 विकेट अपने नाम किए। दोनों गेंदबाजों ने मिलकर भूलसी टीम के बल्लेबाजी क्रम को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया।

फील्डिंग में भी अटौरा टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया। टोबू ने कई बेहतरीन और मुश्किल कैच पकड़कर मैच का रुख पूरी तरह अपनी टीम की ओर मोड़ दिया। उनकी फुर्ती और सतर्कता ने विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। वहीं राज ने भी मैदान पर शानदार फील्डिंग करते हुए कई रन बचाए और टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। दूसरी ओर, भूलसी की अजय प्रधान की टीम इस मैच में पूरी तरह संघर्ष करती नजर आई। टीम के प्रमुख बल्लेबाज शिवा, अनुज, लक्की और पारस अटौरा के मजबूत



गेंदबाजी आक्रमण के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सके और एक के बाद एक विकेट गंवाते चले गए। बल्लेबाजों के जल्दी आउट होने से टीम कभी भी मैच में वापसी नहीं कर पाई।

लगातार तीन बार अटौरा से हार झेलने के बाद भूलसी टीम के सामने अब अपनी रणनीति पर दोबारा विचार करने की चुनौती है। उन्हें बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभागों में सुधार करने की जरूरत है। वहीं अटौरा टीम की बात करें तो इस जीत ने उन्हें टूर्नामेंट में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित कर दिया है। टीम के खिलाड़ियों का आत्मविश्वास चरम पर है और जिस तरह से युवा खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया है, वह आने वाले मैचों के लिए शुभ संकेत है। अगर अटौरा टीम इसी तरह संतुलित और आक्रामक खेल जारी रखती है, तो टूर्नामेंट का खिताब जीतने की प्रबल दावेदार बन सकती है।

# घर में घुसकर पिता-पुत्र पर फायरिंग, दोनों गंभीर, गांव में दहशत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महमूदाबाद- सीतापुर** थाना क्षेत्र के ग्राम अंगेथवा के तुरनी गांव में रविवार तड़के करीब 3 बजे एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर सो रहे पिता और उसके मासूम बेटे पर ताबड़तोड़फायरिंग कर दी। इस हमले में 35 वर्षीय सुनील कुमार और उनका तीन वर्षीय पुत्र अभय गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया। परिजन दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। बिजली काटकर दिया वारदात को अंजाम परिजनों के अनुसार हमलावरों ने पहले घर के बाहर लगा बिजली का केबल काट दिया, जिससे पूरे घर में अंधेरा छा गया। इसके बाद बदमाशों ने घर के बाहर ईंटों से बंद किए गए दरवाजे पर लगे तिरपाल को हटाकर अंदर घुसकर सो रहे पिता-पुत्र पर फायरिंग कर दी। गोली चलने की आवाज से आसपास के लोग जाग गए, लेकिन तब तक हमलावर मौके से फरार हो चुके थे।

**-लूट की आशंका, मंदिर का ताला भी टूटा मिला** जांच के दौरान पुलिस को घर से करीब 100 मीटर दूर एक मंदिर के कमरे का ताला टूटा हुआ मिला,जहां से राशन सहित कुछ सामान गायब पाया गया। ग्रामीणों का मानना है कि वारदात लूट के इरादे से की गई हो सकती है, हालांकि पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। परिवार ने जताई हैरानी, नहीं थी किसी से रंजिश पीड़ित के बड़े भाई किशोरी लाल ने बताया कि परिवार की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। अचानक हुई इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है।



**-पुलिस जांच में जुटी, टीमें गठित** प्रभारी निरीक्षक मुकेश वर्मा ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। हमलावरों की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और मामले की गहन जांच जारी है। जबकि इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद गांव में भय का माहौल बना हुआ है और लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

# जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने पालिका परिषद मिश्रिख व नैमिषारण्य का किया औचक निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने आज नगर पालिका परिषद मिश्रिख व नैमिषारण्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से हैंडपंपों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने हैंडपंपों की मरम्मत से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया तथा यह जानकारी ली कि कितने हैंडपंप वर्तमान में क्रियाशील हैं और कितने खराब पड़े हैं। निरीक्षण के दौरान हैंडपंप अभिलेखों में कमी पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारी (पटल सहायक) का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

साथ ही जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से वार्डों की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सफाई, पेयजल एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पानी की टंकी की सफाई से संबंधित कोई भी अभिलेख प्रस्तुत न किए जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) पर नाराजगी व्यक्त की तथा कड़े निर्देश दिए कि सभी अभिलेख/फाइलें अद्यतन एवं पूर्ण रूप से संधारित रखी जाएं।

जिलाधिकारी ने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक वार्ड में सभी स्ट्रीट लाइट पोलों का क्रमांक (नंबरिंग) अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि निगरानी एवं अनुरक्षण कार्य सुचारु रूप से हो सके। स्ट्रीट लाइट से संबंधित अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने पर जिलाधिकारी ने पटल सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए तथा अधिशासी अधिकारी को व्यवस्था में सक्रियता एवं रुचि के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के रजिस्टर का भी अवलोकन किया तथा कुछ आवेदकों से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर सेवाओं की स्थिति के बारे में फीडबैक प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने ढ्ढत्नक्र्र क्क्षहल्ह्लड्डद्य की समीक्षा की। शिकायतें रजिस्टर में दर्ज न पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित पटल सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही जनसुनवाई रजिस्टर में शिकायतें दर्ज न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिशासी अधिकारी (ईओ) को कड़ी फटकार लगाई और निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का विधिवत पंजीकरण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं का भी अवलोकन किया। सेवा पुस्तिकाओं में अवकाश अंकित न पाए जाने पर उन्होंने संबंधित पटल सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही सेवा पुस्तिका के संधारण में रुचि न लेने पर अधिशासी अधिकारी (ईओ) पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों से संबंधित कक्ष में जाकर पत्रावलियों का भी अवलोकन किया। पत्रावलियों में कमी पाए जाने पर संबंधित पटल सहायक का वेतन रोकने के निर्देश दिए तथा अभिलेखों/पत्रावलियों का सुव्यवस्थित



एवं अद्यतन रख-रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने वाहनों के लॉगबुक का भी निरीक्षण किया। लॉगबुक में अधिशासी अधिकारी (ईओ) के हस्ताक्षर न पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की तथा ईओ के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त वंदन योजना के अंतर्गत नगर मिश्रिख स्टेशन से सीताकुंड धर्मशाला तक बनी सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर सड़क की गुणवत्ता की जांच की तथा उसकी लंबाई-चौड़ाई का मापन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किए जाएं। इस दौरान अतिरिक्त अधिकारियों ने नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर स्थानीय नागरिकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की तथा उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय प्रकरण में छात्रा के आरोप जांच में निकले निराधार

**तीन सदस्यीय समिति ने डीएम को सौंपी रिपोर्ट**

**महमूदाबाद- सीतापुर** बिलौली बाजार स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका इंटर कॉलेज से जुड़ा मामला अब पूरी तरह से जांचोपरांत स्पष्ट हो गया है। छात्रा द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच के बाद त्रिस्तरीय समिति ने उन्हें निराधार करार दिया है। समिति ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट साक्ष्यों के साथ जिलाधिकारी को सौंप दी है। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व विद्यालय की छात्रा शिवानी की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे गंभीर अवस्था में सीएचसी महमूदाबाद लाया गया था। इसके बाद छात्रा ने विद्यालय की कुछ शिक्षिकाओं पर झाड़ू-पोंछा कराने, खाना बनवाने, काम न करने पर भूखा रखने और लंबे समय तक खड़ा रखकर प्रताड़ित करने जैसे आरोप लगाए थे। इस मामले में शिक्षिका प्रियंका, अनुराधा और मानसी श्रीवास्तव के नाम भी सामने आए थे, मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया। इस समिति में एसडीएम बिसवां, एसडीएम महमूदाबाद और बेसिक शिक्षा अधिकारी को शामिल किया गया था। समिति को 24 घंटे के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे,11 अप्रैल को समिति ने विद्यालय पहुंचकर गहन जांच की। इस दौरान विद्यालय की छात्राओं और स्टाफ के बयान दर्ज किए गए तथा सीसीटीवी फुटेज का भी बारीकी से परीक्षण किया गया। जांच में यह तथ्य सामने आया कि छात्राओं को निर्धारित समय के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है और उनसे किसी प्रकार का निजी कार्य नहीं कराया जाता है। इसके अलावा जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित छात्राओं का आपसी व्यवहार पहले से अनुशासनहीन रहा है, जिस पर विद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व में परामर्श और चेतावनी दी जा चुकी थी, समिति ने अपने निष्कर्ष में स्पष्ट किया कि लगाए गए सभी आरोप असत्य और निराधार हैं। जांच रिपोर्ट साक्ष्यों सहित जिलाधिकारी को सौंप दी गई है, जिसके बाद मामले पर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो गई है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बिसवां सीतापुर** बिसवां नगर में रविवार को सेवा भारती के तत्वाधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में सेंट जेवियर्स स्कूल, मगरहिया बाजार में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रीय लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श, दवा वितरण, शुगर जांच एवं ब्लड प्रेशर (बीपी) जांच की सुविधा प्रदान की गई। इस दौरान चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश तिवारी एवं डॉ. विमल गुप्ता ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया और नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया। कार्यक्रम में सेवा भारती के कार्यकर्ताओं में राहुल सिंह पवार, सचिन जी, मोहित जसवाल, आशीष, अंशु रस्तोगी, आनंद एवं नवल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में कुल 40 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को काफी लाभ मिला।

# नया भारत, नई संसद: जहां निर्णयों में नारी दृष्टि होगी केंद्र में

**[ 2029 की लोकसभा — जब आधी आबादी बनेगी असली शक्ति ]**
**[ संसदीय सिस्टम रीसेट: प्रतिनिधित्व नहीं, अब वास्तविक शक्ति का इंस्टॉलेशन ]**

इतिहास के पन्नों पर दर्ज होने को तैयार एक नया अध्याय अब आकार ले रहा है, जहां भारतीय लोकतंत्र अपनी सबसे बड़ी कमी को सुधारने की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा रहा है। 8 अप्रैल 2026 को नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट द्वारा महिला आरक्षण कानून (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) में संशोधन को हरी झंडी मिलना महज़ एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना के पुनर्जागरण का संकेत है। 2029 के आम चुनाव के साथ ही जब यह व्यवस्था लागू होगी, तो लोकसभा का चेहरा पूरी तरह रूपांतरित नजर आएगा। यह बदलाव केवल सीटों की संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उस असंतुलन को खत्म करने का सशक्त प्रयास है, जिसने लंबे समय तक देश की आधी आबादी को सत्ता और निर्णय की मुख्य धारा से अलग-थलग रखा।

नवाचार और संतुलन के मेल से तैयार यह खाका बदलाव की सशक्त तस्वीर पेश करता है, जिसमें साहस के साथ संवेदनशीलता भी झलकती है। सबसे अहम बात यह है कि किसी मौजूदा सांसद की सीट छीने बिना महिलाओं के लिए व्यापक स्थान सुनिश्चित किया गया है। 543 से बढ़कर 816 सीटों तक का विस्तार केवल संख्या वृद्धि नहीं, बल्कि लोकतंत्र के दायरे को व्यापक बनाने की पहल है, जहां '50+33' का फार्मूला दूरदर्शी समाधान बनकर उभरता है। एक-तिहाई यानी 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, और यह प्रक्रिया 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन से लागू होगी। अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं को भी उनके हिस्से में भागीदारी देकर इस बदलाव को सामाजिक न्याय से जोड़ा गया है, जिससे यह पहल राजनीतिक बदलाव के साथ व्यापक सामाजिक परिवर्तन का आधार बनती है।

जब आंकड़े ही बदलाव की आवाज बन जाएं, तो सियासत की दिशा बदलना तय हो जाता है—और यही तस्वीर 2029 में उभरने वाली है, जब संसद में हर तीसरी आवाज महिला की होगी। आज जहां महिलाओं की मौजूदगी सीमित है, वहीं यह उछाल केवल संख्या का विस्तार नहीं, बल्कि सोच, सरोकार और फैसलों के तरीके में गहरा बदलाव लाएगा। बहसों की दिशा बदलेगी, प्राथमिकताएं नए सिरे से तय होंगी और निर्णय प्रक्रिया अधिक समावेशी बनेगी। अब तक किनारे पर पड़े मुद्दे—जैसे महिला सुरक्षा, पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य—नीति के केंद्र में आ जाएंगे। संसद का स्वर अधिक संतुलित, संवेदनशील और विविधतापूर्ण होगा, जहां नीतियां आंकड़ों से आगे बढ़कर जीवन के वास्तविक अनुभवों की जमीन पर आकार लेंगी।

नीति निर्माण की धुरी अब केवल कागजी औपचारिकताओं तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि समाज की वास्तविक पीड़ा और जरूरतों को केंद्र में रखकर घूमेगी। यह परिवर्तन एक ऐसी संवेदनशीलता को जन्म देगा, जहां कानून सीधे लोगों के जीवन से संवाद करते नजर आएंगे। मातृ स्वास्थ्य से लेकर बालिका शिक्षा और कार्यस्थल पर सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में ठोस और प्रभावी पहल का विस्तार होगा। जो समस्याएं अब तक ग्रामीण महिलाओं के हिस्से में चुपचाप सिमटी रहती थीं, वे अब नीतियों की आधारशिला बनेंगी। इसके परिणामस्वरूप योजनाओं का स्वरूप ही नहीं बदलेगा, बल्कि उनके क्रियान्वयन में भी गति, जवाबदेही और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देगी।

सियासी गलियारों में अब जीत की गणित से आगे बढ़कर नेतृत्व की गुणवत्ता की कसौटी तय होने वाली है, क्योंकि राजनीतिक दलों के सामने केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि सक्षम महिला नेतृत्व गढ़ना भी अनिवार्य बन जाएगा। उम्मीदवारों के चयन से लेकर उनके प्रशिक्षण और संसदीय कौशल को निखारने तक, हर स्तर पर गंभीरता बढ़ेगी। बीजेपी, कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों के बीच महिला उम्मीदवारों को लेकर प्रतिस्पर्धा तेज होगी, जिससे राजनीति में गुणवत्ता और जवाबदेही का स्तर स्वाभाविक रूप से ऊंचा उठेगा। यह परिवर्तन नई पीढ़ी की महिलाओं के लिए राजनीति के द्वार खोलेगा, जो अपने साथ नई दृष्टि, आत्मविश्वास और ऊर्जा लेकर सार्वजनिक जीवन में कदम रखेंगी।

जब निर्णय की मेज पर तस्वीर बदलती है, तो समाज का चेहरा भी बदलना तय हो जाता है—और यही असर इस परिवर्तन का होगा। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि परिवार, शिक्षा और रोजगार जैसे हर क्षेत्र में नई दिशा तय करेगी। गांवों और शहरों में बेटियों के सपनों को नई ऊंचाई मिलेगी और उनके भीतर यह विश्वास मजबूत होगा कि वे भी देश के सर्वोच्च मंच तक अपनी पहचान बना सकती हैं। लंबे समय से जकड़ी पितृसत्तात्मक सोच धीरे-धीरे कमजोर पड़ेगी और उसकी जगह समानता, सम्मान और संतुलन पर आधारित नया सामाजिक ढांचा मजबूती से उभरकर सामने आएगा।


परिवर्तन जितना विराट होता है, उसकी परीक्षा भी उतनी ही कठोर होती है—और यही चुनौती इस ऐतिहासिक कदम के साथ सामने आएगी। इतनी बड़ी संख्या में नई महिला सांसदों को प्रभावशाली और सक्षम नेतृत्व में ढालना आसान नहीं होगा। इसके लिए संसदीय प्रक्रियाओं की गहरी समझ, सटीक संवाद कौशल और मजबूत राजनीतिक रणनीति का विकास अनिवार्य होगा। साथ ही सुरक्षा, पर्याप्त संसाधन और सशक्त सहयोगी तंत्र सुनिश्चित करना भी जरूरी है, ताकि ये प्रतिनिधि पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी भूमिका निभा सकें। यदि इन पहलुओं पर गंभीरता और दूरदर्शिता के साथ काम किया गया, तो यह बदलाव केवल प्रतीक बनकर नहीं रहेगा, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में स्थायी और प्रभावशाली परिवर्तन की नींव रखेगा। लोकतांत्रिक परिवर्तन की यह यात्रा अब अपने सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच चुकी है, जहां 2029 की लोकसभा भारत के इतिहास में एक स्वर्णिम और निर्णायक अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रही है। यहां प्रतिनिधित्व केवल आंकड़ों का संतुलन नहीं रहेगा, बल्कि न्याय, समानता और वास्तविक भागीदारी की सशक्त चेतना बनकर उभरेगा। यह वह ऐतिहासिक क्षण होगा जब देश अपनी आधी आबादी को निर्णय निर्माण की पूर्ण शक्ति और अवसर प्रदान करेगा, जिससे लोकतंत्र और अधिक समावेशी, संवेदनशील और सशक्त स्वरूप ग्रहण करेगा। महिला आरक्षण कानून अब केवल एक विधायी व्यवस्था नहीं, बल्कि उस नए भारत का स्पष्ट और अटल संदेश बन चुका है, जो समानता, सहभागिता और प्रगति के पथ पर दृढ़ आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# अप्रैल की भीषण गर्मी और अनियमित वर्षा से बदलता जीवन का संतुलन

**देशभर में मौसम का असामान्य रूप और जनजीवन पर प्रभाव**

अप्रैल का महीना इस बार अपने साथ ऐसा मौसम लेकर आया है, जिसने लोगों की दिनचर्या को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। एक ओर उत्तर भारत में गर्मी का पारा तेजी से चढ़ रहा है और दूसरी ओर देश के कई हिस्सों में वर्षा और तूफान का दौर जारी है। इस कारण जनजीवन पर बुरा असर देखने को मिल रहा है। सुबह से ही तेज धूप का सामना करना पड़ता है और दोपहर तक गर्मी इतनी बढ़ जाती है कि बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। शाम के समय भी राहत नहीं मिलती और रात में भी गर्मी बनी रहती है। इससे लोगों की नींद और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। दूसरी ओर कई राज्यों में अचानक मौसम बदल जाता है और तेज हवा के साथ वर्षा शुरू हो जाती है। जिससे कामकाज रुक जाता है और लोगों को असुविधा होती है।



उत्तर भारत में इस समय गर्मी लगातार बढ़ रही है। राजस्थान उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश दिल्ली हरियाणा और पंजाब जैसे क्षेत्रों में तापमान तेजी से ऊपर जा रहा है। कई शहरों में तापमान चालीस डिग्री के आसपास पहुंच गया है और आने वाले दिनों में इसके बयालीस डिग्री तक जाने की संभावना है। इस कारण दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा दिखाई देने लगा है। लोग केवल जरूरी काम के लिए ही बाहर निकलते हैं और अधिकतर समय घरों में ही रहते हैं। गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी होने लगती है और थकान चक्कर और कमजोरी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

राजस्थान में गर्मी का असर और अधिक स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जयपुर कोटा उदयपुर बाड़मेर और जोधपुर जैसे शहरों में तापमान तेजी से बढ़ा है। बाड़मेर और कोटा में पारा उनतालीस डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। दिन के साथ अब रात में भी गर्मी का असर बना रहता है। जिससे लोगों को राहत नहीं मिलती। जल स्रोतों पर दबाव बढ़ गया है और कई क्षेत्रों में पानी की कमी महसूस की जा रही है। बाजारों में दिन के समय भीड़ कम हो गई है और लोग सुबह और शाम के समय ही अपने कार्य पूरे करने का प्रयास करते हैं।

उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में भी गर्मी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में लू चलने की संभावना जताई है। तापमान में वृद्धि के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। खुले में काम करने वाले मजदूर और किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। विद्यालयों में भी बच्चों के समय में बदलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि उन्हें इस तेज गर्मी से बचाया जा सके।

जहां एक ओर उत्तर भारत में गर्मी का प्रकोप है वहीं पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के कई हिस्सों में वर्षा और तूफान ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। अरुणाचल प्रदेश मेघालय मणिपुर नगालैंड और त्रिपुरा में आंधी और वर्षा की स्थिति बनी हुई है। कर्नाटक और केरल में भी कई स्थानों पर तेज वर्षा हुई है, जिससे सड़कों पर पानी भर गया है और यातायात प्रभावित हुआ है। अचानक मौसम बदलने से लोगों को अपने कार्यों में बार बार रुकावट का सामना करना पड़ रहा है।

देश के पहाड़ी क्षेत्रों में अभी भी ठंड का असर बना हुआ है। मनाली और उसके आसपास के क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई है और तापमान शून्य से नीचे चला गया है। यह स्थिति मैदानी क्षेत्रों की गर्मी से बिल्कुल अलग है। इससे यह स्पष्ट होता है कि देश के विभिन्न हिस्सों में मौसम की स्थिति कितनी भिन्न है।

जम्मू के अखनूर क्षेत्र में बवंडर जैसी दुर्लभ घटना भी देखी गई जो कुछ समय तक चली हालांकि इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ लेकिन इसने लोगों को चौंका दिया। इस प्रकार की घटनाएं यह संकेत देती हैं कि मौसम में अस्थिरता बढ़ रही है और प्राकृतिक संतुलन प्रभावित हो रहा है।

मौसम के इस बदलते स्वरूप का सबसे अधिक असर कृषि पर पड़ रहा है तेज गर्मी के कारण फसलों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और उत्पादन में कमी आने की आशंका है। वहीं अचानक वर्षा से कटाई के समय फसल खराब हो सकती है किसानों के लिए यह स्थिति अत्यंत कठिन हो रही है क्योंकि उनकी मेहनत पर मौसम का सीधा प्रभाव पड़ रहा है।

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी यह समय चुनौतीपूर्ण है गर्मी और उमस के कारण शरीर में पानी की कमी हो रही है और कई प्रकार की बीमारियां बढ़ रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह समय विशेष रूप से कठिन है। चिकित्सकों के अनुसार इस मौसम में अधिक पानी पीना चाहिए और धूप से बचना चाहिए।

आने वाले दिनों में मौसम के और अधिक कठोर होने की संभावना है। उत्तर और मध्य भारत में तापमान बयालीस डिग्री तक पहुंच सकता है, वहीं पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत में वर्षा और तूफान का दौर जारी रह सकता है। इस कारण लोगों को सावधानी बरतनी होगी और अपने कार्यों को मौसम के अनुसार ढालना होगा।

अप्रैल का यह महीना इस बार मौसम के दोहरे प्रभाव के कारण कठिन बन गया है। एक ओर भीषण गर्मी लोगों को परेशान कर रही है और दूसरी ओर वर्षा और तूफान नई समस्याएं उत्पन्न कर रहे हैं। यह स्थिति केवल एक मौसमी बदलाव नहीं बल्कि एक चेतावनी भी है कि हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक होना होगा और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के प्रयास करने होंगे तभी हम इस प्रकार की परिस्थितियों से सुरक्षित रह सकते हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

# बंगाल चुनाव में भरोसे का दांव और लोकतंत्र में संवाद की सशक्त झलक

पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव इस समय एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है जहां राजनीतिक संघर्ष केवल सत्ता प्राप्ति तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि यह विश्वास और पहचान की व्यापक परीक्षा बन गया है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की राजनीति को भरोसे की दिशा में मोड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने पूर्व बर्द्धमान के कटवा मुर्शिदाबाद के जंगीपुर और दक्षिण दिनाजपुर के कुशमंडी में आयोजित जनसभाओं में जनता से संवाद करते हुए ममता बनर्जी सरकार के पंद्रह वर्षों के कार्यकाल को अन्याय का काल बताया और केवल पांच वर्षों का अवसर मांगा।



प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में अवैध घुसपैठ के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में वोट बैंक की राजनीति के कारण घुसपैठ को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अब गंभीर रूप ले चुकी है और राज्य की सामाजिक संरचना को प्रभावित कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो इस समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा और राज्य की पहचान को सुरक्षित रखा जाएगा।

प्रधानमंत्री ने चुनाव को बंगाल की पहचान को बचाने की लड़ाई के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों में तेजी से जनसंख्या परिवर्तन हो रहा है जो भविष्य के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह अपने मूल नारे से हटकर अब केवल सत्ता बनाए रखने के लिए नए समीकरणों पर निर्भर हो गई है। यह बयान मतदाताओं को भावनात्मक रूप से जोड़ने का प्रयास भी माना जा रहा है।

कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि जो लोग जनता का हक खाएंगे उनके लिए अब सम्मान नहीं होगा बल्कि जेल के दरवाजे खुलेंगे। उन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार बनने पर सभी मामलों की जांच कराई जाएगी और जनता के सामने पूरा विवरण रखा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में भय का वातावरण समाप्त कर अवसर और विकास का नया युग शुरू किया जाएगा।

कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लेकर भी प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने बर्द्धमान की कृषि परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र कभी समृद्धि का प्रतीक था लेकिन अब अपनी पहचान खो चुका है। उन्होंने किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और उनकी मेहनत का फल उन्हें नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सरकार बनने पर किसानों को आर्थिक सहायता दी जाएगी और कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाया जाएगा।

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री ने विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसा वातावरण बनाया जाएगा जहां महिलाएं बिना भय के जीवन जी सकें। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर और सुरक्षा प्रदान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही उन्होंने शरणार्थी समुदायों को नागरिकता देने की प्रक्रिया को तेज करने का आश्वासन दिया जिससे लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे लोगों को राहत मिल सके।

प्रधानमंत्री ने चुनाव के दौरान तकनीकी माध्यमों के दुरुपयोग का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोधी दल कृत्रिम साधनों के माध्यम से भ्रामक संदेश फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे इस प्रकार के भ्रामक प्रचार से सावधान रहें। यह बयान आधुनिक चुनावी प्रक्रिया में तकनीक की बढ़ती भूमिका को भी दर्शाता है।

जहां एक ओर बंगाल में राजनीतिक संघर्ष अपने चरम पर है वहीं दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर पर लोकतांत्रिक संवाद की एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। संसद भवन परिसर में समाज सुधारक ज्योतिराव फुले की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच हुई संक्षिप्त बातचीत ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

यह बातचीत इसलिए महत्वपूर्ण रही क्योंकि सामान्यतः दोनों नेताओं को सार्वजनिक मंचों पर केवल औपचारिक अभिवादन करते ही देखा जाता है। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने एक दूसरे का अभिवादन किया और कुछ क्षणों के लिए बातचीत भी की। हालांकि बातचीत का विषय स्पष्ट नहीं हो पाया लेकिन यह दृश्य अपने आप में लोकतांत्रिक परंपरा का एक सकारात्मक संकेत था।

यह घटना यह दर्शाती है कि भारतीय लोकतंत्र में मतभेदों के बावजूद संवाद की संभावना हमेशा बनी रहती है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच भी आपसी सम्मान और संवाद की संस्कृति लोकतंत्र की मजबूती का आधार है। यह केवल एक औपचारिक क्षण नहीं बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादा का प्रतीक भी है।

समग्र रूप से देखा जाए तो बंगाल का यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का प्रश्न नहीं है बल्कि यह विश्वास पहचान और विकास के मुद्दों के बीच एक व्यापक संघर्ष है। प्रधानमंत्री का भरोसे की राजनीति का आह्वान और विपक्ष के साथ संवाद की झलक दोनों यह संकेत देते हैं कि लोकतंत्र में प्रतिस्पर्धा और संवाद दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। आने वाले समय में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जनता इन संदेशों को किस प्रकार ग्रहण करती है और किस दिशा में अपना निर्णय देती है।

**कांतिलाल मांडोत**

# असंयम कुप्रबंधन लापरवाही के चलते जान गंवाते श्रद्धालु!

अभी बिहार के नालंदा के देवी मंदिर धर्मस्थल पर भगदड़ में नौ श्रद्धालुओं की मौत का मामला ठंडा भी नही हुआ कि उत्तर प्रदेश के बड़े तीर्थ स्थल मथुरा के निकट वृंदावन में नाव हादसे का बेहद दुखदायी हादसा सामने आया है, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई है और अभी कुछ लापता भी हैं। आए दिन कभी पवित्र नदियों के स्नान पर्व पर कभी मंदिरों में दर्शन अवसर पर तो कभी तीर्थ यात्रा और तीर्थ स्थलों कभी शोभा यात्रा पुरी रथयात्रा रामलीला मेलों या गणेश मूर्ति विसर्जन के मौके पर हो रहे हादसों में सैकड़ों श्रद्धालुओं की जान जा रही है हर हादसे के बाद जांच की खाना पूर्ति की जाती है हर बार प्रबंधन की खामियां प्रशासन की लापरवाही सामने आती है लेकिन कोई बदलाव नहीं आता इससे पहले अगला हादसा हो जाता है।

आपको बता दें वृंदावन एक ऐसा तीर्थ स्थल है, जहां लाखों ही लोग जाते हैं। यहां भगवान कृष्ण जी ने अपना बचपन गुज़ारा। उनका जन्म मथुरा में हुआ। वृंदावन में सैकड़ों मंदिर हैं। यमुना के किनारे बसा होने के कारण यहां अनेक ही घाट हैं। यहां भगवान कृष्ण की याद में बना बांके बिहारी मंदिर लगातार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना रहता है। पंजाब से भी कुछ दर्जन श्रद्धालु यहां गए थे और लुधियाना, मुक्तसर एवं जगराओं के लगभग 37 श्रद्धालु यमुना में एक मोटर बोट पर सवारी कर रहे थे।

गहरे पानी में बने पाटून पुल जिसे अब हटाया जा रहा था, से श्रद्धालुओं की नाव टकरा गई, जिस कारण यह हादसा हो गया, परन्तु नज़दीक के नाव वालों और गोताखोरों ने इनमें से कई व्यक्तियों को बचा लिया। इससे पहले भी देश भर में ज्यादातर धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के लिए पूरे प्रबन्ध न किये जाने के कारण अक्सर हादसे हो जाते हैं जिनमें बड़ी संख्या में लोग शिकार हो जाते हैं। इस तरह के प्रत्येक बड़े हादसे के बाद विशेष रूप से मेलों और धार्मिक स्थलों पर एकत्रित हुए श्रद्धालओं संबंधी पुख्ता प्रबन्ध करने की योजनाएं बनाई जाती हैं। इन प्रबन्धों का कुछ प्रभाव भी पड़ता है। फिर भी स्थानीय प्रशासन द्वारा इन प्रबन्धों में त्रुटियां रह जाने के कारण या प्रबन्धकों की लापरवाही के कारण ऐसे दुखद हादसे घटित हो जाते हैं। ऐसा कुछ न घटित हो, इसकी ज़िम्मेदारी संबंधित राज्यों पर भी आती है। उनकी यह ज़िम्मेदारी बनती है कि वे प्रत्येक पक्ष से सचेत होकर प्रबन्ध करें, जिनसे श्रद्धालुओं की बड़ी से बड़ी संख्या को भी नियंत्रित किया जा सके, ताकि ऐसे हादसे न घटित हों। यमुना नदी की सैर करते हुए अथवा यहां एक से दूसरे स्थान पर नावों द्वारा जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रशासन को सचेत होने की ज़रूरत है। जिस समय यह हादसा घटित हुआ, उस समय मोटर बोट में 31 श्रद्धालु थे, जिनमें से किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। यह बात सुनिश्चित है कि यदि मोटर बोट के प्रबन्धकों या प्रशासन की ओर से नाव में बैठने वालों के लिए लाइफ जैकेट पहनना ज़रूरी किया जाता तो मरने वालों में ज्यादातर का बचाव होने की बड़ी सम्भावना थी।

इस संबंध में सरकार का भी यह कर्तव्य बनता है कि वह किसी भी धार्मिक या अन्य त्यौहार पर अथवा यदि किसी स्थान पर भारी जनसमूह जमा होने की सम्भावना हो, तो वह विशेष प्रबंध किए जाने के निर्देश दे और स्थानीय सरकारों द्वारा किए गए प्रबन्धों संबंधी भी केन्द्र सरकार से संबंधित अधिकारियों द्वारा सम्पर्क बनाए रखना ज़रूरी होना चाहिए। चाहे प्रधानमंत्री द्वारा और पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा भी प्रभावित परिवारों के लिए राहत की घोषणा की गई है परन्तु ऐसे हादसों के कारण लम्बी अवधि तक संबंधित परिवारों को बड़ी त्रासदी भोगनी पड़ती है। समाज के सभी वर्गों और प्रशासनों को यह सुनिश्चित बनाना चाहिए कि भविष्य में ऐसा कुछ घटित न हो वहीं श्रद्धालुओं को भी पर्याप्त सावधानी और उत्साह के अतिरेक से बचना चाहिए एक ही दिन एक ही अवसर पर क्षमता से अधिक लोगों का एक स्थान पर स्नान पूजा मेला कथा शोभायात्रा में जमावड़ा करना और संयम खो कर धक्का मुक्की कर व्यवस्था बिगाड़ना कौन सी धार्मिकता का परिचय देता है? हर आयोजन में दो चार फीसदी ऐसे उश्रृंख लोगों की मौजूदगी रहती है जो अनावश्यक टकराव और अराजकता फैलाने का काम करते हैं। ऐसे लोग न भक्त हो सकते हैं न श्रद्धालु ये सिर्फ धार्मिक चोला पहन कर उन्माद मचाने का काम करते हैं और सच्चे श्रद्धालुओं के जीवन के लिए खतरा पैदा करने का काम करते हैं ऐसे ही लोग कांवड़ियों के वेश में शामिल होकर की बार उपद्रव करने का प्रयास करते हैं।सभी श्रद्धालुओं का कर्तव्य है कि वह व्यवस्था बना रही पुलिस मंदिर कमेटी के स्वयं सेवकों के निर्देशानुसार संयमित व्यवहार करें आपाधापी लाइन तोड़ कर आगे बढने की स्वार्थी प्रवृति से बचना चाहिए वही धार्मिक उपदेशक कथा वाचक भी अपने अनुयायियों को इन अवसरों पर नैतिकता संयम बनाने के लिए आगाह कर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।कोई भी हादसा अनेक जीवन खासकर महिलाओं बच्चो के जीवन को खत्म कर परिवार को न भूलने वाला दुख देता है इस को टाला जा सकता है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# लोकतंत्र की पुनर्रचना: आरक्षण, परिसीमन और भारत का भविष्य

भारत का लोकतंत्र सदैव एक जीवंत और गतिशील प्रयोग रहा है ऐसा प्रयोग जो अपनी विविधता, अपनी जटिलता और अपनी अंतर्विरोधों के साथ भी निरंतर आगे बढ़ता रहा है। स्वतंत्रता के पचहत्तर वर्षों से अधिक की यात्रा में यह लोकतंत्र अनेक परीक्षाओं से गुजरा है, अनेक संकटों को पार किया है और अनेक ऐतिहासिक मोड़ों पर खड़ा रहा है। किंतु वर्तमान समय जो प्रश्न उठा रहा है, वह केवल नीति या विधान का प्रश्न नहीं है यह उस मूलभूत प्रश्न का उत्तर खोजने का प्रयास है कि क्या भारत अपनी आधी जनसंख्या को वास्तविक शासन-सत्ता में भागीदार बनाने के लिए सचमुच तत्पर है। यह प्रश्न महिला आरक्षण और परिसीमन के उस संयुक्त विमर्श से उभरा है, जो आज भारतीय राजनीति के केंद्र में है। इसे समझने के लिए पहले उस स्थिति को देखना आवश्यक है जो दशकों से बनी हुई है। स्वतंत्रता के पश्चात जब प्रथम लोकसभा गठित हुई, तब उसमें केवल बाईस महिला सदस्य थीं। यह संख्या तब से अत्यंत धीमी गति से बढ़ी है। 17वीं लोकसभा में यह लगभग 15% के आसपास ही पहुँची। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहाँ अनेक राज्यों में महिला विधायकों का औसत दस प्रतिशत से भी कम है। सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक संसद का सत्र बुलाया बुलाया है। इस दौरान संविधान संशोधन बिल लाने की तैयारी है। सरकार महिलाओं को 33% आरक्षण देने के साथ लोकसभा और विधानसभा सीटों में 50% तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव ला सकती है। इसके तहत लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 हो जाएगी।

इसी असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से संसद ने वह ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन पारित किया जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाता है। इसके अंतर्गत लोकसभा और समस्त राज्य विधानसभाओं में एक-तिहाई अर्थात तैंतीस प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है। यह आरक्षण अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए पहले से आरक्षित सीटों पर भी लागू होगा, जिसका अर्थ यह है कि सामाजिक न्याय की दोहरी परत इस व्यवस्था में समाहित है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव यह बताता है कि जब किसी विधायिका में महिलाओं की भागीदारी तीस प्रतिशत के आसपास पहुँचती है, तो स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल कल्याण और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर नीति-निर्माण की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखा जाता है। रवांडा जैसे देश, जहाँ संसद में महिलाओं की भागीदारी साठ प्रतिशत से अधिक है, इसके जीवंत उदाहरण हैं।

किंतु इस अधिनियम का सबसे विवादास्पद पक्ष इसका कार्यान्वयन है। यह स्पष्ट किया गया है कि यह आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा, बल्कि इसे आगामी जनगणना और उसके पश्चात होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू किया जाएगा। वर्तमान संकेतों के अनुसार इसे वर्ष दो हजार उनतीस के आम चुनाव तक लागू करने की योजना है। इस विलंब ने अनेक राजनीतिक दलों और महिला संगठनों में असंतोष उत्पन्न किया है। उनका तर्क है कि जो अधिकार न्यायसंगत है और जिसकी आवश्यकता स्वीकार की जा चुकी है, उसे किसी तकनीकी प्रक्रिया के अधीन क्यों बनाया जाए।

परिसीमन की प्रक्रिया स्वयं में एक अत्यंत जटिल और संवेदनशील विषय है। इसका सरल अर्थ है जनसंख्या के आधार पर संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पुनर्निर्धारण, ताकि प्रत्येक प्रतिनिधि लगभग समान जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करे और लोकतंत्र की मूल भावना एक व्यक्ति, एक मत, एक मूल्य सुनिश्चित हो सके। भारत में अंतिम व्यापक परिसीमन उन्नीस सौ इकहत्तर की जनगणना के आधार पर किया गया था। उसके बाद यह प्रक्रिया इस उद्देश्य से स्थगित कर दी गई कि यदि जनसंख्या वृद्धि के अनुपात में सीटें बढ़ाई गईं, तो परिवार नियोजन को सफलतापूर्वक लागू करने वाले राज्यों को राजनीतिक हानि उठानी पड़ेगी। यह स्थगन एक नैतिक निर्णय था, किंतु अब जब पाँच दशक से अधिक समय बीत चुका है और जनसंख्या का वितरण नाटकीय रूप से बदल चुका है, तो परिसीमन की अनिवार्यता से मुँह नहीं मोड़ा जा सकता।



वर्तमान जनसंख्या आँकड़ों पर दृष्टि डालें तो उत्तर प्रदेश की जनसंख्या लगभग पच्चीस करोड़ से अधिक है, बिहार की लगभग तेरह करोड़, जबकि केरल की जनसंख्या लगभग साढ़े तीन करोड़ और तमिलनाडु की लगभग साढ़े सात करोड़ है। यदि परिसीमन पूर्णतः जनसंख्या के आधार पर होता है, तो उत्तर भारत के राज्यों को संसद में अनेक अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं, जबकि दक्षिण भारत के राज्यों की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत घट सकती है। दक्षिण के राज्यों का तर्क यह है कि उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, राज्य की नीतियों का अनुपालन किया और अब उन्हें इसी अनुपालन के कारण राजनीतिक प्रतिनिधित्व में कमी का सामना करना पड़ रहा है। यह केवल संख्याओं का विवाद नहीं है यह उस संघीय भावना का प्रश्न है जिसके आधार पर भारत का ताना-बाना बुना गया है।

इस संकट से निपटने के लिए एक प्रस्ताव यह आया है कि लोकसभा की कुल सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की जाए। वर्तमान में लोकसभा में पाँच सौ तैंतालीस निर्वाचित सीटें हैं। परिसीमन के बाद यह संख्या आठ सौ या इससे भी अधिक तक जा सकती है। इस वृद्धि का तर्क यह है कि यदि सीटों की कुल संख्या बढ़ाई जाए, तो किसी भी राज्य की वर्तमान सीटें घटाए बिना नई जनसंख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है। इससे दक्षिण भारत के राज्यों की आशंका कुछ हद तक कम हो सकती है। किंतु इसके साथ यह प्रश्न भी उठता है कि क्या आठ सौ या उससे अधिक सदस्यों वाली संसद प्रभावी ढंग से कार्य कर सकती है, क्या विधायी विमर्श की गुणवत्ता बनी रह सकती है और क्या नई संसद भवन इतनी बड़ी संख्या को समायोजित करने में सक्षम होगा। नए संसद भवन में एक हजार से अधिक सदस्यों की बैठने की व्यवस्था इस दिशा में एक दूरदर्शी तैयारी के रूप में देखी जा सकती है।

महिला आरक्षण और सीट-वृद्धि का यह संयोजन भारतीय दलीय राजनीति के भीतर भी गहरे परिवर्तन उत्पन्न करेगा। प्रत्येक दल को अपनी एक-तिहाई सीटें महिला प्रत्याशियों के लिए सुनिश्चित करनी होंगी। यह व्यवस्था उन महिलाओं के लिए अवसर का द्वार खोलेगी जो प्रतिभावान हैं, सक्रिय हैं, किंतु दलीय संरचना के भीतर टिकट पाने में असमर्थ रही हैं। साथ ही यह प्रश्न भी उठता है कि दल किन महिलाओं को आगे लाएँगे, क्या वे वास्तव में स्वतंत्र और सशक्त नेत्रियाँ होंगी, या केवल परिवारवाद के विस्तार के रूप में उन्हें मैदान में उतारा जाएगा। पंचायत स्तर का अनुभव इस संदर्भ में मिश्रित रहा है। एक ओर लाखों महिला प्रतिनिधियों ने ग्रामीण प्रशासन में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है, पेयजल, स्वच्छता और विद्यालयों के विषय में निर्णय लिए हैं; तो दूसरी ओर अनेक स्थानों पर परिवार के पुरुष सदस्य ही वास्तविक निर्णय-कर्ता बने रहे और महिला प्रतिनिधि केवल प्रतीकात्मक भूमिका तक सीमित रहीं।

इसीलिए यह समझना आवश्यक है कि केवल आरक्षण पर्याप्त नहीं है। राजनीतिक दलों के भीतर महिलाओं को वास्तविक निर्णय प्रक्रिया में स्थान मिलना चाहिए। संसदीय समितियों में, मंत्रिमंडल में, नीति-निर्माण के हर स्तर पर उनकी भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। आरक्षण द्वार खोलता है, किंतु उस द्वार से होकर जो यात्रा होती है, वह वातावरण, व्यवस्था और सांस्कृतिक दृष्टिकोण पर निर्भर करती है। यह भी महत्वपूर्ण है कि अन्य पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए इस आरक्षण के भीतर उनकी पर्याप्त भागीदारी कैसे सुनिश्चित होगी, यह प्रश्न अभी विमर्श की प्रतीक्षा में है।

भारत इस समय एक ऐसे ऐतिहासिक सन्धिकाल पर खड़ा है, जहाँ से दो मार्ग जाते हैं। एक मार्ग वह है जहाँ यह सारी व्यवस्था महिला आरक्षण, परिसीमन, सीट-वृद्धि - एक समग्र, संतुलित और संवेदनशील ढंग से लागू होती है और भारतीय लोकतंत्र वास्तव में अधिक समावेशी, अधिक प्रतिनिधिक और अधिक न्यायपूर्ण बनता है। दूसरा मार्ग वह है जहाँ ये प्रावधान केवल कागजी रह जाते हैं, क्षेत्रीय असंतुलन और सामाजिक विभाजन गहरे होते हैं और एक ऐतिहासिक अवसर व्यर्थ चला जाता है।

भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक परिपक्वता इसी में प्रकट होगी कि वह इन जटिलताओं के बीच संतुलन साध सके, संघीय भावना की रक्षा करते हुए महिलाओं को वास्तविक सत्ता-भागीदारी दे सके और यह सुनिश्चित कर सके कि प्रतिनिधित्व केवल एक संख्यात्मक उपलब्धि न बनकर सामाजिक परिवर्तन का सेतु बने। यह बहस केवल एक अधिनियम या एक प्रक्रिया की बहस नहीं है - यह उस प्रश्न की बहस है कि भारत किस लोकतंत्र का निर्माण करना चाहता है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों के विवाद में हंसुआ से प्रहार हाथ के अंगुली में चले टांका , कोतवाली पहुंचा मामला



**स्थानीय पुलिस ने मामले को लिया संज्ञान**

**महराजगंज–** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के लोहरौली गांव में बीते दिन बच्चों के मामली विवाद में मारपीट हो गया । दूसरे दिन पीड़ित पक्षों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार पूनम पत्नी श्रवण चौरसिया ने बताया कि एक सप्ताह पहले दिन में समय करीब 1 बजे में बच्चों- द्वारा के आपसी वाद-विवाद को लेकर अन्नू पत्नी सुरजीत चौरसिया ग्रामवासी ने भद्दी- भद्?दी गाली-गुप्ता देने लगी । पीड़िता के द्वारा गाली-गुप्ता का विरोध किया गया तो नाराज होका अन्नू पत्नी सुरजीत चौरसिया प्रार्थीनी को मारने - पिटने लगी तथा जान से मारने की धमकी देने लगी । जब पीड़िता के पति सरवन चौरसिया प्रर्थिनी का बिच-बचाव करने गये तो अन्नू ने श्रवण चौरसिया को भी गाली-गुप्ता देते हुए विवाद करने लगी जिससे उनके हाथ के एक अंगुली पर चोट आ गई । कुछ देर बाद पारस चौरसिया पुत्र रामवृक्ष चौरसिया तथा शैलेश चौरसिया पुत्र पारस चौरसिया जो कि प्रार्थन्नी के ही ग्रामवासी है गाली-गुप्ता देने लगे । परिवार के लोग काफी डरे - सहमे है कि भविष्य में कहीं कोई अप्रिय हादसा ना होवे।

### उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ( विधि प्रकोष्ठ)का महासचिव मनोनीत होने पर बधाई



**खजनी गोरखपुर** –बार एसोसिएशन खजनी के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ मल्लू लाल को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ( विधि प्रकोष्ठ) का महासचिव मनोनीत किए जाने पर खजनी तहसील के कांग्रेसियों ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सत्यप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ मल्लू लाल को विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा जिले के कांग्रेसियों ने आशा जताई है कि सत्यप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ मल्लू लाल के विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव मनोनीत होने पर जिले में कांग्रेस पार्टी का जनाधार बढ़ेगा । बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों मे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व-विजय सिंह, राजेश तिवारी अध्यक्ष उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी गोरखपुर, ज्ञानेंद्र शाही,ज्ञान पाठक,श्रीश उपाध्याय, सत्येन्द्र, गिरिश उपाध्याय ,त्रिपाठी, हौशिला पांडेय, विक्रमादित्य प्रसाद जिला उपाध्यक्ष, कमलेश पांडेय एडवोकेट, प्रेमचंद गौड़ एडवोकेट, सत्येन्द्र निषाद,अरुण कुमार, जयंत पाठक, हरि विशाल त्रिपाठी, संजय पांडेय एडवोकेट, पंकज कुमार श्रीवास्तव, एडवोकेट मुन्ना लाल यादव, एडवोकेट सुभाष चन्द्र यादव, रामसमुझ एडवोकेट आदि लोग प्रमुख हैं।

### PM आवास योजना: 17 अप्रैल तक करें आवेदन, लॉटरी से मिलेगा फ्लैट




**कानपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत सस्ते मकानों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल तय की गई है। कानपुर विकास प्राधिकरण (KDA) ने कुल 205 फ्लैट और कुछ प्लॉट बिक्री के लिए जारी किए हैं। सबसे ज्यादा 139 फ्लैट महावीर नगर में, जबकि भागीरथी-जान्हवी, सकरापुर और रामगंगा इन्क्लेव में भी आवास उपलब्ध हैं। सरकारी अनुदान (2.50 लाख) के बाद लाभार्थियों को करीब 3.63 लाख से 5.06 लाख तक भुगतान करना होगा। योजना में SC, OBC और सामान्य वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान है। आवेदन प्रक्रिया HDFC Bank के माध्यम से ऑनलाइन होगी, जिसके लिए 5000 पंजीकरण शुल्क देना होगा। चयन प्रक्रिया लॉटरी सिस्टम से की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न आय वर्ग के लोगों को किफायती आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर प्रशासन का हंटर, जांच अभियान तेज

**●दैनिक स्वतंत्र प्रभात खबर को अधिकारियों ने लिया संज्ञान, क्षेत्रीय अभिभावकों में खुशी की लहर**


निजी स्कूलों की मनमानी, एनसीआरटी को दरकिनार कर बेची जा रही निजी प्रकाशकों की पुस्तकें

●निजी स्कूलों द्वारा बच्चों के भविष्य से ज्यादा प्रकाशकों और स्कूलों के मुनाफे को दिया जा रहा प्राथमिकता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

रतनपुर/महराजगंज। शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही निजी स्कूल संचालकों की मनमानी और सिंडिकेट का बोलबाला है, जिससे अभिभावकों की जेब पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। शासन के स्पष्ट निर्देशों और कड़े नियमों के बावजूद निजी स्कूलों ने शिक्षा को पूरी तरह से व्यापार बना दिया है। निजी विद्यालयों द्वारा एनसीईआरटी की सस्ती और सुलभ पुस्तकों को दरकिनार कर निजी प्रकाशकों की बेहद महंगी पुस्तकों को पाठ्यक्रम में अनिवार्य कर दिया गया है। गहरे कमीशनखोरी के खेल के कारण उन्हें प्राइवेट पब्लिशर्स के पूरे सेट खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। ये पुस्तकें खुले बाजार में कहीं उपलब्ध नहीं होती। बल्कि यह पुस्तक स्कूलों द्वारा निर्धारित कुछ चुनिंदा दुकानों या स्कूल के ईर्द-गिर्द के फिक्स दुकानों व स्कूलों पर ऊंचे दामों पर उपलब्ध है। आलम यह है कि एनसीआरटी के मुकाबले चुनिंदा प्रकाशकों की किताबें करीब चार गुना अधिक दर पर अभिभावकों को मिलता है। साथ ही चुनिंदा प्रकाशकों की किताबें स्कूल प्रबंधन को करीब पचास प्रतिशत से अधिक डिस्काउंट पर मिलता है लेकिन अभिभावकों को एमआरपी की मार झेलनी पड़ती है। सत्र की शुरुआत के साथ ही बुक स्टोरों पर लगने वाली लंबी कतारें और भारी-भरकम बिल मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों की कमर तोड़ रहे हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए कड़ा रुख उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निजी स्कूलों द्वारा शुल्क विनियमन अधिनियम का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगा। डीएम ने आदेश दिया है कि कोई भी स्कूल कॉपी-किताब या ड्रेस के लिए किसी विशेष दुकान को निर्धारित नहीं करेगा और न ही स्वयं इनका विक्रय करेगा। साथ ही अगले पांच वर्षों तक स्कूल ड्रेस में कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। पारदर्शिता लाने के लिए जिलाधिकारी ने नायब तहसीलदार, खण्ड शिक्षा अधिकारी और राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की एक त्रिसदस्यीय विशेष जांच समिति गठित की है। यह समिति स्कूलों के पिछले पांच वर्षों के रिकॉर्ड, शुल्क विवरण और ड्रेस-पुस्तकों की सघन जांच कर रिपोर्ट सौंपेगी। डीएम ने यह भी साफ कर दिया है कि 5 प्रतिशत से अधिक शुल्क वृद्धि करने वाले स्कूलों को नोटिस जारी कर अतिरिक्त वसूली गई फीस को भविष्य के शुल्क में समायोजित कराया जाएगा। प्रशासन की इस सख्ती से

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा के नाम पर की जा रही मनमानी और अभिभावकों के आर्थिक शोषण के खिलाफ 'दैनिक स्वतंत्र प्रभात' समाचार पत्र द्वारा लगातार प्रमुखता से प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। जिलाधिकारी के सख्त रुख के बाद नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के निजी शिक्षण संस्थानों में हड़कंप मचा हुआ है। जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन ने जांच अभियान को तेज कर दिया है, जिसके तहत नौतनवा उपजिलाधिकारी नवीन कुमार व खण्ड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार मिश्र समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त टीमें लगातार क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण कर रही हैं। प्रशासन ने समाचार पत्र में प्रकाशित तथ्यों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए सभी निजी स्कूल संचालकों को कड़ा अल्टीमेटम जारी किया है। इसके तहत सभी स्कूलों से पिछले पांच वर्षों का विस्तृत फीस रिकॉर्ड मांगा गया है। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि कोई भी निजी स्कूल संचालक 5 प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ाता है तो उसे नोटिस जारी कर अतिरिक्त राशि को भविष्य के शुल्क में समायोजित करवाया जाएगा। साथ ही साथ स्कूल प्रबंधन किसी विशेष दुकान से पुस्तक व अन्य सामान खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा तथा अगले 5 शैक्षणिक वर्षों तक ड्रेस बदलने पर भी पूरी तरह से रोक लगा दिया गया है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि नियम विरुद्ध तरीके से फीस व अन्य में कितनी बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही अभिभावकों को बड़ी राहत देते हुए प्रशासन ने सभी स्कूलों को एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को भी लागू करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई भी निजी स्कूल संचालक निर्धारित मानकों का उल्लंघन करता पाया गया या पुरानी मनमानी जारी रखा तो उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई के साथ-साथ मान्यता रद्द करने की संस्तुति भी की जाएगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर स्थानीय अधिकारियों द्वारा लगातार क्षेत्र के स्कूलों का जांच-पड़ताल कर आख्या भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के अभिभावकों में संतोष की लहर है।

## नाबालिक छात्र सत्यम के सिर पर जानलेवा हमला, खून से लथपथ

**●कोतवाली ठूठीबारी तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने पहुंचे परिजन**

**डायल 112 की सूचना पर भी नहीं कोई ठोस कार्यवाही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज–** कोतवाली ठूठीबारी थाना क्षेत्र के जमुई गांव में बीते दिन पुरानी रंजिश में एक नाबालिक छात्र पर गांव का ही सिरफिरे ने ताबड़तोड़ हमला कर दिया ,जिसके बाद नाबालिक सत्यम उम्र करीब 15 वर्ष घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक पीड़ित के पिता ने कोतवाली ठूठीबारी में दिए तहरीर बताया कि प्रार्थी संजय पुत्र राम अवध साकिन मौजा जमुई कला थाना ठूठीबारी जनपद महाराजगंज का निवासी है। दिनांक 11-04-2026 को समय करीब 8 बजे प्रार्थी का पुत्र सत्यम उम्र 15 वर्ष गाँव के ही एक अपने सहपाठी के यहां किताब मांगने गया था कि प्रार्थी के गांव के रहने वाला निपेंद्र पुत्र योगेन्द्र पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी के पुत्र को जान से मारने के नियत से लोहे के रॉड से सिर पर जानलेवा हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया जिससे प्रार्थी का पुत्र सत्यम लुहालुहान होकर जमीन पर गिर गया उसके बाद उक्त निपेंद्र ने प्रार्थी के पुत्र के सीने पर बैठकर गला दबा दिया। और तब तक दबाए रखा जब तक कि उक्त निपेंद्र को यह विश्वास नहीं हो गया कि प्रार्थी का पुत्र सत्यम मर गया है, इसके बाद उक्त निपेंद्र ने प्रार्थी के पुत्र को अचेत अवस्था में छोड़कर भाग गया कुछ देर बाद शोर शराबा सुन कर प्रार्थी घटना स्थल पर पहुंचा तो देखा कि प्रार्थी का पुत्र अचेत अवस्था में जमीन पर गिरा है, मुंह, नाक और सिर से खून निकल रहा है, तब प्रार्थी ने पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दिया और अपने पुत्र सत्यम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल भर्ती कराया । इस संबंध में क्षेत्राधिकारी निचलौल शिव प्रताप सिंह ने बताया कि विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## गोरखपुर में स्टारवेल फाउंडेशन द्वारा भव्य 'शिक्षा महाकुंभ' (शिक्षा सम्मेलन) और नि:शुल्क कैरियर परामर्श का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर** - स्टारवेल फाउंडेशन के तत्वावधान में गोरखपुर के नौकाविहार तारामंडल स्थित होटल कोर्टयार्ड में एक भव्य 'शिक्षा महाकुंभ' (शिक्षा सम्मेलन) और नि:शुल्क करियर परामर्श कार्यक्रम काऊ आयोजन किया गया। पूर्वांचल क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए, 12वीं कक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ इस कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम में 12वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके 500 से अधिक विद्यार्थियों, तथा 100+ से अधिक शिक्षकों और अभिभावकों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान, देश-विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों तथा विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को 12वीं कक्षा पूरी करने के बाद उपलब्ध विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सही दिशा में मार्गदर्शन देना और उन्हें ऐसा करियर मार्ग चुनने के लिए प्रेरित करना था जो उनकी विशेष रुचियों और क्षमताओं के अनुरूप हो। विद्यार्थियों को कौशल विकास, उच्च शिक्षा और रोजगार के क्षेत्रों में उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में भी जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए, स्टारवेल फाउंडेशन के निदेशक योगेश सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को उनके भविष्य के संबंध में एक स्पष्ट दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने प्रतिभाशाली और योग्य विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) और नि:शुल्क करियर मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराने की भी घोषणा की। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को अपने करियर के संबंध में सही निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में स्टारवेल फाउंडेशन के निदेशक योगेश सिंह के साथ-साथ देश भर के 30 से अधिक विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रवेश निदेशक समन्वयक और परामर्शदाता भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को शानदार सफलता दिलाने में स्टारवेल फाउंडेशन की टीम ने अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अधूरे शौचालय और दूषित पेयजल का प्रयोग करने के लिए मजबूर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर ।** विकास खंड गोला विकास खंड के ग्राम पंचायत सहड़ौली स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय बुनियादी सुविधाओं की कमी है। वर्षों बाद भी यहां के छात्र अधूरे शौचालय और दूषित पेयजल की समस्या से जूझने को मजबूर हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार विद्यालय परिसर में वर्तमान पंचवर्षीय योजना के तहत शौचालय का निर्माण तो कराया गया, लेकिन उसकी छत आज तक नहीं डाली गई। वहीं पुराने शौचालयों की हालत भी खराब है किसी में दरवाजा है तो किसी में नहीं। साफ-सफाई की स्थिति भी चिंताजनक है, क्योंकि तैनात सफाईकर्मी कई-कई महीनों में एक बार ही विद्यालय पहुंचता है।

पेयजल के नाम पर विद्यालय में लगा इंडियामार्का हैंडपंप अब दूषित पानी दे रहा है। ग्रामीणों व विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा कई बार शिकायत के बावजूद उसका पुनः बोरिंग नहीं कराया गया, जिससे छात्र-छात्राएं अशुद्ध पानी पीने को मजबूर हैं। इसी समस्या को लेकर ग्रामीण अरविंद राय ने उपजिलाधिकारी अमित जायसवाल को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि शौचालय अधूरा है और पुराने शौचालय उपयोग योग्य नहीं हैं, जबकि पेयजल के लिए केवल एक हैंडपंप है जो दूषित पानी देता है। प्रधानाचार्य चंद्रकेतू प्रसाद ने बताया कि उन्होंने हाल ही में कार्यभार ग्रहण किया है और ग्राम प्रधान को कई बार समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। मामले की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को भी दे दी गई है। वहीं प्रधान प्रतिनिधि संतराज सिंह ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई भी शौचालय अधूरा नहीं है और सभी ठीक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हैंडपंप के रिबोरिंग के लिए फिलहाल बजट नहीं है। सफाईकर्मी की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार अन्य स्थानों पर लगी होने के कारण वह विद्यालय नहीं पहुंच पा रही है। खंड शिक्षा अधिकारी उदय शंकर राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और इसकी जांच कराई जा रही है।

## युवती की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

**●परिजनों ने आनन-फानन में किया अंतिम संस्कार का प्रयास, पुलिस ने रोका**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** – कृष्णानगर मोहल्ले में रविवार को एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में शव का अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर ली थी और उसे हथियानाला घाट ले गए थे, लेकिन सूचना मिलने पर पुलिस ने हस्तक्षेप किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णानगर मोहल्ले की है। युवती अपने पति से अलग रह रही थी और मायके में अपने भाई-बहन व मां के साथ रहती थी। पड़ोसियों ने परिजनों पर ही युवती की हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि युवती को घर में हिस्सेदारी को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। आज सुबह वह दूध लेने भी गई थी, लेकिन थोड़ी देर बाद उसकी मौत की खबर आई। घर के सदस्यों ने महिला के शरीर को पूरी तरह ढका हुआ था और जल्द से जल्द अंत्येष्टि की तैयारी कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस टीम हथियानाला श्मशान घाट पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# भीमराव अंबेडकर जयंती से पहले गांव में तनाव, निजी जमीन पर मूर्ति बनवाये जाने का आरोप

**●डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को , भारतीय संविधान के जनक बाबासाहेब न्याय के थे प्रतीक**

**दलित बस्ती के कुछ लोग नए मूर्ति स्थापना को लेकर अड़े, तहरीर देकर न्याय की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज** –कोतवाली ठूठीबारी क्षेत्र के ग्राम बेलवा में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती से ठीक पहले जमीन विवाद ने तनाव का माहौल कर दिया है। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर न्याय की मांग की है। जानकारी के मुताबिक ग्राम बेलवा निवासी सकलैन अहमद ने स्थानीय पुलिस को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी पुश्तैनी जमीन, गाटा संख्या 291 व 292 पर कुछ ग्रामीणों द्वारा जबरन अंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन इसके बावजूद दबाव बनाकर प्रतिमा लगाने की बात कही जा रही है। जयंती नजदीक होने के चलते मामला और भी संवेदनशील हो गया है, जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी तेज है कि अगर समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप नहीं किया तो स्थिति बिगड़ सकती है। सूत्रों की माने तो पहले उस स्थान पर कभी भी कोई ऐसी मूर्ति नहीं थी । और जब अंबेडकर जयंती सामने है तो कौन से लोग माहौल खराब कर दो समुदायों में विवाद का तूल देने का प्रयास कर रहे है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी निचलौल शिव प्रताप सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के बाद , पूरे मामले की जांच कराई जा रही है और स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस व प्रशासन की सतर्क है।

## शौच के लिए निकले वृद्ध की आमी नदी में डूबकर मौत, सुबह मिला शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवा /गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के गीडा थाना अंतर्गत कोल्हुई गांव में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब आमी नदी में एक वृद्ध का शव उतराता हुआ मिला। मृतक की पहचान 60 वर्षीय रामतेज पुत्र राम मूरत निवासी कोल्हुई के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

**शनिवार शाम से थे लापता**

परिजनों के अनुसार रामतेज की मानसिक स्थिति पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। शनिवार शाम करीब सात बजे वह शौच के लिए घर से निकले थे और आमी नदी की ओर चले गए। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटे तो घरवालों को चिंता हुई और उन्होंने आसपास खोजबीन शुरू की, लेकिन अंधेरा होने के कारण कोई सुराग नहीं मिल सका।

**रविवार सुबह नदी में मिला शव**

रविवार सुबह ग्रामीणों ने सेमरहवा बाबा स्थान के पास आमी नदी में एक शव उतराता देखा, जिसकी सूचना तत्काल पुलिस और परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान रामतेज के रूप में की। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में भीड़ जुट गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

सूचना पर पहुंची गीडा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

**रिपोर्ट के बाद होगी आगे की कार्रवाई**

इस संबंध में पिपरौली चौकी इंचार्ज संतोष सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**परिजनों में मचा कोहराम**

घटना के बाद मृतक के परिवार में गहरा दुख व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि रामतेज सरल स्वभाव के व्यक्ति थे, लेकिन मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह अक्सर अकेले इधर-उधर निकल जाते थे। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया है।

## मौत के खंभे के साये में कट रही बुजुर्ग सिंगारी देवी की जिंदगी

**● सिस्टम की बेरुखी और कुदरत की मार से झेल रही वृद्ध महिला, महिला का वृद्धा पेंशन खत्म, पांच किलो राशन से जीवन काटना हुआ मुश्किल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** विकास के तमाम दावों और सरकारी योजनाओं के बीच नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत निपनिया से एक ऐसी मर्मस्पर्शी तस्वीर सामने आई है, जो किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की रूह कंपा दे। यहां की निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला सिंगारी देवी पत्नी स्वर्गीय रामबचन आज जिस हाल में जीने को मजबूर है वह सभ्य समाज और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। वहीं 15 साल पहले पति का साथ छूटा तो कुछ साल पहले इकलौते जवान बेटे को एक गंभीर बीमारी ने निगल लिया। आज इस उम्र में जब अपनों के सहारे की सबसे ज्यादा जरूरत थी तो सिंगारी देवी बिल्कुल बेसहारा है और दो लाठियों के दम पर झुककर अपनी जिंदगी घसीट रही है।सिंगारी देवी के पास रहने के नाम पर केवल एक पुराना और जर्जर टीन शेड है जो किसी भी वक्त धराशायी हो सकता है। लेकिन स्थिति को और भी भयावह बनाता है उनके घर के ठीक बीचो-बीच खड़ा बिजली का एक खंभा। तेज हवा और बारिश के दौरान यह खंभा किसी भी समय बड़े हादसे का सबब बन सकता है। बरसात में इसी खंभे के सहारे पानी सीधा घर के भीतर भर जाता है, जिससे उन्हें पूरी रात जागकर गुजारनी पड़ती है। शारीरिक कष्ट का आलम यह है कि कमर और पैरों के असहनीय दर्द के कारण वह सीधी खड़ी भी नहीं हो पाती और दैनिक कार्य उनके लिए एक बड़ी चुनौती बन चुके हैं। विडंबना यह है कि सरकारी तंत्र भी उनकी मदद करने में विफल रहा है। ऐसे में उन्हें मिलने वाली वृद्धा पेंशन भी पिछले कुछ समय से बंद है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत संकटपूर्ण हो गई है। वर्तमान में उन्हें राशन कार्ड के माध्यम से मिलने वाले महज 5 किलो अनाज के भरोसे रहना पड़ रहा है, जबकि दवा, सब्जी और अन्य बुनियादी जरूरतों के लिए उनके पास कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। हालांकि इस अंधकारमय जीवन में लाइफ लाइन एजुकेशनल एकेडमी ने मानवता की एक मिसाल पेश करते हुए तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की है और आगे भी सहयोग का संकल्प लिया है। लेकिन यह मदद ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। आज पूरा समाज और स्थानीय ग्रामीण, ग्राम प्रधान से लेकर ब्लॉक स्तर के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से यह तीखी मांग कर रहे हैं कि सिंगारी देवी की बंद पड़ी वृद्धा पेंशन तत्काल बहाल की जाए, उन्हें आवास योजना के तहत एक सुरक्षित पक्का घर आवंटित हो, घर के बीच स्थित जानलेवा बिजली के खंभे को तुरंत स्थानांतरित किया जाए। साथ ही उनके स्वास्थ्य व चिकित्सा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## मिक्सर मशीन से गिरकर घायल युवक का इलाज के दौरान मौत

**●शनिवार की रात इलाज के दौरान थम गई घायल लालबिहारी की सांसें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के नौडिहवा-महरी मुख्य मार्ग पर बीते 5 अप्रैल को ट्रैक्टर मिक्सर मशीन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। स्थानीय लोगों के मदद से घायल युवक को इलाज हेतु रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाया गया था जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। वहीं जिला अस्पताल के डाक्टरों ने भी हालत गंभीर देखते हुए बीआरडी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं बीते शनिवार की रात इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुठहवा टोला घोड़हवा निवासी लालविहारी पुत्र वंशराज (28) मिक्सर मशीन पर ढलाई का काम करता था। बीते 5 अप्रैल की रात करीब 9 बजे काम खत्म कर वह ट्रैक्टर में ज्वाइंट मिक्सर मशीन पर बैठकर घर लौट रहा था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह मशीन से नीचे गिर गया और उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे आनन-फानन में सीएचसी रतनपुर में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल और फिर गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार न होने पर परिजनों ने उसे गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शनिवार की रात उसकी सांसें थम गई। मृतक अपने पीछे माता सरस्वती, पत्नी सुमन और दो भाइयों का रोता-बिलखता परिवार छोड़ गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बारात में आई इनोवा करिस्ता कार में मिली अवैध पिस्टल

**●कार पर लिखा-उप राज्य आयुक्त न्यायालय उत्तर प्रदेश शासन, हिरासत में एक युवक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** – लंभुआ कोतवाली अंतर्गत विवेकनगर में रविवार को तब हड़कंप मच गया जब एक गाड़ी में अवैध पिस्टल मिली। ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को जहां कब्जे में लिया है वही एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ये पूरी घटना शादी समारोह के दौरान की है। जानकारी के अनुसार लंभुआ कोतवाली अंतर्गत विवेकनगर में जमील इदरीस के घर पर बारात आई है। बताया जा रहा है बारात करौंदीकला थाना क्षेत्र से आई है। बारात में एक उप राज्य आयुक्त न्यायालय उत्तर प्रदेश शासन लिखी इनोवा क्रिसटा कार में एक अवैध पिस्टल ड्राइविंग सीट के पास रखी हुई थी। ग्रामीणों में से किसी की नजर गाड़ी में रखी पिस्टल पर पड़ी तो उसने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची गाड़ी और पिस्टल को कब्जे में लेकर एक युवक को कस्टडी में लिया है। पुलिस आरोपी युवक को थाने पर लाकर पूछताछ कर रही है। इस संदर्भ में लंभुआ कोतवाल धीरज कुमार ने बताया प्रथम दृश्या जांच में अवैध पिस्टल का ही मामला प्रकाश में आया है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। हर्ष फायरिंग की बात बेबुनियाद है ऐसा कोई वीडियो अब तक सामने नहीं आया है। उधर शांति पूर्ण माहौल में शादी सम्पन्न कराई जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा के पदाधिकारियों ने गांव/बस्ती जाकर गिनाई नौ वर्ष मे सरकार की उपलब्धियां,





**गोला गोकर्णनाथ खीरी**, ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान के निमित्त हैदराबाद गांव में घर-घर संपर्क अभियान के अंतर्गत आमजन से संवाद कर योगी सरकार के 9 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई, इस अवसर पर मुख्य अतिथि मती कीर्ति महेश्वरी चेयरमैन मैलानी भाजपा, मण्डल महामंत्री मिथलेश मिश्रा, महामंत्री रमन सोनी, मण्डल उपाध्यक्ष सुमित अवस्थी, शक्तिकेंद्र संयोजक सुनीत मिश्रा, पूर्व प्रधान प्रमोद वर्मा उर्फ शेरू , सतेंद्र सोनी, पारस नाथ मंदिर पर स्वच्छता कर, लाभार्थी डोर टू डोर संपर्क किया व वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया व भाजपा पदाधिकारी गण एव कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जनता का अपार समर्थन यह सिद्ध करता है कि प्रदेश विकास, सुशासन एवं जनसेवा के मार्ग पर निरंतर अग्रसर है।

### करुणा गैस एजेंसी चोरी कांड के आठ दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**पालिया कलां खीरी।** पलिया करुणा गैस एजेंसी चोरी कांड 8 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के विवेचना अधिकारी को अभी तक एजेंसी मालिक नहीं बता पाए चोरी हुए सिलेंडरों की संख्या जिसके चलते पलिया पुलिस के हाथ खाली।मालिक द्वारा मीडिया के सामने सिलेंडरों की बड़ी संख्या बताने और कानूनी कागजों में संख्या छिपाने के पीछे की मंशा पर अब उठ रहे कई सवाल! मालिक के बयानों में विरोधाभास ने उलझाई गुत्थी। मीडिया से बातचीत करते हुए मलिक ने स्पष्ट रूप से कहा था कि गोदाम से 90 भरे और 18 खाली सिलेंडर चोरी हुए हैं तो वहीं मालिक द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में अखिर क्यूँ नहीं दर्शाई गई सिलेंडरों की संख्या यक्ष प्रश्न बना हुआ है। क्या पुलिसिया कार्यवाही को ढीला करने की कोशिश है? या फिर नुकसान का सही आकलन करने में मालिक खुद असमर्थ है।

### भाजपा पर साधा रामगोपाल यादव ने निशाना, जनता का पैसा लूटकर चुनाव जीतने में उपयोग कर रही

**फर्जी एनकाउंटरों की 2027 में सपा सरकार जांच कराएगी।**

**मतदाता सूची से दो करोड़ से अधिक वोट हटाए गए।**

**फिरोजाबाद।** दबरई स्थित सपा कार्यालय पर शनिवार को दोपहर 12 बजे महात्मा ज्योतिबा राव फुले जयंती के अवसर पर पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) पंचायत का आयोजन हुआ। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि आने वाली युवा पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रखना है, तो भाजपा से मुक्ति जरूरी है। आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार जनता का पैसा लूटकर चुनाव जीतने में उपयोग कर रही है। राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को करारा जवाब दिया था, लेकिन इससे उन्होंने कोई सबक नहीं सीखा। पुलिस द्वारा फर्जी एनकाउंटर किए जा रहे हैं। वर्ष 2027 में यदि प्रदेश में सपा की सरकार आती है तो जितने भी फर्जी एनकाउंटर हुए हैं, उन सबकी जांच होगी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उप्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान के माध्यम से दो करोड़ से अधिक लोगों के वोट काट दिए गए। अब ग्राम पंचायत की भी सूची आ गई है। दोनों को मिलाकर देखेंगे तो करोड़ों वोटो का अंतर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रीपेड मीटर लगवा कर जनविरोधी काम रही है।

जौनपुर के सांसद बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि देश को संविधान के अनुसार चलाना चाहिए और जनता के अधिकारों की रक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने सपा और जन अधिकार पार्टी के गठबंधन को मजबूत बताते हुए भाजपा के विरुद्ध संयुक्त लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। मौके पर सांसद अक्षय यादव, एटा से सपा सांसद देवेश शाक्य, शिकोहाबाद विधायक डा. मुकेश वर्मा, जसराना विधायक इं. सचिव यादव, सिरसागंज विधायक सर्वेश यादव, पूर्व विधायक रमेश चंद्र चंचल, अजीम भाई, रामवीर सिंह यादव, रामसेवक यादव, नीरज यादव, आदर्श यादव आदि उपस्थित रहे।

## कागजों में दर्ज तालाब पर कैसे हुई प्लाटिंग और फिर रजिस्ट्री-सवाल

**● सड़कों पर भरा गंदा पानी, नारकीय जीवन जीने को विवश मोहल्लेवाशी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खीरी टाउन।** कस्बा खीरी के मोहल्ला पट्टी रामदास में अवैध रूप से तालाब गाटा संख्या 318/0.267 हे0 को पाटकर की गई प्लाटिंग लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। तालाब के पटने से लोगों के घरों के पानी निकासी का रास्ता बंद होने से कस्बे के तीन मोहल्ले जलमग्न हो गए हैं और सड़कों पर गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का जीना दूभर हो गया है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि जो तालाब गाटा संख्या 318/0.267 नगर पंचायत के अभिलेखों में दर्ज बताया जाता है, उसे पहले कथित भू माफिया अजीम खां पुत्र सत्तार खां द्वारा पाट दिया गया और फिर उस पर प्लॉट काटकर रजिस्ट्री तक कर दी गई। इतना ही नहीं, कई मकानों का निर्माण भी हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि यह सब खेल लंबे समय तक प्रशासन को दिखाई क्यों नहीं दिया।समस्या बढ़ने पर मोहल्ले के लोगों ने शिकायत की, जिसके बाद नगर पंचायत ने तालाब पाटने वाले व्यक्ति को नोटिस जारी किया है।

लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि जब तालाब पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग और निर्माण हो रहा था, तब जिम्मेदार अधिकारी आखिर कहां थे? मामला उस समय और गंभीर हो गया जब पीस कमेटी की बैठक में स्थानीय लोगों ने यह मुद्दा सीओ/सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, सदर एसडीएम अश्विनी सिंह और नायब तहसीलदार के सामने उठाया। इस पर सदर एसडीएम ने अधिशासी अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। लोगों की माने तो यदि उसी समय नगर पंचायत प्रशासन लेता संज्ञान और करता कार्रवाई तो शायद इस तालाब का अस्तित्व बच सकता था और लोगों को मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ता।कयास यह भी लगाए जा रहे हैं कि कहीं तालाब को पाटकर की जा रहीं प्लाटिंग की कमाई की हिस्सेदारी की वज़ह से जिम्मेदार मूकदर्शक की भूमिका में तो नहीं रहे। कि खेल होता रहा प्रशासन सोता रहा। एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार और देश की सर्वोच्च अदालत सख्त आदेश पारित कर रहे हों और सरकारों को तालाबों के संरक्षण के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए जा रहे हो।और उत्तर प्रदेश सरकार समय समय पर तालाब बचाओ अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर खुलेआम तालाब पाटकर कॉलोनियां बसाई जा रही हैं। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या प्रशासन तालाब को पुनः खुदवाकर उसकी मूल स्थिति बहाल करेगा या फिर तालाब पाटकर प्लाटिंग और रजिस्ट्री करने बाले दबंग के दबाव में मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।फिलहाल गंदे पानी से जूझ रहे लोग राहत की आस लगाए प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

अब देखना यह है कि नगर पंचायत प्रशासन सरकार की मंशा अनुरूप तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसको उसके मूल स्वरूप में वापस लाता है या फिर शासन के आदेशों का मजाक उड़ाते हुए अवैध कब्जा धारक को और सरकारी जमीनें हड़पने और बेचने के लिए खुला छोड़ दिया जाएगा।

## लापता कालीचरणः सुस्त सिस्टम नहीं, यह सीधी नाकामी की कहानी! पुलिस पर जनता का फूटा रहा गुस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**मैगलगंज, खीरी—** कालीचरण की गुमशुदगी अब पुलिस के कामकाज पर सबसे बड़ा सवाल बनकर खड़ी है। हर बीतता दिन पुलिस की लापरवाही को और बेनकाब कर रहा है। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी दिखावा—जमीनी हकीकत में सन्नाटा और पूरी तरह फेल सिस्टम।ऐसा लगने लगा है कि कालीचरण की तलाश नहीं, बल्कि मामले को टालने की कोशिश चल रही है। 'तलाश जारी है' जैसे घिसे-पिटे शब्द अब लोगों के गुस्से को और भड़का रहे हैं। सवाल ये नहीं कि पुलिस क्या कर रही है—सवाल ये है कि पुलिस आखिर कर क्या नहीं रही है?कप्तान ख्याति गर्ग की बनाई विशेष टीम अब सवालों के कटघरे में है। बड़े-बड़े दावे, सख्त कार्रवाई की बातें—सब हवा-हवाई साबित हो रही हैं। न कोई सुराग, न कोई गिरफ्तारी—तो फिर ये टीम सिर्फ नाम के लिए है या जिम्मेदारी से बचने का जरिया?

**जनता पूछ रही है-जवाब कौन देगा?**

क्या ये सिर्फ दिखावे की कार्रवाई थी? अगर नहीं, तो इतनी बड़ी नाकामी पर अब तक किसी की जवाबदेही तय क्यों नहीं हुई? पीड़ित परिवार का दर्द अब आक्रोश बन चुका है। वहीं क्षेत्र की जनता भी अब खुलकर विरोध में उतरती नजर आ रही है। भरोसा लगातार टूट रहा है—और अगर जल्द नतीजा नहीं आया, तो यह भरोसा पूरी तरह खत्म हो जाएगा।और हद तो तब हो गई, जब 11 अप्रैल को मोहम्मदी के रवीन्द्र नगर में प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मिलने जा रहे पीड़ित परिवार को ही पुलिस ने रोक लिया। ऐसा व्यवहार किया गया मानो न्याय मांगना ही अपराध हो गया हो। वाह रे मैगलगंज पुलिस! अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ितों की आवाज दबाई जा रही है।अब वक्त आ गया है— या तो पुलिस जवाब दे, या जनता जवाब मांगना और तेज कर दे!

## गोला चैती के मेले मे अव्यवस्थाओ का अम्बार, गोला के ऐतिहासिक चैती मेला मे पत्रकार दीर्घा अतिक्रमण की हुई शिकार



**● चैती मेले मे चोर सक्रिय, पुलिस लाचार, जनता त्रस्त**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी,** ऐतिहासिक चैती मेले मे पत्रकारो के सामने बडे बडे साउन्ड रखे हुये है जिससे पत्रकारो को कवरेज करने मे हो रही बडी परेशानी, बही पत्रकारो की दीर्घा मे कोई चाय पानी तक की ब्यबस्था नही है। जबकि मेला लगभग ऐक करोड़ी के आस पास हो गया है, ऐतिहासिक चैती मेले मे भारी भरकम सरकारी इमदाद मिलने के बाद भी पत्रकारो को कोई सुविधा नही, जबकि मेले मे आये हुये लोगो के हाल चाल तो चेयरमैन लेते रहते है।

लेकिन वे पत्रकारो की तरफ नही ध्यान दे रहे है,ये सोंचनिय प्रश्न है, वही मेला मे भारी पुलिस प्रशासन भी फेल हो गया ,आये दिन लगे तमाशा मे होता रहता है विवाद और दर्जन लोगो की पर्शे चोरी व महिलाओ की पर्शे कून्डल व सोने की चैने लूटी जाती है, कोई भी पुलिस स्टाफ मौके पर नही मिलता है,जिससे गोला नगर वासी व ग्रामीणो मे काफी आक्रोश है।

गोला के मेले मे देखा जाये तो जगह जगह पानी भरा रहता है जिसके चलते जनता उसमे फिसल रही है और चोटिल भी हो रही है,लेकिन नगर पालिका कर्मी ऊसको नजर अंदाज कर रहे है।

वही गोला के मेला मे ही जगह जगह कूडे के अम्बार लगे हुये है, सफाई कर्मी केवल मेला ग्राउण्ड मे घुसकर केवल खानापूर्ति कर रहे है, चाट के पत्ते व खाली पानी की झिल्लियां व बोतले मेला के सभी मार्गो पर बहुतायत देखने को मिल रही है,आये दिन मेला देखने आई जनता के साथ चोरी जैसी घटनाऐ हो रही है, जिसको पुलिस रोकने मे नाकामयाब हो रही है।

## भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी गोला तहसील, यहां पर भूतों से कराया जाता है बैनामा

**● वर्ष 2005 में मृतक हो चुके रामावतार पुत्र श्री राम की जमीन का 4 मार्च 2023 को लालजी प्रसाद पुत्र दीनदयाल के नाम हो गया बैनामा और फिर दाखिल खारिज**

**फर्जी जाली किसी दूसरे आदमी को खड़ा करके फर्जी गवाह, फर्जी कूट रचित आईडी लगाकर कराया गया फर्जी बैनामा, लेखपाल कानूनगो की भूमिका पर भी सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** भले ही सुबे का निजाम बदल गया हो और सुबे में बाबा की सरकार हो, जहां भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टारलेंस की नीति लागू करके उत्तर प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के बड़ी-बड़ी मंचों से बड़े-बड़े दावे और वादे कर रहे हो। लेकिन उन्हीं के मातहतो द्वारा अपनी ही सरकार के दावों और वादों की पोल खोलते हुए जमकर भ्रष्टाचार करते देखा देखे जा सकते हैं ।मामला वह चाहे सरकारी जमीनों पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जा से जुड़ा हो या फिर जिंदा अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मृतक दिखाकर फर्जी एवं कूट रचित दस्तावेज लगाकर तहसील प्रशासन की साठगांठ कर मौर्य बिरादरी की महिला को अनुसूचित जाति की फर्जी पुत्री बनाकर वरासत दर्ज कर दिए जाने का हो मामला या फिर 2005 में मर चुके रामदुलारे के नाम दर्ज जमीन का 2023 में फर्जी आदमी को खड़ा कर बैनामा कराए जाने का मामला हो गोला तहसील में पैसा पहाड़ चढ़ाताहै की कहावत चरितार्थ होते देखी जा सकती है

जानकार सूत्रों के बताएं अनुसार गोला तहसील में भ्रष्टाचार पूरे चरम पर है और जिम्मेदारों के संरक्षण में सैकड़ो एकड़ सरकारी जमीन पर भू-माफिया काबिज है। जिसकी जानकारी एसडीएम से लेकर तहसीलदार गोला और क्षेत्रीय लेखपाल से लेकर राजस्व निरीक्षक तक को है लेकिन उक्त सरकारी जमीनों से होने वाली कमाई की मिल रही हिस्सेदारी के चलते साहब को कुछ भी दिखाई सुनाई नहीं पड़ रहा है। ताजा मामला तहसील गोला के परगना कुकरा के अंतर्गत ग्राम हरदुआ का है जहां पर मृतक राम दुलारे पुत्र श्री राम की 2005 में मृत्यु हो जाती है और उसकी भूमि गाटा संख्या 731 अ, 740 ज,व 741 कुल रकबा 0.820 हेक्टेयर का दूसरे फर्जी आदमी और फर्जी जाली कूट रचित दस्तावेज एवं फर्जी गवाहों को खड़ा करके फर्जी जाली बैनामा करा लिया जाता है। इतना ही नहीं लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की मिली भगत से इस फर्जी




बैंनामा का ठीक उसी तरह दाखिल खारिज भी हो जाता है जैसे कि सभी फर्जी जाली दस्तावेज लगाकर न्यायालय तहसीलदार गोला द्वारा फर्जी वरासत आदेश पारित कर दिया जाता है। जिसमें जिंदा आदमी को मुर्दा दिखाकर जमीन हड़प ली जाती है।यह तो बोला तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार की बानगी भर है ऐसे दर्जनों मामले और भी हैं जिनके साक्ष्य मौजूद हैं मामले पर गौर करें तो काफी समय पहले राम दुलारे पुत्र श्री राम के नाम उक्त गोटों की जमीन के पट्टे हुए थे जो भूमिधरी भी हो गए थे ।इसी बीच राम दुलारे पुत्र श्री राम अपने पैतृक गांव बनकटी पोस्ट बनकटी जिला बस्ती चले गए और दिनांक 19 फरवरी 2005 को उनकी मृत्यु हो गई ।उक्त जमीन पर काफी पेड़ लगे थे उक्त की जानकारी माफिया लालजी प्रसाद पुत्र दीनदयाल को हुई तो उसने ने लेखपाल और कानूनगो से साथ गांठ करके वर्ष 2023 में कूटरचित फर्जी जाली दस्तावेज तैयार करके अपने रिश्तेदार को रामदुलारे बनाकर फर्जी गवाह बिंदरपाल और कपिल गौतम की झूठी गवाही लगाकर फर्जी बैनामा करवाने में सफलता हासिल कर ली ।इस महीमें से कई अहम सवाल पैदा होते हैं कि आखिर पैसा किस खाते में जमा किया गया या फिर संपूर्ण भुगतान नगद दिया गया यदि नगर दिया गया तो क्यों बैनामा पर चश्मा फोटो और रामदुलारे की मौजूदा फोटो का मिलन क्यों नहीं होता है लगभग दो एकड़ जमीन मत दो लाख में कैसे बिक सकती है जब राम दुलारे पुत्र श्री राम की मृत्यु 2005 में हो गई तो आधार कार्ड बनवाने कौन आया और कैसे बन गया आधार दुलारे का आधार कार्ड रामदुलारी पुत्र श्री राम मौर्य बिरादरी के हैं तो परिणाम में इन्हें अनुसूचित जाति का क्यों दर्शाया गया है यदि मामले की कराई जाए निष्पक्ष जांच तो एक बड़ा फर्जीवाड़ा खुलकर आएगा सामने और कई लोगों को सलाखों के पीछे जाना पड़ सकता है।

## काग़ज़ों पर इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य दिखा सरकारी धन हड़पने के आरोप

**● मामला विकासखंड नकहा की ग्राम पंचायत सैदीपुर हरैया का है**

**● मजेटर सिंह के घर से गुड्डू सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य करवाए बगैर भुगतान निकाले जाने के आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड नकहा की ग्राम पंचायत सैदीपुर हरैया का है जहां पर ग्रामीण अटल बिहारी वाजपेई पुत्र विनोद कुमार ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सहित शासन प्रशासन को दिए गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव ने मनरेगा योजना अंतर्गत मजेक्टर सिंह के घर से गुड्डू सिंह के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण जमीन पर कराए बगैर ही कागजों पर इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण दिखाकर वित्तीय वर्ष 2023 -24 में 2,84,301 रुपए का भुगतान निकालकर हजम कर लिया। और आज तक धरातल पर इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। मामले की उच्च स्तरीय जांच टीम गठित कर जांच कराए जाने की मांग की है।

**अमृत सरोवर/ पनहा तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर सरकारी धन के बंदरबाट के आरोप**

शिकायतकर्ता अटल बिहारी वाजपेई ने मुख्य विकास अधिकारी खीरी और डीपीआरओ सहित मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्रों में पनहा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए आये सरकारी धन का दुरुपयोग कर लिए जाने की जांच कराए जाने की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2023 -24 में पनहा तालाब/अमृत सरोवर के जीर्णोद्धार के लिए शासन से 24 लाख रुपए का बजट स्वीकृत हुआ था मनरेगा योजना अंतर्गत आए उक्त धन से तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य होना था जिसमें ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान ने सौंदर्यकरण के नाम पर मात्र खाना पूर्ति कर बजट का बंदरबांट कर लिया। उक्त तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर कई मदों में पैसा निकाल लिया लकिन कोई काम नहीं कराया गया। उपरोक्त आरोप लगाते हुए शिकायतकर्ता ने ग्राम पंचायत सैदीपुर हरैया में कराए गए वित्तीय वर्ष 2023- 24 में विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच करकर जांच में आरोप की पुष्ट होने पर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। अब देखना यह है कि जिले के तेज तर्रार सी. डी. ओ. द्वारा क्या एक्शन लिया जाता है? मामले की कराई जाएगी जांच या फिर मामला यूं ही फाइलों में दबकर रह जाएगा।

**क्या कहते है जिम्मेदार–** इस सम्बंध में ग्राम प्रधान ने बताया कि मेरा भाई काफी बीमार है मैं आज कुछ भी नहीं बता सकता बाद में हम बात करेंगे। वहीं सचिव का फोन ही नहीं लगा जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिली खंड विकास अधिकारी नकहा प्रदीप कुमार चौधरी का फोन स्विच ऑफ बताता रहा।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मनाया विद्या प्रवेश उत्सव व शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का में पहुंचे सांसद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संगठन के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र गंगवार के नेतृत्व में रविवार को विद्या प्रवेश उत्सव व शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह , सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार , विशिष्ट अतिथि विधायक मीरगंज डी.सी.वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना से किया।

मुख्य अतिथि देवेंद्र प्रताप सिंह सदैव शिक्षक समस्याओं को बहुत ही गंभीरता पूर्वक सदन से लेकर सड़क पर रखते हैं।उन्होंने टीईटी मुद्दे पर 2010 से पहले के नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी बाध्यता को अव्यवहारिक बताते हुए उसके विरोध में आवाज उठाई है । उन्होंने कहा शिक्षक को अपना संपूर्ण जीवन शैक्षिक कार्य में लगाने के बावजूद उसको उसका बुढ़ापे का अधिकार पुरानी पेंशन से वंचित कर दिया गया है ।उन्होंने सरकार से शिक्षकों की इन समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया है। मुख्य सांसद छत्रपाल गंगवार ने अपने संबोधन में शिक्षकों के कर्तव्य तथा कार्य की सराहना करते हुए उनकी समस्याओं को संसद में उठाने के लिए आश्वासन दिया । शिक्षकों को राष्ट्र निर्माण की बुनियाद बताते हुए अपने कर्तव्य को पूर्ण निष्ठा रखते हुए उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित किया।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने कहा कि प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है, उनकी समस्या को दूर करने के लिए हमेशा उनके साथ है एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने संगठन में एकता पर बल दिया गया और जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार से कहा कि आपके जनपद में यदि किसी शिक्षक का शोषण हो तो पूरा प्रदेश उस शिक्षक के साथ खड़ा रहेगा। अध्यक्ष श्री गंगवार ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को आश्वासन दिया। संगठन पूरी निष्ठा से शिक्षक हित में सदैव कार्य करता रहेगा और किसी भी साथी का शोषण नहीं होने देगा। संगठन ने विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले शिक्षकों एवं छात्रों का सर्टिफिकेट देकर एवं मेडल पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी शिक्षक साथियों का संगठन आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री उमाशंकर सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष संदीप पवार, बदायूं के जिलाध्यक्ष अरुण पांडे, कासगंज के जिलाध्यक्ष विकास कुमार, जिला मंत्री गिरजेश कुमार,जिला कोषाध्यक्ष पुष्कर उपाध्याय, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

## फिरोजाबाद में पुलिस मुठभेड़ः मोबाइल लुटेरा पंकज गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**● रामगढ़ पुलिस ने मुठभेड़ में लुटेरे पंकज को पकड़ा**

**● पैर में गोली लगने के बाद बदमाश को किया गिरफ्तार**

**● लूटा गया मोबाइल, तमंचा और कारतूस बरामद हुए**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** रामगढ़ पुलिस ने शनिवार रात एक बजे चनौरा खत्ता घर के पास मुठभेड़ में एक मोबाइल लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पैर में गोली लगने से घायल बदमाश का सरकारी ट्रामा सेंटर में उपचार कराने के बाद रविवार शाम को जेल भेजा गया। पकड़े गए बदमाश के फरार साथियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज में पकड़ा गया बदमाश बाइक चलाते हुए नजर आया था। यह फुटेज यक्ष एप पर डालते ही उसकी पूरी जानकारी पुलिस को मिल गई।

**सीसीटीवी कैमरे से मिली थी फुटेज, यक्ष एप से पहचान कर मिली डिटेल**

थाना उत्तर क्षेत्र में शुक्रवार को सुरभि निवासी गंगानगर थाना उत्तर न्यू रामगढ़ की पुलिया के पास बाइक से आए तीन बदमाश मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। इसी तरह रामगढ़ में ठारपूठा चौराहे के पास एक युवती का मोबाइल बाइक सवार तीन बदमाशों ने लूट लिया था। दोनों मामलों की प्राथमिकी दर्ज कर उत्तर और रामगढ़ पुलिस लुटेरों की तलाश में लगी थी। जांच के दौरान रामगढ़ पुलिस को सीसीटीवी फुटेज की जांच के दौरान लुटेरों की तस्वीर मिल गई। एक लुटेरों की तस्वीर यक्ष एप पर डालते ही एक लुटेरे पंकज की पूरी डिटेल मिल गई।

**रामगढ़ पुलिस ने शनिवार रात एक बजे चनौरा खत्ता घर के पास की घेरेबंदी**

पुलिस आरोपितों की तलाश में लगी थी। तभी शनिवार रात एक बजे सूचना मिली कि मुख्य आरोपित पंकज निवासी नगला मिर्जा, रामगढ़ चनौरा खत्ता घर के पास कहीं भागने की फिराक में खड़ी है। इस पर इंस्पेक्टर संजीव दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने घेरेबंदी की तो आरोपित फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी और गिर पड़ा। उसके पास से तमंचा, कारतूस, लूट के दो मोबाइल और बाइक बरामद हुई।

**सीओ ने दी जानकारी**

सीओ प्रवीण तिवारी ने बताया कि फरार दो बदमाश सागर और छोटू निवासीगण नगला मिर्जा, रामगढ़ हैं। एक आरोपित को थाना उत्तर पुलिस ने नगर निगम के पास से रविवार सुबह पांच बजे गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूट के दो मोबाइल बरामद हुए हैं, जो उसने मंगल बाजार से चोरी किया था। एक फरार आरोपित छोटू की तलाश में दबिश दी जा रही है। मुठभेड़ घायल पंकज पर रामगढ़ और थाना उत्तर में लूट के छह मामले दर्ज हैं।

## महिला शिक्षक संघ, की जिलाध्यक्ष बनीं राखी सक्सेना, महामंत्री संगीता मित्तल

**● वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपाली सक्सेना हुईं मनोनीत। बरेली। महिला शिक्षक संघ जिला स्तरीय अधिवेशन रविवार को एक निजी होटल संभागार में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/**कार्यक्रम का शुभारंभ दीप मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुलोचना मौर्या की गरिमामयी उपस्थिति में अधिवेशन को विशेष प्रेरणा प्राप्त हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में संगठन की एकता, अनुशासन एवं सक्रिय सहभागिता को सबसे बड़ी शक्ति बताया गया। उन्होंने कहा कि संगठन तभी सशक्त बनता है जब प्रत्येक सदस्य अपनी जिम्मेदारी को निष्ठा और समर्पण के साथ निभाता है। प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा यादव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन केवल पदों का नहीं, बल्कि आपसी विश्वास, सहयोग और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने सभी शिक्षिकाओं को एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए प्रेरित किया। अधिवेशन में संगठन को मजबूत, सक्रिय एवं शिक्षकों के हित में प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर संगठन की मजबूती, आपसी सहयोग एवं निरंतर प्रगति का संकल्प लिया। प्रदेश चुनाव प्रभारी सीमा यादव ने सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के लिए राखी सक्सेना, जिला महामंत्री पर संगीता मित्तल,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपाली सक्सेना को मनोनीत किया। इस दौरान प्रदेश कार्यकारी से किरन सिसोदिया, सर्वेश, जिला कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारी जिला मीडिया प्रभारी- मोना सिंह, जिला कोषाध्यक्ष- नीतू अग्रवाल, जिला संयुक्त मंत्री दीपशिखा जौहरी, शैली कपूर, रेनू गुप्ता, सुमन माथुर, रचना, चंद्रा दियोलिया, प्रतिश्रुति, एकता सक्सेना, दीपा, ज्योति, नेहा, पूनम, मधु सिंघल सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन सोनाक्षी पाल, निवेदिता ने किया समस्त सभी जिला, ब्लॉक टीम के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# संक्षिप्त खबरें

## योगी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए अभियान



**नैनी, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफलतापूर्वक पूर्ण हुए नव वर्ष के उपलक्ष्य में सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुँचाने हेतु एक विशेष पत्र वितरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने स्वयं लोगों के बीच पहुँचकर पत्र वितरित किए और सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। यह अभियान मेवा लाल बगिया से लेकर स्टेशन रोड तक आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। अभियान का उद्देश्य प्रदेश सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और योजनाओं को आम नागरिकों तक सरल तरीके से पहुँचाना रहा।इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद राकेश जायसवाल, दिलीप केसरवानी, मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, श्याम मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, घनश्याम जायसवाल, मुन्न शर्मा, गुड्डू गैरेज, दिनेश सिंह, योगेश सिंह, विनोद यादव, पंकज शर्मा, सेक्टर संयोजक जय कृष्ण तिवारी, विनोद जायसवाल, आदर्श तिवारी, आदित्य पांडे, राजन शुक्ला, धर्म राज पटेल, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।अभियान में शामिल लोगों ने घर-घर जाकर पत्र वितरित किए और जनता को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य किया।

## एई भर्ती 2024 का परिणाम जारी करने की मांग तेज, 13 अप्रैल को उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज पर अभ्यर्थी करेंगे प्रदर्शन

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की तकनीकी भर्तियों में परिणाम जारी करने में हो रही लगातार देरी को लेकर अभ्यर्थियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा-2024 और राज्य कृषि अभियंत्रण सेवा परीक्षा-2024 के अभ्यर्थी कल रविवार 13 अप्रैल को आयोग के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उनकी मांग है कि आयोग लंबित न्यायिक प्रक्रिया का शीघ्र निस्तारण कराकर मुख्य परीक्षा का परिणाम जल्द घोषित करे।

**भर्ती प्रक्रिया कानूनी विवाद में फंस गई**

आयोग ने दिसंबर 2024 में सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा-2024 के तहत 604 सहायक अभियंता पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। प्रारंभिक परीक्षा 20 अप्रैल 2025 को आयोजित की और मई 2025 में उसका परिणाम घोषित किया। हालांकि इसके बाद भर्ती प्रक्रिया माइग्रेशन नियम को लेकर कानूनी विवाद में फंस गई।

**कोर्ट ने प्रारंभिक परिणाम संशोधित का दिया था निर्देश**

प्रारंभिक परीक्षा में असफल कुछ अभ्यर्थियों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालयमें में याचिका दाखिल कर यह आरोप लगाया कि विज्ञापन की कंडिका-14 में वर्णित माइग्रेशन नीति का सही पालन नहीं किया गया। इस पर एकल पीठ ने प्रारंभिक परिणाम संशोधित करने का निर्देश दिया था।

## अब भी बन सकते हैं मतदाता, मतदाता सूची में नाम नहीं हैं तो फार्म-6 भरें: इन आवश्यक अभिलेख लगाने होंगे

**प्रयागराज।** एसआइआर अभियान के बाद अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद भी आप मतदाता बन सकते हैं। जिनके नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, उन्हें फार्म-6 भरना होगा। इसके साथ घोषणा पत्र व जरूरी अभिलेख लगाने होंगे। इसे आनलाइन भी भरा जा सकता है या फिर आफलाइन फार्म भरकर बीएलओ को दिया जा सकता है।

**मतदाता सूची वेबसाइट पर उपलब्ध**

इसमें गणना प्रपत्र की तरह ही वर्ष 2003 का रिकार्ड देना होगा। नाम जुड़वाने की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी। मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट (https://ceouttarpradesh.nic.in) या फिर निर्वाचन आयोग की वेबसाइट (https://voters.eci.gov.in) और ईसीआइनेट मोबाइल एप पर उपलब्ध है।

**मतदाता घटे पर बूथों की संख्या कम नहीं होगी**

जनपद में लगभग 11.66 लाख वोटर घटे हैं तो 3.42 लाख बढ़े भी हैं जिससे अब 38.65 लाख मतदाता हैं। इतनी ज्यादा संख्या में मतदाताओं की संख्या कम होने के बावजूद बूथों की संख्या कम नहीं होगी। जिले में कुल मतदेय स्थल-5151 हैं जिनमें 3525 शहरी तो 1626 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। इन सभी बूथों पर 5151 बीएलओ की तैनाती की गई है, जबकि 534 सुपरवाइजरों की नियुक्त किए गए हैं।

# वाराणसी कोर्ट ने PM मोदी पर X पोस्ट को लेकर मधु किश्वर के खिलाफ शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट मांगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



वाराणसी की एक कोर्ट में एक शिकायत दायर की गई है, जिसमें शिक्षाविद और लेखिका प्रो. मधु किश्वर के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य राजनीतिक नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर आपराधिक कार्यवाही शुरू करने की मांग की गई है। शिकायत के अनुसार, किश्वर ने कथित तौर पर ङ्ग और अन्य डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर अपने वेरिफ़ाइड सोशल मीडिया अकाउंट का दुरुपयोग करके लगातार गुमराह करने वाला, झूठा, भड़काऊ और मानहानिकारक कंटेंट फैलाया। वाराणसी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने शिकायत का संज्ञान लिया है, जिसमें पुलिस को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वह कथित तौर पर मानहानिकारक पोस्ट के लिए किश्वर के खिलाफ पहली सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज करे। कोर्ट ने इस मामले को एक विविध मामले के तौर पर दर्ज किया है और इस मामले पर पुलिस से एक रिपोर्ट भी मांगी है।इस मामले में शिकायत भारतीय जनता पार्टी (BJP) के लीगल सेल के संयोजक, वकील शशांक शेखर त्रिपाठी ने दायर की थी। शिकायत में विशेष रूप से आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री और अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों के खिलाफ किश्वर द्वारा किए गए कुछ पोस्ट बहुत ज़्यादा गुमराह करने वाले थे और उनका समाज पर व्यापक असर पड़ सकता था। आगे यह तर्क दिया गया कि चूंकि किश्वर एक वेरिफ़ाइड सोशल मीडिया अकाउंट चलाती हैं, इसलिए उनके बयानों को जनता द्वारा ज़्यादा विश्वसनीय माने जाने की संभावना है, जिससे उनका असर और गंभीरता बढ़ जाती है। शिकायत में यह भी कहा गया कि पहले किश्वर को कई कानूनी नोटिस जारी किए गए थे, जिसमें उनसे अपने दावों को साबित करने और कथित तौर पर आपत्तिजनक कंटेंट को बदलने या हटाने के लिए कहा गया था। हालांकि, उन्होंने कथित तौर पर कोई सहायक सामग्री पेश नहीं की और न ही कोई सुधार किया। यह तर्क दिया गया कि यह किश्वर की ओर से व्यवहार का एक दोहराया जाने वाला पैटर्न है, जिसका उद्देश्य समाज में भ्रम, असंतोष और कलह पैदा करना है।

शिकायत में इस बात पर भी चिंता जताई गई कि ऐसा कंटेंट संस्थानों में जनता के विश्वास को कम कर सकता है, सांप्रदायिक सद्भाव को प्रभावित कर सकता है और कानून-व्यवस्था के लिए खतरा पैदा कर सकता है। इसी आधार पर, तत्काल कानूनी हस्तक्षेप और FIR दर्ज करने की मांग की गई। इस मामले की सुनवाई कोर्ट 15 अप्रैल को करेगा, तब तक पुलिस से अपनी रिपोर्ट जमा करने की उम्मीद है।

# मतदाता सूची पर बड़ा फैसला: गुजरात हाईकोर्ट ने कहा— राज्य निर्वाचन आयोग नाम जोड़ने-हटाने का स्वतंत्र अधिकार नहीं रखता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** गुजरात हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए स्पष्ट किया कि राज्य निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने का स्वतंत्र अधिकार नहीं है। आयोग केवल विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची को ही अपनाने (प्रतिरूपित करने) का काम करता है। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी उस याचिका पर सुनवाई करते हुए की, जिसमें एक महिला ने अहमदाबाद नगर निगम चुनाव में भाग लेने के लिए अपनी नामावली में नाम शामिल करने की मांग की थी। बता दें, महिला का नाम पहले प्रारंभिक सूची में शामिल नहीं किया गया, जबकि बाद में उसका आवेदन स्वीकार कर लिया गया। जस्टिस एन.एस. संजय गौड़ा और जस्टिस जे.एल. ओदेदरा की खंडपीठ ने कहा, 'राज्य निर्वाचन आयोग का यह तर्क कि याचिकाकर्ता का नाम प्रारंभिक सूची प्रकाशित होने के बाद जोड़ा गया, इसलिए उसे शामिल नहीं किया जा सकता यह तर्क असंगत और निरर्थक है। आयोग का कार्य केवल विधानसभा की मतदाता सूची को अपनाना है, न कि उसमें स्वतंत्र रूप से बदलाव करना।

' मामले के अनुसार महिला का नाम पहले संबंधित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में नहीं था, जो नगर निगम की मतदाता सूची का आधार होती है। उसने 23 मार्च, 2026 को अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया, जिसे 1 अप्रैल, 2026 को स्वीकार कर लिया गया। अदालत ने कहा कि कानूनी रूप से इसका अर्थ यह है कि महिला का नाम विधानसभा की मतदाता सूची में मान्य माना जाएगा। चूंकि नगर निगम की सूची उसी पर आधारित होती है, इसलिए उसे मतदान और चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार मिल जाता है। हाईकोर्ट ने यह भी गौर किया कि महिला का आवेदन नामांकन की अंतिम तिथि से पहले स्वीकार कर लिया गया, इसलिए उसे चुनाव में भाग लेने से वंचित नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता ने अपना पक्ष मजबूत तरीके से साबित किया है और उसका नाम साबरमती वार्ड संख्या 4 की मतदाता सूची में शामिल किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उसे चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का अधिकार भी मिलेगा।

## शिक्षा आयोग के पोर्टल को सबकी हरी झंडी, NIC जल्द करेगा लाइव




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग वर्ष 2022 की लंबित शिक्षक भर्ती परीक्षाओं के आयोजन की तैयारी के बीच नई भर्ती देने की ओर भी बढ़ा है। रिक्त पदों का अधियाचन लेने के लिए एनआइसी की ओर से तैयार किए गए ई-अधियाचन पोर्टल का परीक्षण कर शिक्षा सेवा चयन आयोग के साथ-साथ उन विभागों ने भी अपनी सहमति दे दी है, जिनमें आयोग परीक्षा के माध्यम से शिक्षकों का चयन करेगा। विभागों एवं आयोग की सहमति के बाद कार्मिक विभाग ने भी यूजर एक्सेप्टेंस टेस्टिंग (यूएटी) पर हस्ताक्षर कर उसे एनआइसी को भेज दिया है। अब एनआइसी प्रक्रिया पूर्ण कर इसे जल्द लाइव कर सकता है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग किसी भी भर्ती के लिए आफलाइन अधियाचन नहीं लेगा। ऐसे में आनलाइन अधियाचन प्राप्त करने के लिए ई-अधियाचन पोर्टल तैयार कराया गया। इस पर रिक्त पदों का अधियाचन भेजने और प्राप्त करने की प्रक्रिया का परीक्षण पूर्ण कर लिया गया है। इसके बाद यूएटी पर हस्ताक्षर किए जाने की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है।

# एमपी में चलती ट्रेन से बिहार के 163 नाबालिग लड़के बचाए गए

● **मानव तस्करी की कोशिश का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार से महाराष्ट्र ले जाए जा रहे 163 नाबालिग लड़कों को मध्य प्रदेश के कटनी ज़िले में एक एक्सप्रेस ट्रेन से रेलवे पुलिस ने बचाया।अधिकारियों ने बताया कि 6 से 13 साल की उम्र के इन बच्चों को कथित तौर पर लातूर में मज़दूरी के काम के लिए ले जाया जा रहा था। शनिवार रात को रेलवे सुरक्षा बल (RPF) और राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) ने बाल कल्याण समिति (CWC) से मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर उन्हें रोका। RPF और GRP के जवानों ने एक संयुक्त अभियान में, कटनी रेलवे स्टेशन पर पटना-पूर्णा एक्सप्रेस में सवार उन आठ लोगों के समूह को रोका, जो नाबालिगों के साथ बिना किसी वैध टिकट या दस्तावेज़ के यात्रा कर रहे थे। RPF कटनी के इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने समाचार एजेंसी को बताया कि शुरुआती जानकारी से पता चला है कि इन बच्चों को बिहार के अररिया क्षेत्र से महाराष्ट्र के लातूर में मज़दूरी के काम के लिए ले जाया जा रहा था। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने संभावित मानव तस्करी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने के बाद कार्रवाई की, और यात्रा दस्तावेज़ों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें शक हुआ। रोके जाने के बाद, GRP ने आठ आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 143(4) के तहत मामला दर्ज किया, जो 18 साल से कम उम्र के बच्चे की मानव तस्करी से संबंधित है। बताया जा रहा है कि सभी आरोपी बिहार के अलग-अलग ज़िलों के रहने वाले हैं। PTI द्वारा उद्धृत अधिकारियों के अनुसार, CWC ने अधिकारियों को तब सचेत किया था जब उन्हें संदिग्ध परिस्थितियों में बड़ी संख्या में बच्चों को ले जाने के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर ट्रेन का इंतज़ार किया और उसके आने पर तलाशी ली, और नाबालिगों को सुरक्षित हिरासत में ले लिया। बाल संरक्षण अधिकारी मनीष तिवारी ने बताया कि बचाए गए बच्चों की काउंसलिंग की जा रही है, और साथ ही उनके परिवारों से संपर्क करने की कोशिशें भी जारी हैं।

# मां के शव के साथ 5 दिन तक कमरे में रहा बेटा

● **प्रयागराज में आर्थिक तंगी से परेशान बुजुर्ग महिला ने फंदा लगाकर दी जान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** आर्थिक तंगी से परेशान बुजुर्ग महिला ने फंदे से लटककर जान दे दी। जिस कमरे में बुजुर्ग महिला का शव लटक रहा था, उसी कमरे में पांच दिन से छोटा बेटा रह रहा था। रविवार सुबह जब ग्रामीणों को दुर्गंध महसूस हुई, तब जाकर लोगों को पता चल पाया। नंदलाल के दो पुत्र व दो पुत्रियां हैं। करीब 20 वर्ष पहले नंदलाल घर से निकले तो वापस नहीं लौटे। 65 वर्षीया पत्नी लल्ली देवी ने दोनों पुत्रियों का किसी तरह विवाह किया। बड़ा पुत्र समर बहादुर पाल दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। लल्ली देवी छोटे बेटे राज बहादुर के साथ रहती थीं। रविवार सुबह नंदलाल के घर के आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध महसूस हुई।

**फंदे से लटक रहा था शव**

कमरे के भीतर झांका तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। लल्ली देवी का शव फंदे से लटक रहा था। वहीं जमीन पर राज बहादुर शांत भाव से बैठा था। पुलिस ने फंदे से शव को उतरवाकर बाहर निकाला। पूर्व प्रधान भगेलू सरोज ने बताया कि लल्ली देवी बहुत ही गरीब थी। बड़ा बेटा स्वयं सहायता समूह से कर्ज लेकर मकान बनवा



रहा था। समूह वाले आए दिन पैसा वसूली के लिए घर आने लगे, जिससे परेशान होकर समर बहादुर दिल्ली चला गया। परिवार के पास 15 बिस्वा जमीन है, जो लंबे समय से गिरवी है। ग्राम प्रधान संतोष चौधरी ने बताया कि घर में राशन आदि था। थाना प्रभारी पंकज अवस्थी का कहना है कि छोटा बेटा मानसिक रूप से कमजोर है। मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत

**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के रामपुर ओवर ब्रिज के समीप रविवार की सुबह रेलवे लाइन पार करते समय एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। ट्रेन चालक ने इसकी जानकारी स्टेशन मास्टर को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार औद्योगिक थाना क्षेत्र के गलुवाबाद निवासी शादाब (22) वर्षीय पुत्र रफीक रविवार की सुबह शौच के लिए घर से निकला। रामपुर ओवर ब्रिज के समीप रेलवे ट्रैक पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही इलाकाई पुलिस के साथ ही आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने शव की पहचान करते हुए इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। रोते- विलखते परिवारीजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। परिजनों के अनुसार शादाब मुंबई में काम करता था, वह इन दिनों घर पर आया हुआ था। वह तीन भाईयों में तीसरे नंबर का था। उसके पिता खेती- किसानी का काम करते हैं। फिलहाल पुलिस मामले में जांच- पड़ताल कर रही है।

# महाप्रबंधक एकादश बनाम डीआरएम एकादश मैत्री क्रिकेट मैच में महाप्रबंधक टीम विजयी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल के डीएसए ग्राउंड में आयोजित महाप्रबंधक बनाम डीआरएम एकादश मैत्री क्रिकेट मैच में दोनों टीमों के बीच अत्यंत रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मैच में डीआरएम टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीआरएम टीम ने निर्धारित 15 ओवरों में 5 विकेट खोकर 157 रन बनाए। टीम की ओर से श्री आकाश ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 47 गेंदों में 98 रन बनाए और टीम को मजबूत स्कोर तक पहुँचाया। महाप्रबंधक एकादश की ओर से गेंदबाजी में डॉ. परवेज ने 3 विकेट एवं श्री सतेंद्र जी ने 1 विकेट प्राप्त किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाप्रबंधक टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिना कोई विकेट खोए मात्र 12.1 ओवर में 158 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। महाप्रबंधक एकादश की ओर से डॉ. परवेज ने 46 गेंदों में नाबाद 98 रन बनाकर टीम को विजय दिलाई। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महाप्रबंधक टीम के डॉ. परवेज को 'मैन ऑफ द मैच' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं डीआरएम टीम के श्री आकाश को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने आयोजक मंडल को बधाई दी और कहा कि इस तरह के आयोजन अधिकारियों के मध्य आपसी सौहार्द बनाती है और वह आपसी कार्यालयीन वातावरण में भी प्रतिबिंबित होता है। कार्यक्रम के दौरान डीएसए स्पोर्ट्स सेल की ओर से डीआरएम श्री रजनीश अग्रवाल द्वारा महाप्रबंध को स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भी भेंट किया गया। यह मैच खेल भावना, टीम वर्क एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रतीक रहा, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया।

# शिक्षक की बेटी अर्पणा त्रिपाठी (शिखा) बनी समीक्षा अधिकारी, बिगहिया गांव में खुशी का माहौल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दयाशंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट



**ब्यूरो प्रयागराज।** फूलपुर क्षेत्र की बिगहिया गांव की निवासी अर्पण त्रिपाठी उर्फ शिखा पहली बार में ही समीक्षा अधिकारी की परीक्षा पास करके न केवल यह पद प्राप्त करने में सफल रही बल्कि प्रदेश में 73 वा स्थान भी प्राप्त किया। जिससे कि गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। शिक्षक पिता बृजेश त्रिपाठी की पुत्री शिखा त्रिपाठी दो भाइयों के बीच इकलौती बहन है उसके दोनों भाई भी बहुत ही प्रखर बुद्धि के छात्र थे। दोनों इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद बेंगलुरु में बहुत अच्छी कंपनियों में लाखों रुपए की सैलरी प्राप्त कर रहे हैं। शिखा त्रिपाठी के पिता प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर अभी कार्यरत हैं ।यही नहीं उसके दादा सूर्यमणि त्रिपाठी भी शिक्षक के पद पर अवकाश प्राप्त किए थे।

शिखा के बड़े पिता जो एक कॉलेज के प्रधानाचार्य थे श्री जोखू लाल तिवारी ने बताया की शुरू से ही यह पढ़ने में बहुत ही लग्न सील थी और बिना कोचिंग के ही इस मुकाम तक पहुंची है। शिखा त्रिपाठी जब आज अपने गांव में पहुंची तो पूरे गांव के लोगों ने उसे माला पहनाकर स्वागत किया और अपार प्रसन्नता व्यक्त की। इस संबंध में अरपणा उर्फ शिखा त्रिपाठी ने बताया कि उसकी शिक्षा कक्षा एक से लेकर इंटरमीडिएट तक सेंट्रल अकैडमी झूसी में हुई थी। बाद में उसने बीएससी सीएमपी डिग्री कॉलेज से किया और एमसी इलाहाबाद विश्वविद्यालय से किया था।



उसने बताया कि भले यह नौकरी प्राप्त कर ली है लेकिन वह अभी पीसीएस की परीक्षा पास करने की तैयारी कर रही है। उसने कहा कि यदि कोई लड़के लड़की मन में ठान लें तो कोई भी चुनौती कठिन नहीं होती है और कोई भी लक्ष्य प्राप्त करना कठिन नहीं होता है। शिक्षक परिवार के होने के नाते अर्पणा बहुत ही शान्त स्वभाव की लड़की है।वह सदैव ही लक्ष्य की प्राप्त के लिए शुरू से कठिन परिश्रम करती थी। परीक्षा पास करने पर गांव में खुशी का माहौल व्याप्त है और क्षेत्र के लोगों ने पहुंचकर उसे बधाई और शुभकामनाएं दी।जिसमें संदीप दुबे देवी प्रसाद शुक्ला लक्ष्मीकांत मिश्रा भगवान प्रसाद शुक्ला दयाशंकर त्रिपाठी रामदेव प्रजापति दूधनाथ पांडे सहित क्षेत्र के अनेक लोगों ने पहुंचकर उसे बधाई दी और अपनी शुभकामनाएं भेंट की।

## मोबाइल हैक होने से परेशान अलीगढ़ के युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान, सुसाइड नोट में बयां किया दर्द

**अलीगढ़।** क्वार्सी थाना क्षेत्र के शिव लोक कॉलोनी निवासी एक युवक ने मोबाइल और ईमेल हैक होने से परेशान और मानसिक दबाव के चलते शनिवार तड़के छर्रा अड्डा पुल के पास ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सुसाइड नोट में युवक ने अपनी जीमेल आइडी, मोबाइल और सोशल मीडिया अकाउंट हैक होने की बात लिखी है। शिव लोक कॉलोनी निवासी ललित (27) पुत्र वीरेंद्र सिंह शनिवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे घर से पैदल निकले थे। वीरेंद्र सिंह भाजपा के एक जनप्रतिनिधि के कार्यालय सहयोगी है। शनिवार सुबह 4:18 मिनट पर रेलवे गेटमैन ने गांधी पार्क पुलिस को सूचना दी कि डोरी नगर के बीच अप वैशाली एक्सप्रेस के आगे एक युवक ने छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ देर के लिए ट्रेन को रोका गया। इसके बाद जेब से मिले कागजात के आधार पर स्वजन को सूचना दी। स्वजन ने बताया कि ललित पिछले तीन दिन से बेहद परेशान था। उसने घर में दो पन्नों का अंग्रेजी में लिखा सुसाइड नोट छोड़ा है। जिसमें लिखा है कि सात अप्रैल के बाद उसकी जीमेल आईडी का नाम बदल दिया गया और उसका अकाउंट किसी अज्ञात व्यक्ति के नियंत्रण में चला गया। उसने यह भी लिखा कि अलग-अलग मोबाइल नंबरों से उसके फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की पासकी डाउनलोड की गई, जिससे उसे अपनी निजी जानकारी लीक होने का डर सता रहा था।

## प्रयागराज जंक्शन पर 15 अप्रैल से कई बड़े बदलाव होंगे, यात्री आश्रय स्थल से ही मिलेंगे यात्रियों को टिकट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन को विश्वस्तरीय स्वरूप देने की कवायद अब धरातल पर उतरने वाली है। इसके चलते 15 अप्रैल से स्टेशन की पूरी व्यवस्था बदली नजर आएगी। जंक्शन के सिटी साइड यानी प्लेटफार्म नंबर एक की ओर पुनर्विकास का काम बड़े स्तर पर शुरू होना है।

**कुंभ-2019 में बने 'यात्री आश्रय स्थल' से मिलेगा टिकट**

इसके कारण वहां मौजूद पुराने आरक्षण और अनारक्षित टिकट काउंटरों को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। अब यात्रियों को टिकट लेने के लिए कुंभ-2019 के दौरान बने 'यात्री आश्रय स्थल' का रुख करना होगा, जिसे रेलवे ने अब स्थायी टिकट केंद्र के रूप में तब्दील कर दिया है।

**निर्माण के दौरान यात्रियों का प्रवेश वर्जित होगा**

सिटी साइड की पुरानी इमारतों को ढहाने और वहां नए निर्माण कार्य को गति देने के लिए प्लेटफार्म एक की ओर स्थित प्रमुख कार्यालयों को भी इसी यात्री आश्रयस्थल में शिफ्ट किया जा रहा है। प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित कुमार सिंह के मुताबिक, पुरानी बिल्डिंग को खाली कराने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और निर्माण कार्य शुरू होते ही इन क्षेत्रों में आम यात्रियों का प्रवेश वर्जित कर दिया जाएगा।



**आगामी महाकुंभ की तैयारियों को लेकर बदलाव अहम**

आगामी महाकुंभ की तैयारियों के मद्देनजर यह बदलाव बेहद अहम माना जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए पूरे परिसर में बड़े और स्पष्ट दिशा सूचक बोर्ड लगाए जा रहे हैं ताकि किसी को नए टिकट काउंटर तक पहुंचने में परेशानी न हो। चूंकि पुराने काउंटरों और कार्यालयों की जगह अब निर्माण मशीनें और मजदूर तैनात रहेंगे, इसलिए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे स्टेशन के इस नए बदलाव को ध्यान में रखते हुए ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

**पार्किंग के भी वैकल्पिक इंतजाम होंगे**

वहीं, सिटी साइड में पार्किंग के लिए भी वैकल्पिक इंतजाम किए जा रहे हैं। यात्री आश्रय स्थल को पार्किंग के रूप में विकसित करने की योजना है, जिसमें एक पार्किंग क्षेत्र में दो पहिया वाहन व दूसरे पार्किंग क्षेत्र में चार पहिया वाहन खड़े किए जा सकेंगे । हालांकि अभी इसकी अधिकृत घोषणा नहीं हुई है । रेलवे एक-दो दिन में इसकी सूचना जारी कर सकता है।

## आवारा कुत्तों ने काटने के लिए दौड़ाया तो अनियंत्रित स्कूटी से गिरा युवक, चली गई जान

**प्रयागराज।** आवारा कुत्तों ने शुक्रवार रात एक युवक की जान ले ली। मनमोहन पार्क के पास स्कूटी से जा रहे 24 वर्षीय आकाश जैसवार को आवारा कुत्तों ने काटने के लिए दौड़ा लिया। इससे आकाश की स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से पुलिस जख्मी युवक को बेली अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तब परिवार में मातम छा गया। बताया गया है कि कैंट थाना क्षेत्र के ऊंचवागढ़ी राजापुर निवासी ओम प्रकाश का बड़ा बेटा आकाश लाइट हाउस और कैटरिंग का संचालन करता था। शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह स्कूटी से कहीं जा रहा था। कर्नलगंज थाना क्षेत्र में मनमोहन पार्क के पास पहुंचा, तभी आवारा कुत्तों ने काटने के लिए दौड़ा लिया। इससे आकाश स्कूटी समेत सड़क पर गिर गया और सिर पर गंभीर चोट लगने से घायल हो गया। राहगीरों से खबर पाकर कर्नलगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को बेली अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दर्दनाक हादसे का पता चलते छोटा भाई विकास सहित कई लोग अस्पताल पहुंचे। करीबियों ने बताया कि पिता की बीमारी के कारण आकाश ने कारोबार संभाल लिया था, लेकिन इस हादसे से सभी लोग सदमे में हैं। इंस्पेक्टर कर्नलगंज संजय कुमार सिंह का कहना है कि कुत्तों की वजह से स्कूटी सवार युवक की मौत हुई है। पुलिस का कहना है कि जांच से पता चला है कि स्कूटी सवार आकाश ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। कुछ लोगों का कहना है कि अगर हेलमेट होता तो शायद जान बच सकती थी। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद लोग गम में डूबे रहे। बेटे की मौत पर मां निशा देवी और पिता ओम प्रकाश भी बिलखते रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## गैंग बनाकर अवैध वसूली व गंभीर अपराधों में लिप्त गिरोह पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्र में संगठित अपराधों में लिप्त एक गिरोह के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय आपराधिक तत्वों में हड़कंप मच गया है। पुलिस के अनुसार थाना नाराहट प्रभारी द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया कि कस्बा नाराहट निवासी एक युवक को गैंग लीडर के रूप में चिन्हित किया गया है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित गिरोह बनाकर अवैध वसूली, मारपीट तथा अन्य गंभीर अपराधों को अंजाम देता है। गिरोह का एक अन्य सदस्य ग्रामीण क्षेत्र का निवासी बताया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के सदस्यों के खिलाफ पूर्व में हत्या जैसे गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं और उन्हें गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा चुका है। इसके बावजूद गिरोह की आपराधिक गतिविधियां जारी थीं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था और आम लोग शिकायत करने से डर रहे थे। पुलिस ने बताया कि गिरोह की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जिलाधिकारी की अनुमति के बाद उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 2/3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना पुलिस ने मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है और गिरोह से जुड़े अन्य व्यक्तियों की भी जांच की जा रही है।

## चलती ट्रेन में युवक का मोबाइल चोरी, जीआरपी में मामला दर्ज



**ललितपुर।** चलती ट्रेन में यात्रा के दौरान एक युवक का मोबाइल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के कटनी निवासी अंकित जायसवाल 14 मार्च 2026 को हजरत निजामुद्दीन से भोपाल की ओर ट्रेन संख्या 12722 के जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे। रात में सो जाने के बाद जब 15 मार्च की सुबह करीब 6.30 बजे उनकी नींद खुली, तब उन्होंने देखा कि उनकी पैंट की जेब में रखा मोबाइल फोन गायब है। उस समय ट्रेन ललितपुर स्टेशन से आगे बढ़ चुकी थी। पीड़ित के अनुसार चोरी हुआ मोबाइल वनप्लस कंपनी का ग्रे रंग का फोन है, जिसमें जियो और वीआई के दो सिम कार्ड लगे थे। मोबाइल की कीमत लगभग 29 हजार रुपये बताई गई है। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## बहन की आत्महत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** थाना मड़ावरा क्षेत्र में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में पुलिस ने एक और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना मड़ावरा में दर्ज मुकदमा संख्या 92/2026 के तहत ग्राम सतवांसा निवासी आनन्द राजपूत को रविवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि 8 अप्रैल को वादी और आरोपियों के बीच घर के पास विवाद हुआ था। आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने से वादी की बहन भयभीत हो गई थी। अगले दिन 9 अप्रैल को उसने कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम कराया। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों नीतेश लोधी, अनीश लोधी और सचिन लोधी को 11 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया था। अब चौथे आरोपी आनन्द राजपूत की गिरफ्तारी के साथ पुलिस ने मामले में अहम प्रगति हासिल की है। गिरफ्तारी की कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# दामोदर के पीवीटीजी गांव में सजा स्वास्थ्य सेवा का शिविर, 125 ग्रामीणों को मिला निःशुल्क उपचार

**● डॉ. रमेश शरण की स्मृति में आयोजित पहल बनी उम्मीद की किरण, कुपोषण समेत कई बीमारियों की हुई जांच और दवा वितरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** सेवा और समर्पण की मिसाल पेश करते हुए आर शरण संस्था द्वारा रविवार को पीवीटीजी ग्राम दामोदर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय डॉ. रमेश शरण (पूर्व कुलपति, विनोबा भावे विश्वविद्यालय) की स्मृति में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 125 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें 20 से अधिक परहैया (पीवीटीजी) समुदाय के लोग शामिल थे। जांच के दौरान वजन, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, रक्तचाप, सर्दी-खांसी, बुखार और मलेरिया जैसी बीमारियों की पहचान की गई। जिन मरीजों में स्वास्थ्य समस्याएं पाई गई, उन्हें तुरंत चिकित्सकीय परामर्श के साथ निःशुल्क दवाएं भी दी गई।

विशेष रूप से पीवीटीजी समुदाय में कुपोषण, कमजोरी और त्वचा रोग जैसी गंभीर समस्याएं सामने आई। चिकित्सकों ने आंख, दांत, गला और कान की जांच भी की तथा मरीजों को ग्लूकोज, ओआरएस, कैल्शियम, आयरन सप्लीमेंट और हेल्थ टॉनिक वितरित किए। इस शिविर की खास बात यह रही कि सभी चिकित्सकों ने अपने परिवार के साथ भाग लेकर सेवा भावना का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में लातेहार सदर अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक डॉ. अखिलेश्वर प्रसाद, डॉ. अलीशा टोप्पो, डॉ. अमरनाथ प्रसाद सहित अन्य चिकित्सा कर्मियों ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के सफल संचालन में मुजाहिद आलम, नागेंद्र कुमार, अरमान और रेहान का सक्रिय योगदान रहा, जबकि पंजीकरण कार्य उषा कुमारी, जीदन टोपनो, आंगनबाड़ी सेविका सनिचरीया देवी और सहिया मुनीता देवी ने संभाला। संस्था की प्रबंधक नेहा प्रसाद ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. रमेश शरण का जीवन ग्रामीण और वंचित समुदायों की सेवा को समर्पित था। उन्होंने सभी चिकित्सकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था आगे भी दूरदराज के पीवीटीजी क्षेत्रों में ऐसे शिविर आयोजित करती रहेगी।

उन्होंने बताया कि संस्था जल्द ही कामता पंचायत में 6 से 18 वर्ष के पीवीटीजी बच्चों के शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन करेगी, ताकि शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने इस पहल की सराहना करते हुए संस्था और चिकित्सकों की टीम को साधुवाद दिया। शिविर में मुखिया नरेश भगत, ग्राम प्रधान सुले उरांव, चंद्रदेव उरांव, ममता देवी, समाजसेवी सुधीर प्रसाद, मुकेश साव, शिक्षक रंथु उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक में मारी टक्कर, दंपति गंभीर घायल

**ललितपुर।** जिले के कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उमेश कुमार तिवारी अपनी पत्नी के साथ 6 अप्रैल को शादी के कार्ड बांटकर राजघाट रोड से ललितपुर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो (नंबर एम.पी.16-8751) के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में उमेश तिवारी व उनकी पत्नी दोनों घायल हो गए। पत्नी के पैर में गंभीर चोट आई है, जिसमें हडिडयां टूट गईं, जबकि दोनों के हाथों में भी चोटें आई हैं। घायलों को पहले जिला अस्पताल ललितपुर में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर महिला को झांसी रेफर कर दिया गया। पीड़ित के अनुसार हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक बिना रुके मौके से भाग गया। घटना की सूचना पुलिस हेल्पलाइन 112 पर दी गई थी। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

# करमाटांड़ में नवपदस्थापित थाना प्रभारी का एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**करमाटांड़, जामताड़ा, झारखंडः-** करमाटांड़ थाना में नवपदस्थापित थाना प्रभारी अलखनाथ चौबे का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्र कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी और सम्मान के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा स्वरूप माँ चंचला की तस्वीर भेंट कर शुभकामनाएँ दीं तथा उनके कार्यकाल के सफल और जनहितकारी होने की कामना की। स्वागत कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कहा कि पुलिस प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय से ही क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नए थाना प्रभारी के नेतृत्व में कर्माटार क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। थाना प्रभारी अलखनाथ चौबे ने इस सम्मान के लिए सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्षेत्र में निष्पक्ष, संवेदनशील और जिम्मेदार पुलिसिंग के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने युवाओं से समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की। कार्यक्रम में निर्भय मंडल, सोनू मंडल, टिंकू, धीरज, गोपी, प्रिंस, अजय सहित कई अन्य एबीवीपी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का वातावरण सौहार्दपूर्ण, उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा, जो पुलिस और युवाओं के बीच आपसी विश्वास और सहयोग का एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# नींव खुदाई के बाद मिट्टी पर ही बिना डस्ट या बालू दिए 8/10 भाग के सूखे मसाले से ढलाई कर किया जा रहा है गार्डवाल का घटिया निर्माण

**●ग्रामीणों ने स्थल जांच करते हुए की कार्रवाई की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़ झारखंडः-** सरकारी योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता नहीं किए जाने के बावजूद पाकुड़िया प्रखंड के अंतर्गत खाकसा पंचायत के जटांग खाकसा टोला में निर्माणाधीन आरईओ पक्की सड़क के निकट गार्डवाल के निर्माण में बड़े पैमाने पर प्राक्कलन की अनदेखी करते हुए घटिया निर्माण कर गुणवत्ता प्रभावित की जा रही है। बताया जाता है कि उक्त गार्डवाल निर्माण के क्रम में नींव की खुदाई के उपरांत स्टोन डस्ट या बालू दिए बगैर ही मिट्टी में 5/8 चिप्स बालू एवं अल्प मात्रा में सीमेंट मिलाकर सूखे मसाले से लेवलिंग कर ऊपर से हल्के स्तर पर पानी का छिड़काव कर बोल्डर की जोड़ाई 8/10 भाग मसाले से की जा रही है। वहीं दूसरी ओर बोल्डर की जोड़ाई में सिर्फ किनारे ही 8 भाग मिक्सचर से जोड़ाई की जा रही है और बोल्डरों के जोड़ने के पहले मसाला नीचे नहीं दिए जाने से गार्डवाल कमजोर होकर शीघ्र ही ध्वस्त होने की संभावना है।

12 अप्रैल को इसी निर्माणाधीन पथ से दूसरे ग्राम जाने वाले ग्रामीण तथा इसी गांव के कई लोगों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि नींव की खुदाई के बाद कम से कम 6 इंच स्टोन डस्ट या बालू लेवलिंग करने के बाद एक फुट ढलाई की जाने से गार्डवाल में गुणवत्ता बरकरार रहेगी और शीघ्र ध्वस्त नहीं होगा। इसके पूर्व भी इसी रोड में गार्डवाल निर्माण में मिट्टी पर ही सूखे मसाले से ढलाई कर गुणवत्ता प्रभावित की गई है। विभिन्न सूत्रों से मिली सूचना के अनुसार इस रोड के निकट निर्माण किए गए सभी गार्डवालों में बड़े पैमाने पर घपला किया गया है जिससे योजनाओं की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित होती दिख रही है। ग्रामीणों ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग उच्चाधिकारियों से की है।

## मजदूरी के दौरान विवाद युवक से मारपीट व जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में मजदूरी के दौरान हुए विवाद में एक युवक के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महरौनी के ग्राम धवारी निवासी शैलेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 4 अप्रैल की रात करीब 8 बजे गांव में ही भूसा भरने का काम कर रहा था। इसी दौरान गांव के ही एक व्यक्ति ने बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर वह काम छोड़कर घर लौटने लगा। पीड़ित का आरोप है कि रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करते हुए नाली में पटक दिया। इसके बाद लात-घूंसे से जमकर मारपीट की, जिससे उसे चोटें आई। किसी तरह जान बचाकर भागने पर आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने नामजद छह आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी को मामले की जांच सौंपी गई है और पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# आरएसएस पर प्रतिबंध की अनुशंसा सनातन मूल्यों के प्रति दूषित मानसिकता - हिन्दु विचार मंच पाकुड़िया इकाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़ झारखंड।** 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा पर आधारित सनातन सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण संवर्धन एवं मातृभूमि भारतवर्ष के प्रति समर्पित राष्ट्रीय भावना के प्रचार-प्रसार के निमित्त राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी की मंगलमयी बेला में डॉक्टर बलीराम हेडगेवार ने की। उल्लेखनीय है कि इन 100 वर्षों में संघ सनातन धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित राष्ट्रीय भावना के प्रति पूरी निष्ठा से समर्पित रहा है। महान राष्ट्रभक्त डॉक्टर बलीराम हेडगेवार ने पराधीन भारत में हिन्दुओं की प्रताड़ना सनातन धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों की अवमानना जबरन धर्मांतरण तथा राष्ट्रीय भावना पर आघात जैसे गंभीर विषयों पर चिंतन-मनन करते हुए इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि राष्ट्रीय भावना के बिना भारत की सामूहिक प्रगति संभव नहीं है और इसकी जड़ें सनातन सांस्कृतिक मूल्यों में निहित हैं।

हिन्दु विचार मंच पाकुड़िया इकाई ने अमेरिका की सरकारी संस्था धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध की अनुशंसा पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि संघ भारतीय राष्ट्रीय भावना को प्रेरित करता रहा है। भारत विश्व का सर्वाधिक पंथनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक राष्ट्र है और यहां सदियों से सनातनियों के साथ मुस्लिम और ईसाई समुदाय के लोग भी सामाजिक सौहार्द के साथ रहते आए हैं। मंच ने कहा कि भारत की मूल अवधारणा 'वसुधैव कुटुंबकम' रही है और यह मानवीय हित का पक्षधर है। ऐसे में आरएसएस जैसे सांस्कृतिक संगठन पर धार्मिक भेदभाव फैलाने का आरोप तथ्यहीन है तथा संघ की संपत्ति जब्त करने और अमेरिका में प्रवेश पर रोक की अनुशंसा भारतीय संवैधानिक अधिकारों और सांस्कृतिक मूल्यों पर आघात है। हिन्दु विचार मंच ने अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की रिपोर्ट पर आपत्ति जताते हुए कहा कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति खराब बताना वास्तविकता के विपरीत है। मंच के अनुसार भारत में सभी समुदायों को अपने धर्म का पालन करने की स्वतंत्रता है और किसी भी अवैध या राष्ट्रविरोधी गतिविधि पर कार्रवाई करना धार्मिक उत्पीड़न नहीं कहा जा सकता। मंच ने यह भी कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपरा सहिष्णुता और समरसता पर आधारित है तथा हिन्दुत्व कोई मजहब नहीं बल्कि एक जीवन शैली है जिसमें मानवीय मूल्यों और लोकहित का समावेश है। अंत में हिन्दु विचार मंच पाकुड़िया इकाई ने कहा कि भारत में सभी समुदाय सदियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में रह रहे हैं और ऐसे में भारत पर धार्मिक असहिष्णुता के आरोप लगाना निराधार और दुर्भावनापूर्ण है।

# तमाड़ में पेपर लीक गिरोह का बड़ा भंडाफोड़, मुख्य सरगना समेत 164 गिरफ्तार

**●झारखंड उत्पाद सिपाही परीक्षा से जुड़ा मामला, 159 अभ्यर्थी भी गिरफ्तार, 10-15 लाख में पास कराने का सौदा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** राजधानी रांची पुलिस ने पेपर लीक के संगठित अंतर्राज्यीय गिरोह पर बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य सरगना सहित कुल 164 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा 2023 से जुड़े 159 अभ्यर्थियों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस को 11 अप्रैल 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना क्षेत्र के एक अर्द्धनिर्मित भवन में 150 से अधिक अभ्यर्थियों का संदिग्ध जमावड़ा लगा हुआ है। सूचना के आधार पर विशेष छापामारी टीम का गठन कर देर रात छापा मारा गया। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, वहां मौजूद लोग भागने लगे और अपने दस्तावेज व अन्य सामान छिपाने या फेंकने लगे। पुलिस ने सूझबूझ से सभी को काबू में कर दो कमरों में सीमित किया और तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान मौके से प्रिंटर मशीन, तैयार प्रश्न-उत्तर सेट, फटे हुए एडमिट कार्ड, संदिग्ध मोबाइल फोन, बैंक चेक बरामद किए गए।

### रटवाए जा रहे थे प्रश्न-उत्तर

प्राथमिक जांच में खुलासा हुआ कि अंतर्राज्यीय सोल्वर गैंग के सदस्य अभ्यर्थियों को प्रश्न-उत्तर सेट रटवा रहे थे। मौके पर कुल 164 लोग मौजूद थे, जिनमें 5 गैंग सदस्य और 159 अभ्यर्थी (7 महिलाएं शामिल) थीं।

### लाखों में होता था सौदा

जांच में सामने आया कि गिरोह के एजेंट अभ्यर्थियों से 10 से 15 लाख रुपये लेकर परीक्षा पास कराने का दावा करते थे। इसके लिए उन्हें प्रश्न और उत्तर उपलब्ध कराए जाते थे और याद करवाए जाते थे। पुलिस से बचने के लिए अभ्यर्थियों ने अपने मोबाइल फोन, एडमिट कार्ड तक गैंग को सौंप दिए थे। कई अभ्यर्थियों ने गैंग के नाम बैंक चेक भी जारी किए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जेएसएससी के साथ समन्वय स्थापित किया गया है। इस संबंध में तमाड़ थाना कांड संख्या-21/26, दिनांक 12 अप्रैल 2026 के तहत मामला दर्ज कर सभी 164 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटनास्थल से 8 वाहनों को भी जब्त किया गया है। अन्य संदिग्धों की तलाश में छापेमारी जारी है। गिरफ्तार मुख्य सरगना अतुल वत्स जिला जहानाबाद, बिहार पहले भी कई बड़े पेपर लीक मामलों में संलिप्त रहा है, जिनमें राजस्थान क्लर्क भर्ती परीक्षा 2017, NEET पेपर लीक 2024, बिहार कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर परीक्षा 2024, उत्तर प्रदेश समीक्षा अधिकारी परीक्षा 2024, यूपी सिपाही भर्ती परीक्षा 2024 शामिल हैं। इस कार्रवाई को राज्य में परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता बनाए रखने की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अब इस गिरोह के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने में जुटी है।

# ठेका मजदूर यूनियन के लोगों ने किया प्रदर्शन, बैठक में सत्याग्रह अभियान चलाने का लिया निर्णय

**● ठेका मजदूरों को मिले ग्रेच्युटी , 24 अप्रैल दिल्ली सम्मेलन में जाएंगे मजदूर प्रतिनिधि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा/सोनभद्र-** ओबरा तापीय परियोजना समेत सभी उद्योगों में 60 वर्ष की आयु में रिटायर किए जा रहे ठेका मजदूरों को ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम 1972 के प्रावधानों के अनुसार प्रबंधन को ग्रेच्युटी का तत्काल भुगतान करना चाहिए। उक्त मांगे रविवार को ओबरा कार्यालय पर ठेका मजदूर यूनियन की बैठक में उठी। बैठक में ठेका मजदूरों की इस मांग और रोजगार, सामाजिक व जीवन सुरक्षा न्यूनतम वेतन का वेज रिवीजन के सवालों पर बड़े पैमाने पर हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय हुआ। बैठक की अध्यक्षता ठेका मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष तीरथ राज यादव और संचालन संयुक्त मंत्री मोहन प्रसाद ने किया। बैठक में कहा गया की जनपद में उद्योगों का प्रबंध तंत्र व शासन-प्रशासन ठेका मजदूरों के साथ विधि के अनुरूप व्यवहार नहीं कर रहा है। ग्रेच्युटी एक्ट में विधिक अधिकार होने के बावजूद पूरी जिंदगी एक ही जगह काम करने वाले ठेका मजदूरों को रिटायर होने पर ग्रेच्युटी नहीं दी जा रही है। मजदूरों को महीने में मात्र 14 दिन काम देने की जबरन कार्रवाई हो रही है। हाईकोर्ट के आदेश और कारखाना अधिनियम के कानून के बाद भी मजदूरों को जीवन सुरक्षा उपकरण प्राप्त नहीं है। कानून का उल्लंघन करते हुए पिछले 10 सालों से प्रदेश में न्यूनतम वेतन का वेज रिवीजन नहीं किया गया। नए लेबर कोड में मजदूरों के कानूनी अधिकार भी छीन लिए गए है। इस स्थिति में कानून की राज की स्थापना के लिए यूनियन सत्याग्रह अभियान चलाएगी। बैठक में भारत के की विदेश व व्यापार नीति तथा कृषि, ऊर्जा और खाद्यान्न संकट पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में मजदूर प्रतिनिधियों के शामिल होने का निर्णय हुआ। कहा गया कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत दुनिया में अलग-थलग पड़ गया है। अमेरिका खेमे से जुड़ने के कारण मित्र देशों से हमारे संबंध बेहद खराब हो गए। परिणाम स्वरुप हमें तेल, गैस और ऊर्जा के भीषण संकट का सामना करना पड़ रहा है। हमारे कृषि, छोटे-मझोले उद्योग, व्यापार व बाजार तबाह हो गए हैं। आम आदमी बेरोजगारी और महंगाई की मार झेल रहा है। ऐसे में यह राष्ट्रीय सम्मेलन अति महत्वपूर्ण राजनीतिक हस्तक्षेप है। जिसमें शामिल होने और सहयोग करने की अपील भी की गई। बैठक में आदित्य नारायण सिंह, अरविंद कुमार, खुर्शीद खान, जगन्नाथ मिश्रा, विनोद कुमार जायसवाल, रामविलास चौहान, नबी उल्लाह, रेखा देवी, दयाशंकर पांडे, रामाशीष यादव, अवधेश मौर्य, नूर मोहम्मद, मोहनलाल, केवल प्रसाद पाठक, निरहू राम आदि सैकड़ो मजदूर शामिल रहे।

# आप सांसद संजय सिंह ने साधा केंद्र पर निशाना

**●भारत की विदेश नीति की विफलता है पाकिस्तान का शांति वार्ता में शामिल होना**

**महिला आरक्षण पर संजय सिंह ने सरकार को घेराः 'इसे तुरंत लागू करे सरकार'**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुलतानपुर -** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला बोला है। सुलतानपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के गिरते प्रभाव और देश में बढ़ती महंगाई को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। संजय सिंह ने कहा कि भारत महात्मा गांधी, गौतम बुद्ध, गुरु नानक और संत कबीर जैसे शांतिदूतों का देश रहा है। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि आज आतंकवाद को पालने-पोषने वाला पाकिस्तान शांति वार्ता की मध्यस्थता कर रहा है। 'यह प्रधानमंत्री की 'ही-ही, खी-खी' वाली विदेश नीति का परिणाम है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर साख फैसलों और चरित्र से बनती है, केवल दिखावे से नहीं। 'उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए अमेरिका की अनुमति लेनी पड़ रही है, तो दुनिया में हमारी स्थिति क्या है, इसका अंदाजा खुद लगाया जा सकता है। संजय सिंह ने वैश्विक स्तर पर चल रहे युद्धों और शांति वार्ताओं की विफलता पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि अंतरराष्ट्रीय युद्धों का सीधा असर भारत के आम आदमी की जेब पर पड़ रहा है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) जैसे समुद्री मार्गों के बाधित होने से तेल और गैस की कीमतों में उछाल आ रहा है। युद्ध जारी रहने से देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम कम नहीं हो पा रहे हैं।

बढ़ती महंगाई के कारण मजदूर और गरीब तबका बड़े शहरों से पलायन करने को मजबूर है। संजय सिंह ने उन लोगों की भी आलोचना की जो शांति वार्ता के विफल होने पर जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ 'अंधभक्त' और मीडिया का एक वर्ग इसे सही ठहराने की कोशिश कर रहा है, जबकि युद्ध का लंबा खिंचना भारत के लिए आर्थिक रूप से नुकसानदेह है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शांति से ही देश में महंगाई और गरीबी पर लगाम लगाई जा सकती है। संजय सिंह ने महिला आरक्षण बिल को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए इसे महिलाओं के साथ 'धोखा' करार दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम आदमी पार्टी महिला आरक्षण के विरोध में नहीं है। उन्होंने कहा, 'अगर सरकार वर्तमान की 543 लोकसभा सीटों पर ही 33% आरक्षण तुरंत लागू करती है, तो हम इसका खुलकर स्वागत और समर्थन करेंगे। सांसद ने आरोप लगाया कि सरकार ने इस बिल में जनगणना और परिसीमन (Delimitation) जैसी शर्तें जोड़कर इसे भविष्य के लिए टाल दिया है। उन्होंने कहा कि बिना जनगणना के इसे लागू न करना महिलाओं के साथ विश्वासघात है।




उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सब आगामी चुनावों को देखते हुए किया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि 2011 की जनगणना के आधार पर ही सीटों की संख्या तय कर आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। बयान में उन्होंने यह भी कहा कि यदि सरकार को लगता है कि 33% की जगह 35% आरक्षण देने की जरूरत है, तो पार्टी उसमें भी साथ खड़ी है, लेकिन इसे अभी और इसी वक्त लागू किया जाए।

संजय सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर केवल 'नौटंकी' करेगी और इसे लटकाए रखेगी, तो आम आदमी पार्टी पूरे देश के सामने सरकार की असलियत उजागर करेगी।

# ओबरा पुलिस ने किया छेड़खानी के आरोप में एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार, भेजा न्यायालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश -**पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में महिलाओ सम्बन्धित अपराधों व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के निकट पर्वेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए महिला से छेड़खानी करने वाले वांछित एक नफर अभियुक्त आशीष जयसवाल पुत्र मोहन जयसवाल निवासी चूड़ी गली थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 37 वर्ष को गिरफ्तार कर मा. न्यायालय भेजा जा रहा है । दिनांक 11.04.2026 को थाना ओबरा क्षेत्रान्तर्गत रहने वाली महिला की लिखित तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0-69/2026 धारा 74, 110, 1181, 1152, 352, 3512, 333 बीएनएस विरुद्ध आशीष जयसवाल पुत्र मोहन जयसवाल निवासी चूड़ी गली थाना ओबरा जनपद सोनभद्र के पंजीकृत किया गया मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त आशीष जयसवाल उपरोक्त को गिरफ्तार करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष दिशा निर्देश दिया गया था उक्त निर्देश के क्रम में रविवार दिनांक 12.04.2026 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर सुभाष तिराहा हनुमान मन्दिर के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त उपरोक्त को न्या0 भेजा जा रहा है ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 जयशंकर सिंह थाना ओबरा जनपद सोनभद्र , हे0का0 अनिल गुप्ता , का0 धर्मेन्द्र राजभर शामिल रहे। सोनभद्र पुलिस महिलाओं की सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर है। किसी भी प्रकार की छेड़खानी या अभद्र व्यवहार होने पर तुरंत डायल 112 या महिला हेल्पलाइन 1090 पर सूचना दें। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी ।

# संक्षिप्त खबरें

## 13 वर्षीय किशोर ने घर में लगाई फांसी



**माधौगढ़(जालौन)**- कोतवाली क्षेत्र के डिकौली गांव में रविवार को 13 वर्षीय किशोर ने अज्ञात कारणों के चलते घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक, डिकौली निवासी मनीष का 13 वर्षीय पुत्र प्रद्युम्न रविवार को घर के अपने कमरे में था। इसी दौरान उसने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों को संदेह हुआ। जब परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो प्रद्युम्न फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माधौगढ़ लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 15 वर्षीय किशोर की मौत



**कालपी(जालौन)**- सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम निपानिया में एक सड़क हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, ग्राम निपानिया निवासी दिव्यांशु विश्वकर्मा (15) गेहूं से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर था। इसी दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया जिसके नीचे दबकर दिव्यांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन और ग्रामीण तत्काल उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने दिव्यांशु को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## साइबर फ्रॉड के विरुद्ध बभनी पुलिस की त्वरित कार्रवाई, फ्रॉड के रुपये पीड़ित को कराए वापस, जनपद पुलिस की लोगों ने की सराहना



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के कुशल नेतृत्व में थाना बभनी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। बभनी थाना प्रमोद कुमार पुत्र शिवकुमार, निवासी ग्राम परसाटोला, जनपद सोनभद्र द्वारा अपनी ही त्रुटि से 12,200/- रुपये अन्य व्यक्ति के खाते में स्थानांतरित हो जाने के संबंध में NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना बभनी की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित कर संबंधित बैंकों से समन्वय स्थापित किया गया तथा धनराशि को होल्ड कराया गया। निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण कर उक्त 12,200/- रुपये की धनराशि सफलतापूर्वक आवेदक के खाते में वापस कराई गई। धनराशि प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक , अपर पुलिस अधीक्षक , क्षेत्राधिकारी दुद्धी तथा थाना बभनी पुलिस व साइबर टीम के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। बरामद करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक- दिन्नू प्रसाद यादव, थाना बभनी जनपद सोनभद्र, उप निरीक्षक- मक्खन लाल, हे0का0- मो0 सलीम, का0- घनश्याम पाल,का0- सुधीर कुमार यादव शामिल रहे। सोनभद्र पुलिस कीअपील -साइबर अपराध होने पर तत्काल नजदीकी थाना या साइबर क्राइम थाना को सूचित करें।

# अंतरराष्ट्रीय/क्रॉस-बॉर्डर अवैध ड्रग तस्करी सिंडिकेट पर सोनभद्र पुलिस का सतत प्रहार

● कोडीन युक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई में बांग्लादेश बॉर्डर तक फैले नेटवर्क के दो शातिर तस्कर गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों एवं कोडीन युक्त नशीले कफ सिरप की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में जनपद सोनभद्र पुलिस (एसआईटी टीम) द्वारा एक बड़े अंतरराज्यीय एवं क्रॉस-बॉर्डर ड्रग नेटवर्क का खुलासा करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 1054/2025 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2)क भारतीय न्याय संहिता एवं 8/21/27ए/29 एनडीपीएस एक्ट से संबंधित प्रकरण में संलिप्त ड्रग माफिया शुभम जायसवाल पुत्र भोला प्रसाद जायसवाल के करीबी अभियुक्तगण संस्कार वर्मा पुत्र विनोद कुमार वर्मा तथा विनोद कुमार वर्मा पुत्र कनक भवन वर्मा, निवासी 33/67 उदितगंज की मण्डी, चलुआ घाट, थाना अतरसुइया, जनपद प्रयागराज* को सोनभद्र एसआईटी टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

उपरोक्त अभियोग की विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण द्वारा संगठित तरीके से दिल्ली स्थित वान्या इंटरप्राइजेज के माध्यम से कोडीन युक्त एस्कफ कफ सिरप की बड़ी खेप प्राप्त कर उसे अवैध रूप से अन्य राज्यों में डायवर्ट किया जाता था। तस्करी को छिपाने हेतु उक्त नशीले कफ सिरप को नमकीन/चिप्स के इनवॉइस पर कंटेनरों में छिपाकर बांग्लादेश सीमा (अगरतल्ला, त्रिपुरा) की ओर भेजा जा रहा था। यह नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय होकर नशाखोरी हेतु कोडीन युक्त कफ सिरप की आपूर्ति कर रहा था। उक्त तस्करी से संबंधित बड़ी खेप पूर्व में दिनांक 18.10.2025 को थाना रॉबर्ट्सगंज क्षेत्र से कुल 1,19,675 शीशियां कोडीन युक्त कफ सिरप की दो कंटेनरों से बरामद की जा चुकी है। जिसमें गिरफ्तार अभियुक्तगण संस्कार वर्मा एवं विनोद वर्मा द्वारा अवैध डायवर्जन के माध्यम से बांग्लादेश बॉर्डर (अगरतल्ला, त्रिपुरा) हेतु कुल 59,675 शीशियां कोडीन युक्त एस्कफ कफ सिरप का अवैध परिवहन कराया जाना प्रकाश में आया।

उक्त प्रकरण में फरार चल रहे अभियुक्तों की तलाश के दौरान एसआईटी टीम सोनभद्र द्वारा थाना अतरसुइया, जनपद प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस के सहयोग से दिनांक 12.04.2026 को दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोनभद्र लाकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्तगण विनोद कुमार वर्मा पुत्र कनक भवन वर्मा, निवासी 33/67 उदितगंज की मण्डी, चलुआ घाट, थाना अतरसुइया, जनपद प्रयागराज, उम्र लगभग 50 वर्ष व संस्कार वर्मा पुत्र विनोद कुमार वर्मा, निवासी उपरोक्त, उम्र लगभग 27 वर्ष के पास से कुल 59,675 शीशियां कोडीन युक्त एस्कफ कफ सिरप बरामद किया गया। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास (संस्कार वर्मा)- मु0अ0सं0- 88/2025 धारा 208 भारतीय न्याय संहिता एवं 26(स्र) एनडीपीएस एक्ट, थाना अतरसुइया, जनपद प्रयागराज कमिश्नरेट।पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 1054/2025 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2)क भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं 8/21/27ए/29 एनडीपीएस एक्ट, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र। गिरफ्तारी करने वाली टीम में मुख्य रूप से सदानन्द राय, प्रभारी निरीक्षक ओबरा, जनपद सोनभद्र (एसआईटी), का0 प्रवीण कुमार राय, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, का0 यशवन्त सरोज, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र, थाना अतरसुइया, जनपद प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस टीम शामिल रहे।

# रॉबर्ट्सगंज पुलिस को मिली बड़ी सफलता, 50 किग्रा अवैध गांजा के साथ 03 तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की गई। रविवार दिनांक 12.04.2026 को रात्रि चेकिंग के दौरान पंचमुखी मंदिर के सामने मुख्य सड़क, ग्राम सहिजन खुर्द, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र के पास मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध बोलेरो वाहन को घेरकर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान वाहन में छिपाकर रखा गया कुल 50 किग्रा अवैध गांजा बरामद किया गया।

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे उड़ीसा राज्य से गांजा लाकर मीरजापुर व आसपास के क्षेत्रों में आपूर्ति करते हैं तथा पुलिस से बचने हेतु फर्जी नंबर प्लेट का प्रयोग करते हैं।

उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के संबंध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0-291/26 धारा 8/20/27/29/60 एनडीपीएस एक्ट व धारा 318(2), 336(3), 340(2), 345(3) भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण**

राजकुमार पुत्र लुदुर उर्फ माता प्रसाद, निवासी ग्राम विजयपुर, थाना विन्ध्याचल, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 50 वर्ष, शिवम यादव पुत्र जगरनाथ यादव, निवासी ग्राम अतरैला बेलन बरौधा, थाना लालगंज, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 19 वर्ष, अभिषेक सोनकर पुत्र पप्पू, निवासी ग्राम विजयपुर, थाना विन्ध्याचल, जनपद मीरजापुर, उम्र लगभग 20 वर्ष के पास से कुल 50 किग्रा अवैध गांजा (कीमत लगभग 10 लाख), बोलेरो वाहन संख्या UP64 K6460 (फर्जी नंबर प्लेट OD02X4680 सहित) (कीमत लगभग 6 लाख), 03 अदद मोबाइल फोन, नगद 750/- बरामद किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 राजेश जी चौबे, प्रभारी एसओजी/सर्विलांस, जनपद सोनभद्र, उ0नि0 विनोद कुमार यादव, चौकी प्रभारी चुर्क,उ0नि0 अनिल विश्वकर्मा, चौकी प्रभारी हिन्दुआरी , एसओजी टीम सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# भारतीय जनता पार्टी ओबरा मण्डल की सत्यापन बैठक संपन्न, बूथ मजबूती पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा / सोनभद्र** -भारतीय जनता पार्टी ओबरा मण्डल के मण्डल अध्यक्ष शिवनाथ जायसवाल की अध्यक्षता में ओबरा मण्डल के मण्डल सत्यापन की बैठक आहूत की गई। जिसके मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बी एन गुप्ता और विशिष्ट अतिथि निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष चोपन सुनील सिंह द्वारा मण्डल सत्यापन कार्यक्रम का शुभारंभ पं0 दीन दयाल उपाध्याय एवं डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मण्डल उपाध्यक्ष सीमा देवी ने अपने मण्डल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ का परिचय देते हुए मण्डल सत्यापन कार्यक्रम हेतु निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष चोपन सुनील सिंह को आमंत्रित किया।जिसके क्रम में उन्होंने आगामी 2027 के चुनाव को ध्यान में रखते हुए भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा आए हुए मण्डल सत्यापन कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ को जानकारी दी और इस बात के लिए भी आश्वत किया कि आगामी चुनाव के प्रति संगठन बहुत सख्त कदम उठाने वाली है। आगे संगठन द्वारा बूथ सत्यापन का कार्यक्रम भी किया जाना है। ताकि हर बूथों को सुदृढ़ किया जा सके, क्योंकि पार्टी का मानना है कि बूथ जीते तो चुनाव जीते । इसी क्रम में मुख्य अतिथि ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को उनकी शक्ति से परिचय कराया और कहा कि आपको आगामी चुनाव में अपनी सारी शक्ति चुनाव में लगाना है क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी की शक्ति है और पार्टी उनके शक्ति के बल पर ही चुनाव जीतती है। इस लिए आप सभी अपने अपने बूथों को सुदृढ़ करें ताकि चुनाव जीता जा सके। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंत में सीमा देवी ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर उमेश सिंह जी, बृजेश पाण्डेय, विशाल गुप्ता, राम यश पाण्डेय, रविन्द्र गर्ग,अनुज त्रिपाठी, सरिता सिंह, सुनील सिंह, नित्यानंद दूबे, सुशील कुशवाहा, पवन मिश्रा, आदित्य सिंह, आशीष तिवारी, पुष्पा दूबे, जितेन्द्र गौंड, दशरथ शुक्ला, मीडिया प्रभारी शिशिर शर्मा इत्यादि समस्त भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# साइबर फ्रॉड के विरुद्ध पिपरी पुलिस की त्वरित कार्रवाई, ठगी के रुपये पीड़ित को कराए वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** -पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के कुशल नेतृत्व में थाना पिपरी पुलिस द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। थाना पिपरी निवासी राजकुमार पुत्र शिवशंकर, निवासी-शिवा पार्क, रेनूकूट, , जनपद सोनभद्र के साथ अज्ञात साइबर अपराधी द्वारा धोखाधड़ी कर धनराशि ट्रांसफर करा ली गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना पिपरी की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। बैंक से समन्वय स्थापित कर धोखाधड़ी की गई धनराशि को तत्काल होल्ड कराया गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत नोटिस जारी कर कुल 26,999/- (छब्बीस हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये) की धनराशि सफलतापूर्वक आवेदक के मूल खाते में वापस कराई गई। धनराशि प्राप्त होने पर आवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक , अपर पुलिस अधीक्षक एवं थाना पिपरी की साइबर टीम के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

बरामद करने वाली टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव, थाना पिपरी जनपद सोनभद्र, निरीक्षक-हरेन्द्र यादव, थाना पिपरी , उप निरीक्षक-दिलीप कुमार सिंह, महिला आरक्षी-अर्चना शामिल रहे।

अपीलः साइबर अपराध होने पर तत्काल नजदीकी थाना या साइबर क्राइम थाना को सूचित करें।ज्ञश्चद्य Free Number - 1930[222.cybercrime.gov.in](http://www.cybercrime.gov.in)

## गेहूं की पराली में लगी आग, मचा हड़कंप

**कोंच(जालौन)**- ग्राम खैरी में डाली जा रही गैस लाइन में बेल्डिंग करते समय उसकी चिंगारी से खेत में खड़ी गेहूं की पराली में आग लग गई। आग लगने से मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मश्क्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग आसपास के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल तक नहीं पहुंच पाई वरना बड़ा नुकसान हो सकता था।

तहसील क्षेत्र के ग्राम खैरी के खेतों से गैस की नई लाइन बिछाई जा रही है। रविवार को गांव के किसान रामप्रताप के खेत में गैस लाइन में बेल्डिंग का काम किया जा रहा था तभी बेल्डिंग की चिंगारी से खेत में खड़ी पराली ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिसे देख आसपास के खेत वाले घबड़ा गए और वहां हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल फायर सर्विस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब कहीं जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, जांच में जुटी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कालपी(जालौन)**- कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवीपुर निवासी 27 वर्षीय युवक शिवम यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि युवक काफी समय से मानसिक तनाव में चल रहा था, जिसका कारण उसकी पत्नी का लंबे समय से मायके से ससुराल वापस न आना बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शिवम यादव निवासी देवीपुर कोतवाली कालपी पिछले कुछ समय से पारिवारिक कारणों के चलते मानसिक रूप से परेशान था। परिजनों के मुताबिक, उसकी पत्नी काफी समय से मायके में रह रही थी और वापस ससुराल नहीं आ रही थी। शनिवार की देर शाम करीब 7 बजे स्थानीय लोगों ने कालपी क्षेत्र के बलखंडी रेलवे फाटक के पास एक युवक को मृत अवस्था में पड़ा देखा। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान शिवम यादव के रूप में की। पुलिस ने जरूरी जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# भाजपा प्रशिक्षण में नेताओं ने कार्यकर्ताओं को पढ़ाया जनसंपर्क का पाठ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत रविवार को अभिलाषा पैलेस पड़री में कोंच ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य वक्ता, गौ सेवा आयोग उप्र के सदस्य राजेश सिंह सेंगर सहित भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित एवं विधायक मूलचंद्र निरंजन ने पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर की। उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच अपने उद्बोधन में सेंगर ने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसंपर्क के महत्व को लेकर जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा सकें। जिलाध्यक्ष ने संगठन के इतिहास, सिद्धांतों और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। विधायक ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और एक- एक कार्यकर्ता पार्टी को माँ का दर्जा देकर हर परिस्थिति में राष्ट्र हित में काम करता है। प्रशिक्षण में सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), नमो एप और सरल एप के प्रभावी उपयोग और बूथ प्रबंधन को मजबूत बनाने पर विशेष चर्चा की गई। इससे पूर्व ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों ने अतिथि नेताओं का पट्टिका ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर कोंच ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोनू पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष दशरथ पटेल, वीरेंद्र निरंजन, बाबूराम पाल,



सौरभ पुरवार, दीपक तिवारी, धीरेंद्र निरंजन, अवधेश पटेल, अनूप खरे, सीमा वर्मा, अरविंद निरंजन, अखिलेश निरंजन, शीलू पटेल, धर्मेंद्र दुबे, शशांक सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## महिला हुई लापता, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

**कोंच(जालौन)**- नगर के मोहल्ला जयप्रकाश नगर से एक महिला के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। मोहल्ला जयप्रकाश नगर निवासी धर्मेंद्र अग्रवाल की पत्नी सुमिता उर्फ वर्षा (28) शनिवार दोपहर करीब एक बजे घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। थक-हार कर परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

## दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना देल्हूपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पॉक्सों एक्ट के अभियोग से संबंधित एक वांछित अभियुक्त अखिल मिश्रा उर्फ ज्ञानप्रकाश मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष देल्हूपुर राधेश्याम के नेतृत्व में उ0नि0 संदीप तिवारी मय हमराह द्वारा मुखबिर की सूचना पर धारा 64(2) एम/ 137(2)/ 87/127(2)/ 115(2)बी0एन0एस0 व 5एल/6 पाक्सो एक्ट थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित अभियुक्त अखिल मिश्रा उर्फ ज्ञानप्रकाश मिश्रा पुत्र हरिनाथ मिश्रा निवासी सहेरुआ थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 19 वर्ष को थाना देल्हूपुर क्षेत्रान्तर्गत NSG होटल के पास पुल से से गिरफ्तार किया गया।

## 04 देशी बम चोरी की बाइक मोबाइल फोन के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना प्रभारी कोहंडौर धनन्जय राय नेतृत्व में थाना कोहंडौर के उ0नि0 जनार्दन प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान 04 अभियुक्तों में नीरज यादव पुत्र विजय प्रकाश यादव निवासी ग्राम सिकरी कानूपुर थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 19 वर्ष,अभिषेक गौतम उर्फ शेखर पुत्र स्व0 सोनई निवासी ग्राम सांगापुर थाना रामगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 27 वर्ष,शुभम गौतम पुत्र कन्हैया लाल गौतम निवासी ग्राम पड़री चन्दुआडीह थाना कोहंडौर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 19 वर्ष व अंश मौर्य पुत्र रंजीत मौर्य निवासी सराय रजई थाना कोहंडौर जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 17 वर्ष को 04 अवैध देशी बम व 01 चोरी की मोटरसाइकिल फर्जी नम्बर प्लेट व 01 शीज सुदा पल्सर मोटर साइकिल, 03 एण्ड्रायड मोबाइल के साथ थाना कोहंडौर क्षेत्रान्तर्गत आंवले की बगिया के बास नहर पटरी वहद ग्राम बरासराय से गिरफ्तार किया गया।उक्त वाहन के बारे में चोरी होने के सम्बन्ध में जानकारी की गयी तो पता चला कि थाना रामगंज जनपद अमेठी से चोरी हुई थी जिसके सम्बन्ध में थाना रामगंज में धारा 303 (2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

**कार्यालय-ग्राम पंचायत जमुहवा वि.खं. बर्डपुर, सिद्धार्थनगर**

**पत्रांकः मेमो/निविदा/सामग्री/2026-27**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत जमुहवा द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना ( VB- G RAMG )/पन्द्रहवां वित्त पंचम राज्य वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन एस.एल.डब्ल्यू.एम. सांसद/विधायक /एम.एल.सी निधि आदि योजना अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में स्वीकृत योजनाओं के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (प्रथम श्रेणी ईट, सीमेण्ट ईट की गिट्टी, पत्थर की गिट्टी, सरिया, पैंट, साइनबोर्ड, हयूमपाइप, स्ट्रीट लाईट, सफाई सामग्री, ठेला, सादा बालू मोरंग, कुढ़ापात्र, प्लास्टिक बैंक, ई-रिक्शा, साइकिल, ई-रिक्शा मरम्मत, स्वच्छता किट, इन्सीनीरेटर आदि एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। इस निमित निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक. 13 -04-2026 को 02:00 बजे तक आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फार्म रूपयां 100.00 रु. स्टाम्प पेपर तथा वांक्षित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय स्थान ग्राम पंचायत जमुहवा निविदा बाक्स में डाला जाएगा। निविदा उसी दिन 03:00 बजे निविदाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

1. अधिकृत फर्म/अधिकृतं डीलर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है 03 वर्ष का आयकर क्लियरेंश संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी.एस.टी. तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर ही दरें प्रस्तुत की जाय।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.28 प्रतिशत आयकर / टीडीएस देना होगा।
4. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नहीं होगी। पी. डब्लू डी के समयानुसार तय दर पर ही भुगतान की जाएगी।
5. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, टीए, अवर अभियन्ता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जाएगी।
6. धरोहर की धनराशि मु. 5000.00 (पांच हजार) है।
7. धरोहर की राशि राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर/एनएसेंसी एवं डाकघर के बचत पत्र जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो की। मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8.निविदा स्वीकृत होने के उपरांत ग्राम प्रधान / सचिव ग्राम पचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9. आदेश देने के सात दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जप्त कर ली जाएगी।
10. सामग्री की आपूर्ति स्वीकृतदर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11.सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है।
12. आपूर्तिकर्ता को भुगतान का. इंजिनियर/अवर अभियन्ता (ग्रा.अभि.वि )/ तक. सहायक द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर भुगतान नहीं की जायेगा।
13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपंत्र 100.00 रुपये है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है।
15. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान सचिव ग्राम पंचायत के पास होगा।
16. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत जमुहवा से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
17. जिस कार्य कि निविदा पृथक से निकाली जाएगी उस कार्य पर इस निविदां की शर्तें लागू नहीं होगी।

**अंकित शुक्ला**
**ग्रा.वि.अ./सचिव-**
**ग्राम पंचायत जमुहवा**
**विकास खण्ड- बर्डपुर,**
**सिद्धार्थनगर**

**श्रीमती सादिया खातून**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत जमुहवा**
**विकास खण्ड-बर्डपुर,**
**सिद्धार्थनगर**

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्धिविनायक मंदिर की 7 मूर्तियों के मुकुट चोरी

सीसीटीवी के सहारे पुलिस जांच में जुटी



**कानपुर।** दिनांक 11.04.2026 को सुतरखाना स्थित सिद्धि विनायक मंदिर से चोर सात मूर्तियों से मुकुट उतार ले गये। मंदिर प्रबंधन ने जब इसकी सूचना पुलिस को दी तब पुलिस ने इस पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर में चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस एवं सर्विलांस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई। सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन में एक संदिग्ध व्यक्ति सुबह लगभग 09:45 बजे मंदिर में प्रवेश करता एवं 09:56 बजे बाहर जाता हुआ दिखाई दिया, जिसके द्वारा कुल 07 मूर्तियों के मुकुट चोरी किए गए हैं, जिनका अनुमानित वजन लगभग 600 ग्राम है। प्रकरण में मंदिर प्रबंधन की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। घटना के अनावरण हेतु थाना स्तर एवं सर्विलांस की कुल 04 टीमें गठित की गई हैं, जो सीसीटीवी कैमरों एवं आईटीएमएस के माध्यम से संदिग्ध की पहचान एवं गिरफ्तारी के प्रयास कर रही हैं। शीघ्र ही घटना का सफल अनावरण किया जाएगा।

### कानपुर में पुष्पा गैस एजेंसी का लाइसेंस निलंबित, 6 हजार उपभोक्ता प्रभावित



**कानपुर।** कालाबाजारी और अनियमितताओं के आरोप में मकराबटगंज (खलासी लाइन) स्थित पुष्पा गैस एजेंसी का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। कार्रवाई जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की संस्तुति पर की गई। एजेंसी बंद होने से करीब 6 हजार उपभोक्ता प्रभावित हुए हैं। इन्हें अब भवानी और सिंह गैस एजेंसियों में शिफ्ट किया गया है। जानकारी के अभाव में कई उपभोक्ता अभी भी पुरानी एजेंसी पर पहुंच रहे हैं। जांच में सामने आया कि एजेंसी पर बुकिंग में गड़बड़ी, कालाबाजारी और रिकॉर्ड में अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण के दौरान स्टॉक व वितरण से जुड़े दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं कराए जा सके, जबकि गोदाम भी बंद मिला। जिला पूर्ति विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि गैस वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमों का सख्ती से पालन कराया जाएगा।

### सच्चा बाबा आश्रम में हरिहरात्मक महायज्ञ की तैयारी हुई तेज, होगी रामकथा



**प्रतापगढ़।** सई नदी के किनारे चिलबिला में सच्चा बाबा आश्रम पर हरिहरात्मक महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। आसन्न राम कथा के लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। आश्रम में रविवार को हुई तैयारी बैठक में आश्रम के महंत मनोज ब्रह्मचारी ने पूरे कार्यक्रम के रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 17 मई को यह आयोजन शोभा यात्रा से शुरू होगा। शाम चार बजे आश्रम से शोभायात्रा निकलेगी, जो नगर का भ्रमण करेगी। इसमें अरैल आश्रम के भी कई साधु-संत और श्रद्धालु समेत नगर के गणमान्य लोग शामिल होंगे। इसके बाद हर दिन सुबह आठ बजे से आहुतियां डाली जाएंगी और शाम पांच बजे से कथा व्यास संत शरण जी महाराज अयोध्या द्वारा भगवान श्रीराम की संगीतमय कथा कही जाएगी। 26 मई को गंगा दशहरा पर शाम छह बजे सच्चा बाबा घाट पर सई-गंगा की आरती होगी। भंडारा भी चलेगा। हरिहरात्मक महायज्ञ का आयोजन वैदिक विद्वानों के द्वारा होगा।आयोजन की तैयारी में श्याम बाबू खंडेलवाल, श्याम शंकर द्विवेदी, अनिल प्रताप त्रिपाठी, प्रमोद सिंह मुन्ना, राजमणि त्रिपाठी, गणेश शंकर श्रीवास्तव व अशोक शर्मा, दीपेंद्र मिश्रा एडवोकेट आदि लगे हैं।

# भाजपा के 'फूट डालो-राज करो' के शासन में ब्राह्मण व वंचित समाज त्रस्त - नसीमुद्दीन सिद्दीकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता माननीय नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने आज कानपुर महानगर के किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित साकेत नगर के इंपीरियल पार्टी लॉन में आयोजित 'सदभावना भाईचारा होली एवं ईद मिलन समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने की संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। किदवई नगर विधानसभा प्रभारी सुधांशु मिश्रा द्वारा आयोजित और स्वागत किए गए इस विशाल जनसभा में सिद्दीकी साहब ने अपने 42 वर्षों के राजनीतिक अनुभव का निचोड़ रखते हुए कहा कि अब हमें 2027 के लक्ष्य तक रुकना नहीं है, बस निरंतर चलते रहना है। उन्होंने मिशन-2027 और 2029 का रोडमैप सामने रखते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि यदि आप सभी अपने पूरे दिन के 24 घंटों में से केवल 2 घंटे 'PDA' समाज को समर्पित कर दें, तो 2027 में समाजवादी पार्टी की प्रचंड बहुमत की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता। जिस दिन आपने यह कार्य शुरू कर दिया, उस दिन विपक्ष में कोई आपके सामने टिक नहीं पाएगा।

नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने ब्राह्मण समाज को एक 'दिव्य समाज' बताते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि श्रीमदभागवत में जिन्हें देवता के समान पूजनीय बताया गया है, आज इस सरकार में उन ब्राह्मणों को किनारे कर उन पर अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा सरकार में शंकराचार्यों तक का अपमान किए जाने और उनकी चोटी पकड़कर घसीटे जाने जैसी घटनाओं पर गहरा रोष व्यक्त किया। कानपुर देहात में एक ब्राह्मण माँ-बेटी को प्रशासनिक अधिकारियों के सामने जिंदा जला दिए जाने की हृदयविदारक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने सरकार से सवाल पूछा कि 'क्या इसी को रामराज्य कहते हैं?' उन्होंने याद दिलाया कि जब तक ब्राह्मण, मुसलमान और दबे-कुचले लोग एकजुट थे, तब तक 1984 से 1992 तक पूरे देश में भाजपा के पास केवल दो सांसद हुआ करते थे, लेकिन आज यह पार्टी अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर चलकर समाज को बांट रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष सपा फज़ल महमूद, बंटी सेंगर, शैलेन्द्र यादव मिंटू, सुधांशु मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, वीर सेन यादव, रीता जितेंद्र बहादुर,मेराज अहमद, रियाज़, डॉ शाहिद सुल्तान, अब्दुल हफ़ीज़, फरमान, अरशद, प्रशांत बाजपेई, सुधीर त्रिवेदी, राजेंद्र नेता,फैज़ मेहमूद,दीपक खोटे, शादाब, मोनिश, लकी, फरहान आदि उपस्थित रहे।

### निकाह में खाने को लेकर बवाल, मारपीट के बाद दूल्हे ने दिया तलाक; समझौते के बाद हुई विदाई



**कानपुर।** कानपुर के बिल्हौर क्षेत्र में निकाह समारोह के दौरान खाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। कुर्सियां और बर्तन चलने लगे, जिसमें दुल्हन पक्ष के दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, ककवन रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में बारातियों को खाना परोसे जाने के दौरान लेग पीस और गोश्त को लेकर कहासुनी हुई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई। हंगामे के बीच गुस्साए दूल्हे ने मौके पर ही तलाक का ऐलान कर दिया। घटना के बाद देर रात तक तनाव बना रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली और माहौल शांत कराया। बाद में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई और मौलवी की मौजूदगी में स्थिति स्पष्ट की गई। बताया गया कि निकाह के बाद विदाई न होने के कारण तलाक मान्य नहीं माना गया। इसके बाद आपसी सहमति से विवाद सुलझा लिया गया और दुल्हन की विदाई कर दी गई। पुलिस के अनुसार, मामले में अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।

## कंबोडिया भेजकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा, 3 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर के बेकनगंज थाना पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया है जो कम पढ़े लिखे युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर कंबोडिया भेजते थे और उनको साइबर ठगी के गिरोह में शामिल करते थे। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि कल दिनांक 11.04.2026 को थाना बेकनगंज पर एक पीड़ित नावेद नाम के युवक द्वारा सूचना दी गई कि उसे नौकरी का झांसा देकर लगभग 3,00,000 की ठगी करते हुए थाईलैंड के रास्ते कंबोडिया भेजा गया, जहाँ उससे साइबर फ्रॉड कराने का प्रयास किया गया। उसने बताया कि कंबोडिया में सूनसान जगह पर एक होटल में उसे ले जाया गया जहां साईबर ठगी का पूरा सैटप लगा हुआ था और उसको ट्रेनिंग दी जाने लगी लेकिन वह किसी तरह से वहां से निकल कर इंडिया आ गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए स्वॉट टीम एवं थाना बेकनगंज पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा कम शिक्षित युवकों को झांसा देकर कंबोडिया भेजकर उनसे साइबर ठगी कराए जाने की बात स्वीकार की गई है। अब तक की जांच में 6 व्यक्तियों को कंबोडिया भेजे जाने की जानकारी प्राप्त हुई है, जिनमें से 3 भारत वापस आ चुके हैं तथा शेष के संबंध में जानकारी एकत्र कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण में अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में साक्ष्य संकलन एवं विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के चुनाव में विकास मिश्र अध्यक्ष व साकेत मिश्र महामंत्री निर्वाचित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की लालगंज तहसील इकाई की कार्यकारिणी का रविवार को निर्विरोध निर्वाचन हुआ। तहसील परिसर स्थित पत्रकार भवन में हुये चुनाव में वरिष्ठ पत्रकार विकास मिश्र अध्यक्ष तथा साकेत मिश्र महामंत्री निर्वाचित हुये। आशुतोष मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा लवलेश शुक्ल उपाध्यक्ष, राजीव तिवारी कोषाध्यक्ष, अनूप तिवारी आय व्यय निरीक्षक, मुकेश तिवारी मीडिया सचिव, संजीव त्रिपाठी संगठन मंत्री, सौरभ त्रिपाठी संयुक्त सचिव, संजयमणि शुक्ला व जगत वर्मा जिला प्रतिनिधि, आईपी मिश्र, प्रमोद सिंह व अशोकधर द्विवेदी मण्डलीय प्रतिनिधि, अनिल तिवारी महेश, गौरीशंकर त्रिपाठी व उमेश तिवारी प्रान्तीय प्रतिनिधि निर्वाचित हुये। चुनाव कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं देखरेख मण्डलीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने किया। चुनाव अधिकारी डा. आशीष सिंह व सुरेन्द्र तिवारी सागर ने चुनाव परिणामों की अधिकारिक घोषणा की। चुनाव परिणामों की घोषणा होने पर साथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने निर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों से पत्रकारिता के सामाजिक सरोकार को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

# जादू-टोना कर महिला से सोने के जेवर ठगे

### ● थैले में मिले कागज के टुकड़े

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां दो शातिर युवकों ने एक महिला को अपनी बातों में फंसाकर और जादू-टोने का डर दिखाकर उसके सोने के सारे आभूषण पार कर दिए। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तालबेहट की रहने वाली गुडडी पत्नी पंचम सिंह यादव बीते गुरुवार (09 अप्रैल) को बस द्वारा ललितपुर आई थीं। जैसे ही वह ललितपुर बस स्टैंड पर उतरीं, वहां करीब 12 और 19 वर्ष की उम्र के दो अज्ञात युवकों ने उन्हें बातों में उलझा लिया। महिला जब वहां से जिला अस्पताल की ओर जाने लगीं, तो दोनों युवक भी उनके पीछे-पीछे वहां तक पहुंच गए। पीड़िता का आरोप है कि अस्पताल के पास बैठने के दौरान युवकों ने उन पर कुछ जादू-टोना कर दिया, जिससे वह अपना होश खो बैठीं। इसी का फायदा उठाकर ठगों ने उनके शरीर से कीमती आभूषण उतरवा लिए, जिनमें सोने का मंगलसूत्र, बीजासेन, दो अंगूठी, कान के बाला व अन्य जेवर ले लिये। शातिर ठगों ने महिला के आभूषण लेने के बाद उनकी पॉलिथीन में काले कपड़े में लिपटा एक बंडल रख दिया और मौके से फरार हो गए। जब महिला को होश आया और उन्होंने संदेह होने पर बंडल खोलकर देखा, तो उसमें सोने के जेवरों की जगह सिर्फ सफेद कागज के टुकड़े भरे हुए थे। आस-पास काफी खोजबीन के बाद भी जब आरोपी नहीं मिले, तो पीड़िता ने शनिवार को कोतवाली पुलिस में तहरीर दी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4) के तहत मामला पंजीकृत किया है।

## जिनवाणी सुधार प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** अखिल भारतीय महिला मंडल सुर सुंदरी संभाग द्वारा आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिक पूर्व अध्यक्ष कोमल चंद्र सिंघई का भावपूर्ण सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाजजनों ने उनके दीर्घकालीन योगदान एवं सेवा भाव की सराहना करते हुए अभिनंदन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिनवाणी सुधार प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने जैन धर्म के सिद्धांतों एवं वाणी शुद्धि के प्रति अपनी जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को संभागीय अध्यक्ष रश्मि मलैया द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

इस दौरान महिला मंडल की पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल एवं प्रेरणादायक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन ने समाज में धर्म, संस्कृति एवं ज्ञान के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया।

### पुलिस द्वारा कुल 03 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पट्टी के उ0नि0 सरनाम सिंह मय हमराह तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान न्यायालय जनपद प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत धारा 376/323/511/506 भादवि थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त रामजियावन उर्फ नेता पुत्र श्री रामबली निषाद उर्फ खिवई उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम लवेदा थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।न्यायालय जनपद प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत एनबीडब्लू धारा 3(1)(आर)/3(1) (5)/3(2) (वीए) एस सी/एस टी एक्ट थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों में अलगू पुत्र स्व0 भुलई उम्र करीब 58 वर्ष निवासी ग्राम भुसहर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ व शीतला प्रसाद पुत्र स्व0 भुलई उम्र करीब 50 वर्ष निवासी ग्राम भुसहर थाना पट्टी प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# पुलिस द्वारा चार वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 अखिलेश सिंह मय हमराह तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान न्यायालय एफटीसी द्वितीय जनपद प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत एनबीडब्लू धारा 452/ 323/ 504/ 506/ 427 भावि थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित 02 वारंटी अभियुक्तों में रामकेवल यादव पुत्र रामराज यादव निवासी ग्राम बीबीपुर मुस्तक थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 58 वर्ष व नन्दलाल यादव पुत्र रामकेवल यादव निवासी ग्राम बीबीपुर मुस्तक थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।न्यायालय सिविल जज सी0डी एफटीसी द्वितीय महोदय जनपद प्रतापगढ़ द्वारा निर्गत एनबीडब्लू धारा 147/148/149/323/506/354(ख) भावि थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित अभियुक्त छोटेलाल पुत्र राजदेव निवासी ग्राम सैलखा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। ऐसे ही थाना लीलापुर पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम थाना लीलापुर के उ0नि0 शिशिर पटेल मय हमराह द्वारा वांछित वारण्टी अभियुक्त मुखबिर की सूचना पर धारा 323/504/506/352 भादवि थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित वारंटी अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी महेशपुर थाना लीलापुर जनपद प्रतापगढ़ थाना लीलापुर जनपद प्रतापढ़ उम्र 42 वर्ष को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# नौबस्ता में चला आरटीसी स्कीम के क्रियान्वयन के लिए विशेष निरीक्षण अभियान, दुकानदारों को चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** दिनांक 12.04.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में एडीसीपी यातायात श्री कपिल देव सिंह द्वारा सुगम यातायात योजना 'Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के प्रभावी क्रियान्वयन के क्रम में नौबस्ता चौराहा पर विशेष निरीक्षण किया गया । नौबस्ता चौराहा पर यातायात को सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु रस्सी द्वारा स्पष्ट चिन्हांकन किया गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही निर्धारित लेन में सुनिश्चित हो सके । नौबस्ता चौराहा पर दुकानों का भी रस्सी द्वारा चिन्हांकन कर दुकानदारों से संवाद स्थापित किया गया । दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने अतिक्रमण न करने, सड़क पर अनावश्यक सामान न रखने तथा ग्राहकों के वाहनों को व्यवस्थित रूप से पार्क कराने हेतु जागरूक किया गया ।

दुकानदारों से अपील की गई कि वे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें, जिससे चौराहा पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो । नौबस्ता चौराहा पर रूट मार्शल की तैनाती की गयी है । चौराहा पर चिन्हित चोक पॉइंट्स (Choke Points) की पहचान कर उनके कारकों को दूर किया जाएगा जिससे यात्रियों के ट्रैवल टाइम को घटाया जा सके । निरीक्षण के दौरान अनाधिकृत रूप से खड़े लगभग 60 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई । इसके अतिरिक्त बिना निर्धारित कलर कोड के संचालित हो रहे 123 ऑटो एवं ई-रिक्शा के विरुद्ध भी प्रभावी कार्रवाई करते हुए चालान किए गए साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 अन्य वाहनों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई । इस प्रकार कुल 205 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की गई । इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य चौराहा पर अनावश्यक जाम की स्थिति को समाप्त करना, यातायात प्रवाह को निर्बाध बनाए रखना तथा यात्रियों के समय की बचत करना है । महोदय ने संबंधित अधिकारियों एवं यातायात कर्मियों को निर्देशित किया कि चिन्हित रूट व्यवस्था हर समय स्पष्ट एवं अवरोध मुक्त बनी रहे । मौके पर टीआई दक्षिण जोन श्री समीर जावेद खां,थाना प्रभारी नौबस्ता व थाना प्रभारी हनुमंतबिहार मौजूद रहें।

## आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीओ की फटकार पर दलित युवक के साथ गाली गलौज मारपीट व तोड़फोड़ एवं धमकी को लेकर तीन नामजद आरोपियों समेत आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ पुलिस ने एससीएसटी का केस दर्ज किया गया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के करीमनपुर निवासी अजय कनौजिया पुत्र जगदीश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती दस अप्रैल को रात करीब दस बजे वह बाइक से सांगीपुर बाजार से घर वापस आ रहा था। अठेहा में अचानक उसकी बाइक पंचर हो गयी। दुकान की पूछताछ को लेकर कुछ लोग वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। तहरीर के मुताबिक पड़ोसी गांव सेमरा के शहबाज पुत्र अमीर हसन, रियाजुल सुत अमीर हसन व आयूब पुत्र फारूख एवं तीन चार अन्य अज्ञात आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने पीड़ित को जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित की बाइक तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीड़ित ने घटना को लेकर तहरीर दी पर जांच के नाम पर कार्यवाही नहीं हुयी। इसके बाद उसने लालगंज सीओ आशुतोष मिश्रा से मिलकर फरियाद की। सीओ की फटकार पर उदयपुर पुलिस ने आरोपी शहबाज समेत आधा दर्जन से अधिक के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### दो दिवसीय दौरे पर आज आयेंगी विधायक मोना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज सोमवार से अपने निर्वाचन क्षेत्र रामपुर खास के दो दिवसीय दौरे पर आयेंगी। सोमवार को वह दिन में एक बजे सराय संग्राम सिंह में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी में शामिल होंगी। इसके बाद वह सवा दो बजे पिपरी प्रतापपुर चेरगढ़ में डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह में शामिल होंगी। विधायक मोना रात्रि विश्राम संग्रामगढ़ करेंगी। अगले दिन मंगलवार को वह दिन में साढ़े बारह बजे लालगंज में लोगों से मुलाकात करेंगी। इसके बाद वह दिन में एक बजे से लालगंज के अम्बेडकर पार्क में डा. भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस पर आयोजित समारोह में शामिल होंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## विश्वविद्यालय में आयोजित होगा 13 अप्रैल एक दिवसीय कार्यशाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर/** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर द्वारा 13 अप्रैल 2026 को 'विकसित भारत के संदर्भ में शिक्षा, उद्यानिकी एवं सुशासन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप शिक्षा के विस्तार, उद्यानिकी के माध्यम से कृषक सशक्तिकरण तथा सुशासन की अवधारणा को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रातः 11:00 बजे कुलपति प्रो. कविता शाह की अध्यक्षता में होगा। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. नौशाद (कम्युनिटी मेडिसिन, एम.पी. त्रिपाठी चिकित्सा महाविद्यालय) उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन के पश्चात चार तकनीकी सत्र एवं समापन सत्र आयोजित होंगे, जिनमें प्रो. नीता यादव, प्रो. सौरभ, कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. रविकांत सहित अन्य प्राध्यापक अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

कुलपति प्रो. कविता शाह ने आयोजित होने वाली कार्यशाला की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के 'विश्वविद्यालय चला गांव की ओर' अभियान के अंतर्गत गांवों को विश्वविद्यालय से जोड़ने का सतत प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यशाला के माध्यम से ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम स्तर के नेतृत्व को जोड़ते हुए विश्वविद्यालय एवं ग्रामीण समाज के बीच संवाद और समन्वय को सुदृढ़ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का प्रमुख उद्देश्य युवाओं, कृषकों एवं अभिभावकों को शिक्षा, उद्यानिकी, कौशल एवं सुशासन के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे विकास की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागी बन सकें। विश्वविद्यालय अपने सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ऐसे कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन कर रहा है और यह कार्यशाला उसी क्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उक्त जानकारी विश्वविद्यालय के सूचना जनसंपर्क अधिकारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने दी।

# पत्रकार के खिलाफ रची जा रही बड़ी साजिश

### ● हनीट्रैप और हरिजन एक्ट में फंसाने के षडय़ंत्र का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले के प्रतिष्ठित समाचार पत्र दैनिक सिद्धि सरकार के प्रधान संपादक डा.अखिलेश चौबे ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि शहर के कुछ रसूखदार और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने और शारीरिक नुकसान पहुंचाने की गंभीर साजिश रच रहे हैं। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में डा. अखिलेश चौबे ने बताया कि 07 मार्च 2026 को कचहरी परिसर में कुछ संदिग्ध लोग एकत्रित हुए थे। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, वहां कुछ अज्ञात पुरुष व दो महिलाएं उनकी सामाजिक छवि धूमिल करने की योजना बना रहे थे। आरोप है कि ये लोग डा. अखिलेश चौबे को छेडख़ानी (हनीट्रैप) या हरिजन एक्ट के झूठे मामले में फंसाने की फिराक में हैं। बातचीत के दौरान यह भी कहा गया कि यदि मौका मिला तो संपादक के हाथ-पैर तोड़ देंगे या जान से मारकर फेंक देंगे। इस पूरी प्री-प्लानिंग की जानकारी मिलने के बाद से पीड़ित पत्रकार और उनका परिवार गहरे खौफ में है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि डा. अखिलेश चौबे शिवसेना (शिंदे) गुट की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भी हैं। उनकी बढ़ती सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता से ईर्ष्या रखने वाले कुछ तत्व उन्हें आर्थिक और शारीरिक क्षति पहुँचाना चाहते हैं। पूर्व में भी उन पर जानलेवा हमला हो चुका है। उन्होंने कुछ लोगों पर साजिश में शामिल होने का संदेह जताया गया है। आरोप है कि व्हाट्सएप पर भी उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। डा.अखिलेश चौबे ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल और मानवाधिकार आयोग सहित उच्चाधिकारियों को पत्र की प्रतिलिपि भेजकर मांग की है कि इस संगठित गिरोह के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनके साथ कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी नामित किए गए विपक्षियों की होगी।

**इनका कहना है**

मुझे लगातार टारगेट किया जा रहा है। कभी फर्जी प्रार्थना पत्र देकर तो कभी सीधे हमले की साजिश रचकर मेरी आवाज दबाने की कोशिश हो रही है। प्रशासन को इस प्री-प्लानिंग को रोककर दोषियों को जेल भेजना चाहिए।

# संक्षिप्त खबरें

## डॉक्टर दास नही रहे कोयलांचल क्षेत्र में शोक की लहर, छागई

भारी जनसमूह अंतिम यात्रा में हुए सम्मलित



**बुढ़ार-** कोयलाचंल क्षेत्र बुढ़ार के चर्चित नामी गिनामी दात के डॉक्टर दास जी मृदुभाषी सरल स्वाभाव के धनी रहे, एक वर्ष से गम्भीर बीमारी से पीड़ित थे, जिनका इलाज हैदराबाद बाम्बे भोपाल में चला, जो दिनांक 11.04.2026 को भोपाल कैंसर अस्पताल में अंतिम सांस ली, आज 12.04.2026 को गृह नगर बुढ़ार में शांतिवन में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में डॉ. दास के परिजनों के साथ ब्लाक कालोनी व बुढ़ार धनपुरी, अमलई शहडोल से सैकड़ों लोगों ने सम्मलित होकर शोक संवेदना दी। जिसमें सुनील दास, बी.पी.तिवारी, कमलेष श्रीवास्तव, अषोक तिवारी, संभू पांडे, संजू चांदवानी, प्रकाष चांदवानी, सच्चू चांदवानी, रवि डोडवानी, एस.के. भट्टा चार्य आभा शुक्ला, पुष्पा तिवारी, अरूणा श्रीवास्वत, मनोज सिंह, अनिल शुक्ला, सूरज सिंह, डॉ. एन.के. अग्रवाल डॉ. जे.एम. गर्ग, डॉ. शेखर, डॉ. मिश्रा, रवि गुप्ता, डॉ. अंजली सरकार, कमलेष गुप्ता, राजू सेठिया, राजकुमार गुप्ता, अरविन्द तिवारी, पवन नियरसेस, अवधेष नामदेव, मनोज चतुर्वेदी, सहित सैकड़ों नम आंखो से श्रंद्धाजली दी एवं मृतक आत्मा की शांति लिए प्रार्थना कर इस कष्ट में दुखी परिवार को सहन शक्ति भगवान दें।

## पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर का निधन, राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर



**बलिया** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री और घोसी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद हरिनारायण राजभर का रविवार दोपहर निधन हो गया। उन्होंने लखनऊ के मैक्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। बताया जा रहा है कि दिल का दौरा पड़ने से उनका आकस्मिक निधन हुआ। उनके निधन की खबर से प्रदेश की राजनीति में शोक की लहर दौड़ गई। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया। रामगोविन्द चौधरी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हरिनारायण राजभर जमीन से जुड़े और स्पष्टवादी नेता थे, जिनके साथ काम करने का उन्हें अवसर मिला। वहीं, सनातन पाण्डेय ने कहा कि राजभर आम जनमानस की आवाज थे और उन्होंने हमेशा गरीबों व कमजोर वर्गों के लिए काम किया। समाजवादी पार्टी के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता सुशील कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्वर्गीय राजभर कुछ समय तक पार्टी में भी सक्रिय भूमिका निभा चुके थे। गौरतलब है कि हरिनारायण राजभर ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर घोसी सीट से जीत हासिल की थी। इसके अलावा वे पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की सरकार में कारागार मंत्री भी रह चुके थे। बलिया जनपद के बेल्थरारोड विधानसभा क्षेत्र के टमुनिया गांव निवासी हरिनारायण राजभर के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## 149 मरीजों की जांच कर दी गई दवाएं



**सिद्धार्थनगर/**न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिस्कोहर में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में बढ़ते हुए तापमान और बदलते मौसम के कारण स्वस्थ्य मेले में भारी भीड़ रही। सुबह 10बजे से शिविर में दोपहर तीन बजे तक कुल 93 मरीजों का पंजीकरण कर उनकी जांच की गई और निःशुल्क दवाएं दी गई। मेले में आयुष संविदा चिकित्सक डा. एस. सी. शर्मा ने मरीजों का उचित चिकित्सीय परामर्श दिया। खान पान में सादा खाना खाने को सलाह दी।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहड़ोरा कठौतिया रामनाथ में जन आरोग्य मेले में मरीजों की कुल संख्या 56 जिसमें बच्चे, नौजवान, बूढ़े, महिला मरीज शामिल रही, बच्चों में ज्यादातर उलटी दस्त के मरीज रहे। डाक्टर राहुल कुमार ने चेक कर दवा दी। इस मौके पर फार्मासिस्ट त्रिशुल चतुर्वेदी, धीरज राय, राजू, मनोज आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# हिजबुल्लाह के बहाने पूरे गांव तबाह? इजराइल की कार्रवाई पर मानव अधिकार संगठनों ने उठाए गंभीर सवाल

● इजरायल द्वारा दक्षिण लेबनान में अपनाई जा रही 'डोमिसाइड' की रणनीति ने एक नई मानवीय और कानूनी बहस छेड़ दी है, जहां नागरिक घरों का विनाश सैन्य आवश्यकता से कहीं अधिक बताया जा रहा है।

इस कार्रवाई का उद्देश्य हिज्बुल्लाह को निशाना बनाने के साथ-साथ एक बफर जोन स्थापित करना है, जिसके दूरगामी सामाजिक और आर्थिक परिणाम होंगे।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

दक्षिण लेबनान से आ रही तस्वीरें एक बार फिर युद्ध की भयावहता को सामने ला रही हैं, जहां पूरे के पूरे गांव मलबे में तब्दील होते नजर आ रहे हैं। ताजा घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है और मानवाधिकार संगठनों ने इसे गंभीर मुद्दा बताया है। मौजूद जानकारी के अनुसार, इजरायली सेना ने लेबनान के सीमावर्ती इलाकों में कई गांवों को विस्फोटक लगाकर उड़ा दिया है। सामने आए वीडियो और स्थानीय रिपोर्टों में तैयबेह, नकौरा और देइर सेरयान जैसे गांवों में बड़े पैमाने पर धमाकों के जरिए घरों को पूरी तरह नष्ट करते देखा गया। हालांकि कुछ दावों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।

बता दें कि यह कार्रवाई ऐसे समय पर हुई है जब इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने सीमा के पास मौजूद गांवों में सभी घरों को खत्म करने की बात कही थी। गौरतलब है कि इससे पहले गाजा पट्टी के रफाह और बीत हनून जैसे इलाकों में भी इसी तरह की रणनीति अपनाई गई थी, जहां बड़ी संख्या में घर तबाह हुए थे। विशेषज्ञों और मानवाधिकार समूहों का कहना है कि इस तरह की रणनीति को 'डोमिसाइड' कहा जाता है, जिसमें जानबूझकर नागरिक इलाकों को इस तरह नष्ट किया जाता है कि वे रहने लायक न रहें। उनका मानना है कि यह अंतरराष्ट्रीय कानूनों के दायरे में गंभीर सवाल खड़े करता है।

इजरायल की ओर से कहा गया है कि इन कार्रवाइयों का मकसद हिज्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाना है, जिनके बारे में दावा किया जाता है कि वे आम नागरिकों के घरों और ढांचों के बीच छिपे हुए हैं। हालांकि आलोचकों का कहना है कि पूरे गांवों को नष्ट करना किसी भी सैन्य जरूरत से कहीं ज्यादा है। गौरतलब है कि इजरायल दक्षिण लेबनान में एक सुरक्षा क्षेत्र बनाने की योजना पर भी काम कर रहा है, जो लितानी नदी तक फैला हो सकता है। इस योजना के तहत विस्थापित लोगों को तब तक अपने घरों में लौटने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक उत्तरी इजरायल की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो जाती।

वहीं स्थानीय लोगों के लिए यह सिर्फ इमारतों का नुकसान नहीं, बल्कि पूरी जिंदगी के खत्म हो जाने जैसा है। तैयबेह के एक दुकानदार ने बताया कि उनका कारोबार, यादें और पूरा जीवन एक ही पल में खत्म हो गया। कई लोगों ने खुद को अब बेघर और शरणार्थी जैसा महसूस करने की बात कही है। जानकार मानते हैं कि इस तरह की घटनाएं सिर्फ मौजूदा संघर्ष तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि लंबे समय तक सामाजिक और आर्थिक असर छोड़ती हैं। दक्षिण लेबनान के कई परिवार पहले से ही दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में बिखरे हुए हैं और अब उनके लिए अपने घर लौटने की उम्मीद और भी कमजोर हो गई है।

## पश्चिम एशिया में शांति के लिए पुतिन की नई चाल, ईरान के सामने रखी मध्यस्थता की पेशकश

● रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिम एशिया में राजनीतिक-कूटनीतिक समाधान के लिए मध्यस्थता का प्रस्ताव रखा है। यह पहल रूस की वैश्विक भूमिका को दर्शाती है, भले ही वह खुद यूक्रेन संघर्ष में उलझा हुआ हो।



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एक नया कूटनीतिक पहलू सामने आया है, जहां रूस ने शांति बहाली में भूमिका निभाने की पेशकश की है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बातचीत के दौरान मध्यस्थता की इच्छा जताई है। मौजूद जानकारी के अनुसार, क्रेमलिन की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि पुतिन ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान खोजने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि रूस इस दिशा में हर संभव सहयोग देने और स्थायी शांति स्थापित करने के प्रयासों में मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। बता दें कि यह पेशकश ऐसे समय पर आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुई सीधी बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत से उम्मीद थी कि युद्धविराम को स्थायी रूप दिया जा सकेगा, लेकिन मतभेद बरकरार रहने से स्थिति फिर अनिश्चित हो गई है।

अमेरिका की ओर से कहा गया कि बातचीत इसलिए विफल रही क्योंकि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम को लेकर अपनी स्थिति में बदलाव नहीं किया। वहीं ईरान ने इसके उलट अमेरिका पर ही बातचीत बिगाड़ने का आरोप लगाया है, हालांकि उसने विस्तार से कारण नहीं बताए हैं। गौरतलब है कि रूस पहले भी इस तरह की मध्यस्थता की पेशकश कर चुका है। साल 2025 में भी जब क्षेत्र में संघर्ष तेज था, तब पुतिन ने कहा था कि ईरान के परमाणु मुद्दे का समाधान युद्ध के बजाय बातचीत के जरिए होना चाहिए।

हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के बीच यह भी ध्यान देने वाली बात है कि रूस खुद यूक्रेन के साथ लंबे समय से संघर्ष में उलझा हुआ है और वहां भी शांति प्रक्रिया में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इसके बावजूद रूस का यह कदम वैश्विक कूटनीति में उसकी सक्रिय भूमिका को दिखाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर रूस की मध्यस्थता स्वीकार की जाती है तो यह क्षेत्र में तनाव कम करने की दिशा में एक अहम पहल हो सकती है, लेकिन इसके लिए सभी पक्षों की सहमति जरूरी होगी।

## गाँव चलो अभियान के तहत भाजपाइयों ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां



**सिद्धार्थनगर/**भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान के अंतर्गत रविवार को नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र अंतर्गत बभनी एवं अन्य बूथों पर भाजपा नेता नामित सभासद नितेश पाण्डेय ने संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ घर - घर जनसंपर्क कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखते हुए पत्रक वितरित किया इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में जनता से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनके लाभों से अवगत कराया। और बताया कि सरकार का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मुन्नी देवी, शक्ति केंद्र संयोजक रणजीत चौधरी बूथ अध्यक्ष/सभासद वीरू कन्नौजिया सहित राधेश्याम संतोष कुमार, सूरज चौधरी, शिवपूजन, अजय कुमार अरुण कुमार आदि रहे।

## प्रीत विहार में क्लब के बाहर फिर फायरिंग, स्कूटी सवार युवकों ने चलाई गोलियां; लोगों में दहशत




**पूर्वी दिल्ली।** प्रीत विहार इलाके में क्लबों के बाहर फायरिंग की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक सप्ताह पहले शोशा क्लब के बाहर हुई फायरिंग की घटना में शामिल बदमाशों को पुलिस अभी तक पकड़ नहीं सकी है, वहीं अब बिग बैंग क्लब के बाहर स्कूटी सवार दो युवकों ने शनिवार देर रात फायरिंग कर दी। घटना के बाद इलाके के लोग दहशत में हैं और उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। स्थानीय निवासी विवेक कुमार ने बताया कि देर रात करीब दो बजे वह घर पर थे तभी गोली चलने की आवाज आई। दो युवक स्कूटी पर सवार होकर क्लब के बाहर पहुंचे थे। उन्होंने फायरिंग की और फरार हो गए। गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी। फायरिंग के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर पुलिस को जानकारी दी गई, हालांकि पुलिस ने ऐसी किसी घटना की जानकारी से इनकार किया है।

**लोग बोले, स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से अवैध रूप से चल रहे क्लब**

एक सप्ताह पहले भी प्रीत विहार स्थित शोशा क्लब के बाहर फायरिंग हुई थी, जिसमें एक युवक को गोली लगी थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में कई क्लब नियमों को ताक पर रखकर और बिना लाइसेंस के देर रात तक संचालित हो रहे हैं। बिग बैंग क्लब भी देर रात तक खुला रहता है।

# जयकांत मिश्रा सदस्य पद के लिए हाई कोर्ट में फार्म भरते समय की शक्ति प्रदर्शन







सैकड़ो वाहन हजारों अधिवक्ताओं ने जुलूस में हुए शामिल जीत दिलाने का किया वादा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बुढार** अधिवक्ता संघ बुढ़ार के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा मध्यप्रदेष राज अधिवक्ता परिषद के वर्ष 2026 12 मई को हो रहे चुनाव को लेकर प्रदेष भर में सरगर्मियां तेज हो चुकी है, जबलपुर हाई कोर्ट परिसर में विषेष हलचल देखने को मिली जब जाने माने अधिवक्ता बुढ़ार संघ के अध्यक्ष जयकांत मिश्रा ने सदस्य पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया, नामांकन दाखिल के दोरान उनके साथ इतिहासिक समर्थक बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे इस तरह का शक्ति प्रदर्षन जबलपुर हाई कोर्ट में देखने को नही मिला था।

**सुबह से ही जबलपुर हाई कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं का लगा जमावाड़ा जयकांत मिश्रा की जीत तय**

सदस्य का फार्म भरते समय जयकांत मिश्रा अपने समर्थको के साथ संगठित एवं तरीके से भारी जन समूह से पहुचे उनके साथ लाव लष्कर कई वरिष्ठ एवं युवा अधिवक्ता भी मौजूद रहे चार पहिया वाहनों के साथ हाई कोर्ट पहुंचे जिससे परिसर के आसपास चुनावी महौल स्पष्ट रूप से देखने को मिलने लगा कि जयकांत मिश्रा की जीत लगभग तय। भारी अधिवक्ता जन समूह में शहडोल अनूपपुर उमरिया, डिंडौरी, मण्डला शहपुरा, सतना रीवा, उचेहरा मैहर कटनी व अन्य कई जिलों अधिवक्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समर्थकों का कहना था, जयकांत मिश्रा लम्बे समय से अधिवक्ताओं के हितो के लिए सक्रिय रहते और उनके साथ उनकी समस्याओं का समझने का प्रयास करते है, इसलिए वे इस चुनाव एक बहुत के रूप में सामने आ चुके हैं।

**जयकांत मिश्रा ने 12 मई को मतदान के लिए सभी अधिवक्ताओं से समर्थन की की अपील**


अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि अगामी 12 मई 2026 को होने वाले मतदान में बढ़चढ़कर हिस्सा ले और अपने प्रथम वरीयता मत से समर्थन देने का आग्रह किया, उन्होने कहा कि यदि उन्हे जीत का अवसर मिलता है तो वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरे निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेगे, जयकांत मिश्रा ने यह भी कहा कि अधिवक्ता समाज की एकजुटका ही उनकी समसे बड़ी ताकत है, और इसी ताकत के बल पर परिषद में सकरात्मक बदलाव लाया जा सकता है। सभी से सहयोग और आर्षीवाद की कामना जताई जबलपुर हाई कोर्ट में आज हुए इस नामांकन ने चुनावी महौल की पूरी तरह इतना गरमा दिया कि आने दिनों में चुनावी गतिविधियों में हर अधिवक्ताओं की आवाज जयकांत मिश्रा को जीताने एवं मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया है, जो म.प्र. हाई कोर्ट राज अधिवक्ता परिषद का चुनाव जयकांत मिश्रा को जीतना तय है।

## प्रेमिका के लिए वीरू बना आशिक... टावर पर चढ़ा

● बोला- वह प्रेमिका से शादी करेगा तभी नीचे उतरूंगा- घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम कठमोरवा में सिरफिरा आशिक टावर पर चढ़ गया और अपनी प्रेमिका का नाम लेकर उसे बुलाने लगा। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर खेसरहा थाना की पुलिस भी पहुंच गई। खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम कठमोरवा में रविवार की सुबह हड़कंप मच गया, जब एक युवक प्रेम प्रपंच में मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक की पहचान आकाश पुत्र रामवृक्ष जमुवार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वह सुबह करीब 9.00से 5. 40 बजे के बीच टावर पर चढ़ा और ऊपर से आवाज देकर अपनी प्रेमिका को बुलाने और उसे शादी करने की मांग कर रहा था। खेसरहा थाना क्षेत्र के कठमोरवा में सुबह एक युवक टॉवर पर चढ़ गया। वह टॉवर की सबसे टॉप वाले प्वाइंट पर पहुंच कर अपनी प्रेमिका को बुलाने और उससे शादी करने की जिद करने लगा।



**सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची**

प्रभारी निरीक्षक अनुप कुमार मिश्रा पुलिस टीम के साथ पहुंचे, और युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास में जुटे। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर एकत्र हो गए। काफी समझाने-बुझाने के बाद भी युवक नीचे उतरने को तैयार नहीं हुआ है। वह लगातार अपनी प्रेमिका को बुला रहा था। प्रशासन लगातार बातचीत कर स्थिति पर काबू पाया और युवक को टावर से नीचे उतरवाया। पुलिस ने युवक को सुरक्षित हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में नौकरी पाने का सुनहरा मौका, विभाग ने इन पदों पर निकाली भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने रिसर्च असिस्टेंट सहित कुल तीन पदों पर भर्ती निकाली है। डीयू ने जिन तीन पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक अधिसूचना जारी कर एप्लीकेशन मांगे हैं, उनमें रिसर्च असिस्टेंट के तीन और फील्ड इनविजिलेटर का एक पद शामिल हैं। वहीं, जारी पदों के लिए आनलाइन मोड में आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है और अप्लाई करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल निर्धारित की गई है। ऐसे में जो योग्य और इच्छुक उम्मीदवार एप्लीकेशन फार्म भरने की सोच रहे हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर तय समय सीमा के भीतर अपना रजिस्ट्रेशन फार्म जमा कर सकते हैं। एप्लीकेशन फार्म भरने वाले अभ्यर्थियों के पास किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से अनुसंधान क्षेत्र से संबंधित विषय में या किसी भी सामाजिक विज्ञान विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ पीएचडी/एमफिल/पोस्ट-ग्रेजुएशन की डिग्री होनी चाहिए। इसी के साथ कैंडिडेट्स के पास अन्य निर्धारित पात्रता, कौशल और तय सालों का अनुभव होना भी अनिवार्य है।

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के सहारे जमीन हड़पने के कई मामले गोला तहसील में बने चर्चा का विषय

● शाहजहांपुर- खीरी कनेक्शन अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

संवाददाताः नित्यानंद बाजपेई

**लखीमपुर खीरी** गोला तहसील क्षेत्र में जमीन हड़पने के चौंकाने वाले कई मामले सामने आए हैं। यह मामले क्षेत्र में चर्चा का विषय तो बने ही है साथ ही साथ, राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों सहित ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की भूमिका पर सबाल खड़े करने को काफी है। गोला तहसील में फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र और फर्जी परिवार रजिस्टर की नकल के जरिए लोगों की जमीन हड़पने के मामलों की आयी बाढ़ ने सूबे के मुखिया के भ्रस्टाचार मुक्त दावों और वादों की पोल खोलकर रख दी है। फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर वरासत दर्ज कराने का पहला मामला परगना कुकुरा तहसील गोला के ग्राम हर दुआ का बताया जाता है वैसे आज हम जिन मामलों को आपके सामने उजागर कर रहे हैं वह सभी परगना कुकुरा के ग्राम हर दुआ और खंजनपुर के गंभीर मामले बताये जाते हैं।आरोप लगाया गया है किय हस भी खेल पंचायत सचिव प्रधान और राजस्व विभाग के अधिकारियों की मिली भगत का परिणाम है। जिसमें पहला मामला हरिराम पुत्र निवासी ग्राम हर दुआ हाल पता ग्राम घुसनाखोर जिला बस्ती का है पूरा मामला दो जिलों–बस्ती और लखीमपुर खीरी–से जुड़ा बताया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हर दुआ निवासी महिला पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल मौर्या पर आरोप है कि उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हरीराम के नाम से संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया और परिवाररजिस्टरकेसाथ छेड़छाड़ कर फर्जी परिवार रजिस्टर की नकल भीतैयार करा ली। इसके बाद इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर संबंधित भूमि गाटा संख्या की वारासत अपने पक्ष में दर्ज करा ली गई।

सूत्रों की मानें तो पहले हरीराम को मृतक दिखाकर मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कराया गया और फिर परिवार रजिस्टर में हेर-फेर कर परिवार रजिस्टर की नकल जारी कराकर मौर्या बिरादरी की पिंकी देवी अनुसूचित जाति के हरीराम की पुत्री बनकर फर्जी वरासत अपने नाम करवा ली।इस खेल में तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा का अहम रोल बताया जाता है। वहीं तहसील दार की भी भूमिका सवालों के घेरे में हैं दूसरा मामला तहसील गोला के ग्राम खंजनपुर परगना कुकुरा का है जहां पहले रामू मुकेश ने अपने पिता की मृत्यु प्रमाणपत्र पर पिता और चाचा की जमीन हड़प ली उसके बाद राजस्व विभाग के जिम्मेदारों की मिलीभगत से मुकेश पुत्र रोशन बनकर राम रतन पुत्र रोशन की जमीन फर्जी तरीके से हड़पने का प्रयास कर रहे हैं।यहां पर भी प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी का खेल सामने आया है।प्रधान और पंचायत सचिव ने विपक्षी गणों से भारी भरकम नजराना लेकर सारे साक्ष्यों को दरकिनार करके मुकेश पुत्र घूरई को मुकेश पुत्र रोशन बना दिया गया। तीसरा सबसे अहम और गंभीर है जहां मृतक शिलाबती पत्नी बालक राम को जिंदा दिखा कर उनकी जमीन की वरासत बालक राम की दूसरी पत्नी जुगरता को फर्जी दस्तावेज के आधार पर शीलावती बना दिया गया।जबकि शीलावती की मृत्यु काफी पहले हुयी थी उसके बाद जुगरता का बालक राम के साथ हुआ था धरौना । यहां पर भी प्रधान पंचायत सचिव और राजस्व विभाग के चर्चित चेहरे लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और कानूनगो साहिब ने वगैर किसी जांच पड़ताल के जायज वारिस मृतक सोनू की पुत्री को किनारे कर धनबल की दम पर




तथाकथित /छदमवेश शीलावती के नाम नियम कानून को ताक पर रखकर वरासत भरकर भ्रष्टाचार की बानगी पेश कर दी। हद तो तब हो गई जब मामला न्यायालय नायब तहसील दार के यहां पहुंचा ।यहां पर भी पैसा पहाड़ चढ़ाता है कि कहावत चरितार्थ होती दिखाई दी। सूत्र बताते हैं कि शीलावती और बालक राम से एक लड़के का जन्म हुआ था इसके जन्म के समय ही शीलावती की मृत्यु हो गयी थी उक्त बच्चे का पालन-पोषण उसकी नानी ने किया था। शीलावती भी अपने पिता की इकलौती संतान थी। शीलावती के पति की मृत्यु के बाद उनके नाम जमीन शीलावती की माँ और सोनू की नानी के नाम आ गई थी। सोनू अपनी नानी के पास ही रहता था और उसकी शादी भी उसकी नानी ने ही की थी।सोनू और उसकी पत्नी लक्ष्मी के संसर्ग से एक पुत्री है जो अपने पिता की सम्पत्ति की इकलौती वारिस हैं बीमारी के चलते सोनू की मृत्यु हो जाती है और उसके बाद सोनू की नानी की मृत्यु हो जाती हैं।और फिर शुरू होता है फर्जीवाड़ा और भ्रस्टाचार का गंदा खेल।जमीन जायदाद हड़पने का सुनियोजित प्लान का आगाज लेखपाल, कानूनगो और ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव इस खेल के नायक बनते है और काफी समय पहले मृतक हो चुकी शीलावती को काग़ज़ों पर जिंदा दिखा कर लेखपाल भूपेंद्र और कानूनगो की मिलीभगत से तथाकथित छदमवेश धारी जगराता को शीलावती बनाकर उक्त जमीन की इकलौती वारिस सोनू की नाबालिग लड़की को उसके हक और अधिकार से वंचित करते हुए फर्जी शीलावती बनी जगराता के वरासत आदेश पारित कर दिया गया। इन फर्जी प्रमाण पत्रों का इस्तेमाल करते हुए राजस्व अभिलेखों में कथित रूप से हेरफेर कर जमीन पर अधिकार स्थापित कर लिया गया।उक्त मामले में नायाब तहसील दार ने स्थलीय निरीक्षण किए बिना ही महा भ्रष्ट लेखपाल की रिपोर्ट पर आदेश पारित कर दिए जाने के आरोप लगाए जा रहे है।नियमानुसार नाना नानी की जमीन पर उसके नाती या फिर नाती के वारिस का अधिकार होता है ना कि सौतेली माँ का अधिकार होता है। लकिन साहिब तहसील गोला में घटित होने वाले अजब ग़ज़ब खेल भ्रस्टाचार की पोल खोल रहे हैं।गोला उत्तर प्रदेश की एक ऐसी तहसील है जहां पर भूत जमीन का बयनामा करते देखे जा सकते है।जिसका जीता जागता उदाहरण है कि ग्राम हर दुआ निवासी राम दुलारे पुत्र श्रीराम हाल पता जिला बस्ती की मृत्यु वर्ष 2006 में हो जाती है लकिन वह गोला तहसील में अपनी जमीन की बिक्री करने स्वर्ग से 2023 में पूनःभूत बनकर तहसील गोला आता है और अपनी जमीन की रजिस्ट्री लालजी प्रसाद पुत्र दीन दयाल के नाम कर जाता है इतना ही नहीं मृतक राम दुलारे प्रतिफल भी प्राप्त कर लेता है।

मामले में ग्राम स्तर के अधिकारियों और राजस्व कर्मचारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में बताई जा रही है, जिससे पूरे प्रकरण की गंभीरता और बढ़ गई है। फिलहाल, मामलो की चर्चा क्षेत्र में जोरों पर है।

# सिपाही से समीक्षा अधिकारी बने यदुनंदन सिंह , प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महमूदाबाद-सीतापुर** तहसील के विकास खंड पहला अंतर्गत ग्राम पंचायत नया गांव निवासी यदुनंदन सिंह यादव ने समीक्षा अधिकारी (RO) के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से पूरे इलाके में हर्ष और गर्व का माहौल है। बताया जाता है कि यदुनंदन सिंह वर्ष 2016 में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी (सिपाही) के पद पर भर्ती हुए थे और वर्तमान में अयोध्या पुलिस लाइन में तैनात हैं। नौकरी की जिम्मेदारियों के साथ-साथ कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह सफलता हासिल की, जो युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

शैक्षिक पृष्ठभूमि की बात करें तो उन्होंने इंटरमीडिएट की शिक्षा महमूदाबाद स्थित सेठ रामगुलाम पटेल मेमोरियल इंटर कॉलेज से प्राप्त की। इसके बाद जवाहर लाल नेहरू पॉलिटेक्निक, महमूदाबाद से सिविल ट्रेड में डिप्लोमा किया। उनके पिता स्वर्गीय रामेंद्र सिंह सिंचाई विभाग में नलकूप चालक के पद पर कार्यरत थे, जिनका वर्ष 2019 में निधन हो गया। उनकी माता महेशा देवी गृहिणी हैं। परिवार में बहन अंबेश्वरी, भाई दुर्गेश कुमार एनसीसी ऑफिसर, युगराज सिंह (लेखपाल की तैयारी में) तथा ललित कुमार सिंचाई विभाग, सिधौली में क्लर्क हैं।

समीक्षा अधिकारी बनने के बाद 12 अप्रैल 2026 को जब यदुनंदन सिंह अपने पैतृक गांव नया गांव पहुंचे, तो क्षेत्रवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। भंडिया चौराहा, कुंवर गड्डी चौराहा और नया गांव चौराहा सहित कई स्थानों पर लोगों ने फूल-



मालाओं और मिठाइयों के साथ उनका अभिनंदन किया। बेहमा स्थित सहयोग छात्र शिक्षा समिति कार्यालय में संस्था प्रमुख धर्मेंद्र कुमार पासवान द्वारा उन्हें मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, रामपुर भुजंग रोड स्थित यादव मेडिकल स्टोर पर समाजसेवी रंजीत यादव ने उनका अनोखे अंदाज में स्वागत करते हुए लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया, जो पूरे कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा।

इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे और यदुनंदन सिंह को शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में ब्लॉक प्रमुख पहला रावेंद्र यादव उर्फ अजय यादव, प्रतिनिधि उपेंद्र यादव, शिवेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी एवं समाजसेवी रंजीत यादव,अनुज यादव प्रधान सदरावां, विनोद यादव, श्रवण वर्मा, ए के विश्वकर्मा, मनोज पासवान, धर्मेंद्र सिंह पासवान, मंजीत यादव, बबलू गुप्ता, पंकज सोनी, रितेश सोनी, आशीष कुमार, अरुण कुमार, सत्येंद्र सिंह, रंजीत यादव सहित अनेक लोग शामिल रहे। यदुनंदन सिंह यादव की यह सफलता यह साबित करती है कि कठिन परिस्थितियों में भी यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण और मेहनत हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा बनकर उभरी है।